आषाढ़ कृष्ण पक्ष नवमी 09:49 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 20 जून 2025
वर्ष 35, अंक 144, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत और क्रोएशिया रक्षा सहयोग के लिए हुए राजी 14

सामाजिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति में अहम 12

# कानपुर नगर के सीएमओ निलंबित

- डीएम से चल रहा था विवाद किरकिरी से बचने के लिए राज्य सरकार ने उठाया सख्त कदम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



डॉ.हरिदत्त नेमी।

### डीएम पर लगाए गंभीर आरोप

निलंबन के बाद सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने अपने आवास पर प्रेसवार्ता की और जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश यादव के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। कहा कि वह अपने निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर अपना पक्ष रखेंगे।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी और सीएमओ के बीच विवाद का गुरुवार को पटाक्षेप हो गया। दोनों के विवाद में सियासी द्वंद्व शुरू होने के बाद शासन ने सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी को दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और उनकी जगह पर श्रावस्ती के एसीएमओ डॉ.उदयनाथ को कानपुर नगर का नया मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। डॉ. नेमी को कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया है।

डीएम और सीएमओ के बीच विवाद में सतापक्ष के 'माननीय' भी खुलकर सामने आए। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और दो विधायकों ने जहां सीएमओ के पक्ष में पेशबंदी की, वहीं दो विधायक डीएम के साथ खड़े नजर आए। दो अधिकारियों के विवाद में सियासी पैंतरेबाजी शुरू होने से सरकार की भी किरकिरी शुरू हो गई, जिसके चलते सरकार को कड़ा फैसला लेना पड़ा।

उत्तर प्रदेश चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी की ओर से गुरुवार को जारी निलंबन आदेश में सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी की अनियमितताओं का भी जिक्र किया गया है।

# निजी बिजली कंपनियों से हिस्सेदारी वापस लेगी सरकार

## राज्य सरकार ने नियामक आयोग से मांगी सलाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



### सलाह देने पर बनेगा अवमानना का मामला

उपभोक्ता परिषद का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों वाली पीठ जिसमें मुख्य न्यायाधीश शामिल थे, ने केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड बनाम झाबुआ पावर लिमिटेड में निर्णय दिया था कि राज्य सरकार व केंद्र सरकार के निर्देश को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत राज्य विद्युत नियामक आयोग मानने के लिए बाध्य नहीं है। अगर नियामक आयोग निजीकरण के मसौदे पर धारा 108 पर कोई भी निर्णय लेता है या कोर्ट के निर्णय के विपरीत सलाह देता है तो यह सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का उल्लंघन होगा। ऐसे में नियामक आयोग अवमानना का दोषी होगा।

**अमृत विचार :** राज्य सरकार पांच साल बाद प्रस्तावित निजी बिजली कंपनियों से अपनी हिस्सेदारी वापस लेगी। इस आशय के साथ सरकार ने राज्य विद्युत नियामक आयोग से ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर राय मांगी गई है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से इसका विरोध करते हुए कहा गया कि आयोग में विधिक वाद दायर किया गया है। इसमें कहा गया है कि आयोग से सलाह लेना सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन है।

प्रदेश में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने निजीकरण के लिए जो खाका तैयार किया है, उसमें निजी कंपनियों की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत व राज्य सरकार की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत है। 'ट्रिपल पी' मॉडल के तहत गठित होने वाली निजी कंपनियों में मुख्य सचिव को अध्यक्ष व निदेशक के पदों पर निजी घरानों के प्रतिनिधि शामिल किए जाने का प्रावधान है। सूत्रों के अनुसार निजीकरण प्रक्रिया के तहत ऊर्जा विभाग ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत निजीकरण के लिए नियामक आयोग से सलाह मांगी है। आयोग की ओर से इस पर आगे की कार्रवाई जल्द होने की संभावना है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि देश का कोई भी नियामक आयोग इस असंवैधानिक प्रस्ताव को हरी झंडी नहीं दे सकता और न ही कोई भी इस मसौदे के आधार पर निजीकरण कर सकता है। उन्होंने कहा कि वितरण हानियां, बिजली दरें, पावर पर्चेज एग्रीमेंट, इक्विटी को लॉन्ग टर्म लोन में 'कन्वर्ट' करने, शेयर ट्रांसफर, बिजली आपूर्ति में सुधार की योजना आरडीएसएस के खर्चे पर लोन आदि पर सरकार ने भविष्य में नियामक आयोग को निर्देश जारी करने पर भी सलाह मांगी गई।

### पहला टेस्ट मैच

**भारत बनाम इंग्लैंड**

स्थान : हेडिंग्ले स्टेडियम, इंग्लैंड
समय : दोपहर 3:30 से।
प्रसारण : सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क

# स्टांप विभाग में हुए तबादलों की होगी जांच

## मुख्यमंत्री सख्त : 88 उपनिबंधकों ,114 कनिष्ठ सहायकों समेत 202 तबादले निरस्त

- बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य पशुपालन समेत अन्य विभागों में भी खींचतान आई सामने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में तबादलों को लेकर मची राजनीतिक और प्रशासनिक खींचतान के बीच ट्रांसफर के नाम पर हुए घोटाले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में लाया गया है। आरोप हैं कि तबादलों के लिए करोड़ों रुपये की रिश्वत ली गई है।

मामला स्टांप व रजिस्ट्रेशन विभाग में 59 कार्यरत तथा 29 नव-प्रोन्नत उप-निबंधकों और 114 कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण में अनियमितता का है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी स्थानांतरण तुरंत स्थगित करने और प्रकरण की जांच के आदेश दे दिए हैं। किसी भी स्तर का कर्मचारी या अधिकारी हो जांच में दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन ने स्पष्ट किया है कि अब कोई भी स्थानांतरण आदेश अग्रिम निर्देश तक प्रभावी नहीं होगा। दरअसल, राज्य के तमाम सरकारी विभागों में तबादलों का सिलसिला चल रहा है। इसी कड़ी में स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग के महानिरीक्षक निबंधन ने 13 और 14 जून को तीन अलग-अलग आदेशों के तहत 58 उप निबंधकों, 29 नव-प्रोन्नत उप निबंधकों और 114 कनिष्ठ सहायक कर्मचारियों का ट्रांसफर किया गया था। इन तबादलों में भारी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थीं, जिसके चलते यह मामला सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंच गया था।

दरअसल, ट्रांसफर सीजन में बीते दिनों कई विभागों के मंत्रियों और प्रमुखों के बीच खींचतान सामने आ रही थी। इससे पहले बेसिक शिक्षा पशुपालन और स्वास्थ्य विभाग में तबादला प्रक्रिया को लेकर विवाद सामने आ चुका है। इस बीच मुख्यमंत्री स्तर से उठाया गया ताजा कदम इस बात का संकेत है कि जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सरकार किसी भी प्रकार की अनियमितता, भाई-भतीजावाद या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री स्तर से तबादला आदेशों पर रोक और जांच के आदेश के बाद स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में हड़कंप मचा है। कुछ अधिकारी राहत महसूस कर रहे हैं तो कई अधिकारियों की चिताएं बढ़ गईं हैं। ट्रांसफर के नाम पर रिश्वत लेने इस बात से खौफजदा हैं कि कहीं अब उन पर न कार्रवाई हो जाए।

### उपनिबंधक बना दिए गए इंटरमीडिएट पास

**लखनऊ।** स्टांप तथा पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि हाल ही में विभाग में उप-निबंधकों तथा कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण तथा नियुक्ति की तबादला सूची में भारी अनियमितताएं पाई गई हैं। कुछ ऐसे कर्मचारियों को सब-रजिस्टार बना दिया गया जो सिर्फ 12वीं पास हैं, जबकि इस पद पर नियुक्ति के लिए अनुभव, योग्यता और स्पष्ट मापदंड तय हैं। रविंद्र जायसवाल के मुताबिक, हैरानी की बात यह रही कि जिन अधिकारियों पर भ्रष्टाचार की शिकायतें लंबित हैं, उन्हें भी प्रमोट कर बड़े जिलों में भेज दिया गया। कहा कि प्रारंभिक जांच में तबादला प्रकरण में भ्रष्टाचार की बू आ रही है, इसलिए मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए सूची को स्थगित करने के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

### मनचाहे ट्रांसफर करने वाले जांच के दायरे में

राज्य सरकार के सूत्रों अनुसार, उपनिबंधक का तबादला राज्य स्तर पर मंडलायुक्त (कमिश्नर) की संस्तुति से होता है। ऐसे में अगर इस स्तर पर नियमों की अनदेखी हुई है, तो यह न केवल विभागीय लापरवाही बल्कि भ्रष्टाचार का मामला भी बनता है। सूत्रों के अनुसार, विभाग में गुपचुप तरीके से एक जगह से दूसरी जगह पोस्टिंग के लिए मोटी रकम मांगी जा रही थी। जिन अधिकारियों के हस्ताक्षर और सहमति से संदिग्ध तबादले हुए, उनकी अब भूमिका गहन जांच के दायरे में है।

### आईएएस समीर और भवानी सिंह खंगारौत को पद से हटाया

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने गुरुवार रात दो आईएएस अधिकारियों को प्रतीक्षारत करते हुए दो अन्य को अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया। महानिरीक्षक निबंधन के पद पर तैनात आईएएस अधिकारी समीर वर्मा को प्रतीक्षारत कर दिया गया है। यह जिम्मेदारी अब स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन व परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव अमित गुप्ता अतिरिक्त प्रभार के रूप में संभालेंगे। चिकित्सा विभाग में निदेशक प्रशासन भवानी सिंह खंगारौत को भी प्रतीक्षारत कर दिया गया है। इस पद की जिम्मेदारी अब अतिरिक्त प्रभार के रूप में विशेष सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण आर्यका अखौरी को दी गई है। बीते दिनों चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के मंत्री ब्रजेश पाठक ने मुख्यमंत्री से खंगारौत की कार्यशैली को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। अब प्रमुख सरकारी विभागों में तभी तबादले हो सकेंगे जब मुख्यमंत्री सहमति देंगे। तमाम विभागों की ही तरह स्वास्थ्य महकमे में भी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की तबादला सूची पर गतिरोध रहा।

# भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने का श्रेय लेने से पीछे हटे ट्रंप

न्यूयॉर्क/इस्लामाबाद, एजेंसी



- कहा-दो समझदार नेताओं ने लिया था सैन्य संघर्ष रोकने का निर्णय

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के दो बहुत समझदार नेताओं ने एक ऐसे युद्ध को रोकने का निर्णय लिया जो परमाणु युद्ध में बदल सकता था। पिछले कुछ हफ्तों में यह पहली बार है जब ट्रंप ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रोकने का श्रेय खुद नहीं लिया है।

ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की दोपहर के भोजन पर मेजबानी करने के बाद ओवल कार्यालय में मीडिया से बातचीत में ये टिप्पणियां कीं। ट्रंप द्वारा बुधवार को की गई यह टिप्पणी उनके उन दावों से अलग है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कई बार भारत-पाकिस्तान युद्धविराम समझौते में मध्यस्थता करने का दावा किया था। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ईरान-इजराइल संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर पाकिस्तानी सेना के प्रमुख के साथ चर्चा की। ऐसी अटकलें हैं कि वाशिंगटन तेहरान पर हमला करने की स्थिति में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी जमकर प्रशंसा की तथा मंगलवार रात को उनके साथ फोन पर हुई बातचीत का भी जिक्र किया।

### छात्रों के लिए वीजा प्रक्रिया फिर होगी शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि वह छात्र वीजा के लिए आवेदन करने वाले विदेशी विद्यार्थियों के लिए निलंबित प्रक्रिया को फिर से शुरू कर रहा है, लेकिन अब सभी आवेदकों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'अनलॉक' रखने होंगे। वाणिज्य दूतावासों के अधिकारी संदिग्ध पोस्ट और संदेशों पर नजर रखेंगे।

### एक नजर

#### ईडी के समक्ष पेश हुए अभिनेता डिनो मोरिया

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता डिनो मोरिया मीठी नदी से गाद निकालने से जुड़े 65 करोड़ रुपये के कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन जांच के सिलसिले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। एक अधिकारी ने बताया कि संघीय एजेंसी द्वारा तलब किए जाने के बाद मोरिया सुबह करीब 10.30 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि अभिनेता का बयान दर्ज किया जाएगा क्योंकि कुछ वित्तीय लेनदेन कथित तौर पर उनके और कुछ आरोपियों से जुड़े पाए गए हैं।

#### सोनिया गांधी को गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिली

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट से जुड़ी समस्या के उपचार के बाद गुरुवार को सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल ने बताया कि बीते 15 जून को 78 वर्षीय सोनिया गांधी को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, सोनिया गांधी की हालत अब स्थिर है।

## यूपीएससी ने की प्रतिभा सेतु पहल की शुरुआत

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने एक रणनीतिक पहल शुरू की है, जो केंद्र सरकार और निजी क्षेत्र सहित सत्यापित नियोक्ताओं को देश की सबसे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की शीर्ष प्रतिभाओं से जुड़ने का अवसर मुहैया करेगी। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यूपीएससी की 'प्रतिभा सेतु', जिसे पहले सार्वजनिक प्रकटीकरण योजना (पीडीएस) के नाम से जाना जाता था, उन गैर-अनुशंसा वाले इच्छुक अभ्यर्थियों के विवरण उपलब्ध कराती है, जो आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के सभी चरण में उत्तीर्ण हो गए, लेकिन अंतिम मेधा सूची में जगह नहीं बना पाए।

यूपीएससी ने एक आधिकारिक नोट में कहा कि यह नियोक्ताओं को गैर-अनुशंसित इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जो अनुशंसित अभ्यर्थियों के समान ही मेधावी होते हैं। साथ ही, यह यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक और अवसर होगा।

# न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

- नकदी विवाद : जांच समिति की रिपोर्ट में कदाचार साबित

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से जले नोटों की कथित बरामदगी की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का उस स्टोर रूम पर गुप्त या सक्रिय नियंत्रण था, जहां से बड़ी मात्रा में अधजली नकदी मिली थी।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे न्यायमूर्ति वर्मा के कदाचार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें (न्यायाधीश को) हटाया जाना चाहिए। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय समिति ने 10 दिनों तक मामले की पड़ताल की, 55 गवाहों से पूछताछ की और न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे लगी आग के परिप्रेक्ष्य में घटनास्थल का दौरा भी किया। न्यायमूर्ति वर्मा उस समय दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे और उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया था। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पूर्व सीजेआई ने महाभियोग चलाने की सिफारिश की है।

## इजराइल से भारतीयों को निकालने का फैसला

**नई दिल्ली।** भारत ने अपने उन नागरिकों को इजराइल से निकालने का फैसला किया है जो ईरान के साथ जारी संघर्ष के कारण इजराइल में उत्पन्न सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर वहां से निकलना चाहते हैं। इजराइल के बीरशेबा इलाके में एक अस्पताल पर ईरानी मिसाइल के हमले के कुछ घंटों बाद भारत ने अपने नागरिकों को निकालने का फैसला किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इजराइल और ईरान के बीच हाल में हुए घटनाक्रम के मद्देनजर, भारत सरकार ने उन भारतीय नागरिकों को इजराइल से निकालने का फैसला किया है जो वहां से वापस आना चाहते हैं।

मंत्रालय ने कहा कि वापस आने के इच्छुक भारतीयों को पहले इजराइल की भूमि सीमा के माध्यम से और उसके बाद हवाई मार्ग से भारत लाया जाएगा। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए 'ऑपरेशन सिंधु' शुरू करने की घोषणा की, क्योंकि इजराइल-ईरान के बीच संघर्ष कम होने का कोई संकेत नहीं दिखा।

(संबंधित पेज-14)

# बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा घोटाले में कई राज्यों में ईडी ने की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोलकाता में एक प्रिंटिंग प्रेस पर भी मारे गए छापे

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में 2023 में कांस्टेबलों की भर्ती में कथित घोटाले की धनशोधन जांच के सिलसिले में गुरुवार को कई राज्यों में छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बिहार के पटना और नालंदा, रांची (झारखंड), लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में एक दर्जन स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। ये ठिकाने एजेंट, प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गिरोह के सदस्यों और उनके सहयोगियों से जुड़े हैं। कोलकाता में एक प्रेस पर भी छापा मारा गया जहां प्रश्नपत्रों की छपाई हुई थी। सूत्रों ने बताया कि इस घोटाले को अंजाम देने वाले लोग वही हैं जो 2024 में नीट यूजी के प्रश्नपत्र लीक घोटाले के आरोपी हैं।

बिहार पुलिस कांस्टेबल 2023 भर्ती का उद्देश्य बिहार पुलिस की विभिन्न इकाइयों में 21,391 रिक्तियों को भरना था। यह परीक्षा 1 अक्टूबर, 2023 को बिहार के 37 जिलों में 529 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 18 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। परीक्षा के पेपर लीक होने के आरोपों के बाद, इसे उसी वर्ष 3 अक्टूबर को राज्य केंद्रीय कांस्टेबल चयन बोर्ड (सीएसबीसी) द्वारा रद्द कर दिया गया था। धन शोधन का मामला बिहार पुलिस की कुछ प्राथमिकियों से उपजा है। ईडी को इस मामले में धनशोधन का संदेह है क्योंकि एजेंटों के एक गिरोह ने प्रश्नपत्र लीक करके और इसे उम्मीदवारों को बेचकर 'अपराध से आय' (अवैध धन) अर्जित की और उम्मीदवारों द्वारा दिए गए धन का इस्तेमाल निजी संपत्ति बनाने के लिए किया। बिहार के कुछ पुलिस अधिकारी भी ईडी की जांच के दायरे में हैं।

# बड़ागांव तिहरे हत्याकांड में 12 दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- प्रधानी चुनाव की रंजिश में हुई थी तीन की हत्या, चार लोग हुए थे घायल, नौ साल बाद आया फैसला

**अमृत विचार:** महोली क्षेत्र के बड़ागांव में 26 जून 2015 को प्रधानी चुनाव की रंजिश में हुए तिहरे हत्याकांड में अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए 12 आरोपियों को दोषी ठहराया। विशेष न्यायाधीश संजय त्रिपाठी की अदालत ने सभी दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही हर दोषी पर 60-60 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

मामले में नौ साल तक चली लंबी सुनवाई के बाद यह फैसला आया है। घटना महोली कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव चौराहे की है, जहां 2015 में प्रधानी चुनाव की तैयारियां जोरों पर थीं। इसी दौरान मौजूदा प्रधान हरिवंश सिंह और उनके प्रतिद्वंद्वी जितेंद्र मिश्रा के बीच वर्चस्व को लेकर तनातनी चल रही थी। विवाद उस समय खूनी संघर्ष में बदल गया जब दोनों पक्षों के बीच आमने-सामने फायरिंग हो गई। गोलीबारी में प्रधान पद के दावेदार जितेंद्र मिश्रा (33), उनके परिजन लालजी मिश्रा (48) और सुंदरलाल (40) की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। चौंकाने वाली बात यह रही कि यह घटना बड़ागांव पुलिस चौकी के सामने हुई थी। अदालत ने जिन 12 लोगों को दोषी ठहराया, उनमें हरिवंश सिंह, उसके पुत्र रवि सिंह, जीतू सिंह, अमर बहादुर सिंह, बृजेश सिंह, कुंवर बहादुर सिंह, राजेश मिश्रा समेत अन्य हैं। सभी को हत्या, हत्या की साजिश, बलवा और शस्त्र अधिनियम के तहत दोषी माना गया है।

# अब बिना ओटीपी नहीं मिलेगा टेक होम राशन

## सरकार सख्त, पात्रों तक ही पहुंचेगा राशन, जुलाई तक पूरी तरह लागू होगी ओटीपी व फेस रिकग्निशन सिस्टम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



### अगस्त से नए लाभार्थियों के लिए एफआरएस अनिवार्य

टेक होम राशन के लिए राज्य के फंड केवल एफआरएस पंजीकृत लाभार्थियों को ही जारी किए जाएंगे। साथ ही, 1 अगस्त 2025 से नए लाभार्थियों के लिए एफआरएस अनिवार्य होगा। योगी सरकार के इस कदम को कुपोषण के खिलाफ एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। एफआरएस का पायलट चरण अगस्त 2024 में कानपुर नगर के बिधनू और सरसौल प्रोजेक्ट्स में शुरू हुआ। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के तहत इसे 14 नवंबर 2024 तक पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया। 13 जून 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, 1.18 करोड़ पात्र लाभार्थियों के ई-केवाईसी का कार्य पूरा करना है। कानपुर नगर जैसे जिले 45.34 प्रतिशत प्रगति के साथ अग्रणी हैं।

**अमृत विचार :** कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में धांधली रोकने को लेकर भी योगी सरकार सख्त हो गई है। 1 जुलाई तक शत-प्रतिशत 1.18 करोड़ लाभार्थियों को ओटीपी व फेस रिकग्निशन प्रणाली के जरिए ही मुफ्त राशन मिल सकेगा।

टेक होम राशन (टीएचआर) की सही डिलीवरी गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों व 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों को सुनिश्चित की जाएगी। पोषण ट्रैकर में एफआरएस दो-स्तरीय प्रमाणीकरण प्रणाली है, जिसमें चेहरे की पहचान और ओटीपी का उपयोग होता है। लाभार्थी की फोटो को आधार से जुड़े ई-केवाईसी के साथ मिलाया जाता है और उनके रजिस्टर्ड मोबाइल पर भेजकर ओटीपी आंगनबाड़ी केंद्र पर सत्यापित किया जाता है। यूपी में 2024 से शुरू हुई इस योजना में एफआरएस प्रणाली को 1 जुलाई 2025 तक प्रदेश में शत-प्रतिशत लागू करने का मुख्यमंत्री की ओर से निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को शत-प्रतिशत एफआरएस के लिए ब्लॉक और पंचायत स्तर पर कैंप आयोजित करने, रोजाना प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारियों को रोजाना इसकी समीक्षा करने को कहा गया है। योगी ने जोर देकर कहा है कि एफआरएस को तेजी से लागू करना कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के विजन का हिस्सा है।

# भाई के बेटे को अगवा कर मांगी पांच लाख की फिरौती

## कर्ज चुकाने के लिए घटना को दिया अंजाम, बालक बरामद

संवाददाता, प्रतापगढ़/कुंडा

**अमृत विचार :** ममेरे भाई के 10 वर्षीय बेटे का अपहरण करने के आरोपी को पुलिस ने घटना के छह घंटे के अंदर गिरफ्तार का बालक को सकुशल बरामद कर लिया। आरोपी के पास से पल्सर बाइक, घटना में प्रयुक्त मोबाइल आइफोन भी बरामद किया गया। आरोपी ने कर्ज चुकता करने के लिए अपने दोस्त से मिलकर बच्चे को अगवा करने की योजना बनाई थी, लेकिन पुलिस की सक्रियता से वह घटना के छह घंटे के भीतर ही दबोच लिया गया।

पुलिस लाइन स्थित सई कांप्लेक्स में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए एएसपी पश्चिमी संजय राय ने बताया कि जुगई का पुरवा कड़रौ नवाबगंज निवासी सुरेश पटेल के 10 वर्षीय बेटे सूरज पटेल का बुधवार रात आठ बजे अपहरण कर लिया गया। रात 11:11 बजे सुरेश के मोबाइल पर फोन करके पांच लाख की फिरौती मांगी गई। कहा गया कि सुबह तक पैसे की व्यवस्था कर दो नहीं तो बेटे की हत्या कर दी जाएगी। इसकी सूचना सुरेश ने नवाबगंज पुलिस को दी। एसपी डा. अनिल कुमार के निर्देशन में गठित टीमों ने बालक को छह घंटे के भीतर चैनी का पुरवा नहर की पटरी से बरामद कर अपहरण करने के आरोपी 22 वर्षीय शिवम पटेल निवासी जुगई का पुरवा कड़रौ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपना जुर्म कुबूल करते हुए बताया कि उसकी परियावां में कास्मेटिक की दुकान है। इसकी लागत करीब 13 लाख आई थी। इसमें से छह लाख रुपये स्वयं सहायता समूह से ऋण पर लिए थे, जिसे वह समय से चुका नहीं सका। कर्ज के चलते उसने अपने मित्र रितिक यादव निवासी लरू कुंडा, वर्तमान में मुंबई में रहने वाले के साथ संपर्क कर फिरौती की योजना बनाई थी। उसने बताया कि अपहृत सूरज उसके ममेरे भाई का पुत्र है। उसने आइफोन मोबाइल से कांफ्रेंस के जरिए रितिक से फिरौती की मांग कराई। इसके बाद वह सूरज को लेकर मुंबई जाने के लिए परियावां रेलवे स्टेशन जा रहा था तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

एएसपी ने बताया कि आरोपी को पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक गुलाब सिंह, स्वॉट टीम के प्रभारी सुनील कुमार यादव, उपनिरीक्षक दिनेश सिंह आदि ने इस मिशन को अंजाम दिया।

# जमीनी विवाद में मारपीट, कई लोग घायल

**प्रयागराज, अमृत विचार :** प्रयागराज के शिवकुटी थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर अधिवक्ताओं के दो पक्षों के बीच विवाद बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गयी। तीन दर्जन से ज्यादा लोगों ने सड़क पर जमकर लाठी, डण्डा और पत्थर से जमकर मारपीट किया, इसमें की लोगों को चोट आई। इस दौरान एक अधिवक्ता का सिर फूट गया जिसके बाद मौके पर पहुंची शिवकुटी थाने की पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने लेकर आई। खबर लिखे जाने तक दोनों पक्षों की ओर से वाद विवाद जारी था एवं दोनों ही पक्ष अपनी अपनी ओर से मुकदमा दर्ज करने के लिए एप्लीकेशन लिख रहे थे। मामला शिवकुटी थाना क्षेत्र का है, जो कि काफी पुराना है जिसमें एक पक्ष की महिला अधिवक्ता लगातार अपने पुश्तैनी जमीन पर दावा प्रस्तुत कर रही थी। द्वितीय पक्ष उनके दावें को ग़लत बताते हुए कहा रहा था कि उन्होंने यह जमीन खरीदी है। दोनों ही पक्ष इस विषय में कई बार थाने में पंचायत करा चुके थे। मामला आज तब बढ़ गया जब दूसरे पक्ष ने छत की लिंटर का कार्य करावा रहा था कि तभी महिला पक्ष के साथी अधिवक्ता महिला के बुलाने पर मौके में पहुंच गए और उन्होंने इसका विरोध किया जिस पर दूसरे पक्ष के द्वारा महिला पक्ष के अधिवक्ता ऑने के खिलाफ पहले वाद विवाद और फिर हातापाई पर उतार आए।

### छात्रवृत्ति पाने के लिए अभिभावक का ही आय प्रमाण पत्र होगा मान्य

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति दशमोत्तर/पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अध्ययनरत प्रदेश के मूल निवासी छात्र/छात्राओं हेतु शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से लाभान्वित होने हेतु शासन द्वारा आवेदन करने हेतु नियमावली में दी गयी व्यवस्था के अनुसार छात्रवृत्ति आवेदन में लगने वाला आय प्रमाण पत्र छात्र/छात्रा के पिता का एवं पिता के न होने की स्थिति में माता का तथा माता/पिता दोनो के जीवित न होने की दशा में संरक्षक का मान्य होगा। छात्रा के विवाहित होने की स्थिति में पिता के स्थान पर उसके पति का आय प्रमाण पत्र मान्य होगा। छात्र/छात्रा के नाम से निर्गत आय प्रमाण पत्र द्वारा आवेदन करने पर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति देय नहीं होगी।

# सपा जिलाध्यक्ष की पत्नी की 1.10 करोड़ की जमीन कुर्क

## संग्रामगढ़ पुलिस और राजस्व टीम की मौजूदगी में की गई कार्रवाई से हड़कंप

कुंडा, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले को लेकर सपा के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन कुंडा गुलशन यादव की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। गुरुवार को कुंडा थाना क्षेत्र से जुड़े संगीन आपराधिक मामलों में लिप्त गुलशन यादव की पत्नी सीमा यादव के नाम लखनऊ स्थित न्यू साउथ सिटी, शारदा नगर में स्थित 1 करोड़ 10 लाख रुपए मूल्य की जमीन को कुर्क किया गया। जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी के आदेश पर कार्रवाई की गई। आदेश में गुलशन यादव की कुल 7 करोड़ 15 लाख रुपए की संपत्ति कुर्क करना शामिल है। इससे पहले भी कुंडा स्थित गुलशन यादव का करोड़ों का मकान कुर्क किया जा चुका है। गुरुवार को संग्रामगढ़ थाना प्रभारी और राजस्व विभाग की टीम लखनऊ पहुंची और शारदा नगर स्थित प्लॉट नंबर ई 187 (107.35 वर्ग मीटर) को कुर्क करने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 (मामला संख्या 05/2025, थाना कुण्डा) के तहत की गई है। लखनऊ स्थित संपत्ति को जब्त कर आधिकारिक रूप से कब्जे में कर लिया गया है।



सपा जिलाध्यक्ष की पत्नी की जमीन पर कुर्की की कार्रवाई करती पुलिस। अमृत विचार

### गुलशन यादव का आपराधिक इतिहास

गुलशन यादव के खिलाफ अपहरण, हत्या के प्रयास, रंगदारी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत कुल 53 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के खिलाफ विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं।

# सीएम ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दीं शुभकामनाएं

**मंत्री नंदी के नेतृत्व में अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने सीएम से की मुलाकात**

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** 40 वर्ष बाद सम्पन्न हुए अग्रवाल समाज प्रयागराज के संगठनात्मक चुनाव में विजयी हुए पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के नेतृत्व में सपरिवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज लखनऊ में मुलाकात की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान में अग्रवाल समाज के महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा करते हुए सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।



सीएम के साथ नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

इसके पूर्व बुधवार की रात मंत्री नन्दी ने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास छह कालीदास मार्ग पर अग्रवाल समाज प्रयागराज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए अभिनन्दन समारोह एवं रात्रिभोज का आयोजन किया जिसमें अग्रवाल समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारी सपरिवार शामिल हुए। मंत्री नन्दी ने प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ सभी पदाधिकारियों एवं परिवार के सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। सभी को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कैबिनेट मंत्री मंत्री नन्दी ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एवं दानवीर भामाशाह के पदचिन्हों पर चलते हुए वैश्य समाज ने सदैव परोपकार, सेवा, सामाजिक एकजुटता का कार्य किया है। इन्हीं लक्ष्यों के लिए समर्पित एवं संकल्पित अग्रवाल समाज प्रयागराज की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ है जिसके लिए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मंत्री नन्दी ने कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति का सशक्तिकरण, उन्नयन, प्रगति, आत्मनिर्भरता का विस्तार करना हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। चुनाव में विजय केवल विजय नहीं बल्कि बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। समाज के एक-एक व्यक्ति का कार्य करना सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर अग्रवाल समाज प्रयागराज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पीयूष रंजन अग्रवाल, महामंत्री अभिषेक मित्तल, कोषाध्यक्ष मनीष गोयल, सह कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष हरीश चंद्र अग्रवाल, राकेश गुप्ता, मंत्री अजीत कुमार बंसल, अनुज अग्रवाल, सहमंत्री अजय कुमार अग्रवाल, अनूप अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी थे।

# अतीक के बेटे अली अहमद की बैरक से रुपये और सामान बरामद

**प्रयागराज, अमृत विचार:** नैनी केन्द्रीय कारागार में डीआईजी जेल राजेश श्रीवास्तव ने मंगलवार को रूटीन चेकिंग की थी। चेकिंग के दौरान माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद के बैरक की भी तलाशी ली गई थी। चेकिंग के दौरान अली की बैरक में 11,00 रुपए कैश और कुछ सामान बरामद हुआ था। डीआईजी जेल ने नैनी जेल के डिप्टी जेलर कांति देवी और एक हेड वार्डन संजय द्विवेदी को निलंबित कर दिया है। डीआईजी जेल की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। नैनी सेंट्रल जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक (एसएसपी) रंग बहादुर ने बताया कि अतीक अहमद के बेटे अली से मिलने आए मुलाकाती ने उसे 11,00 कूपन खरीदने के लिए दिए थे। जेल में कूपन से ही समान कैदियों को मिलता है। उन्होंने बताया कि अली ने कूपन नहीं खरीदा था बल्कि रुपए अपने पास रख लिया था। बैरक की तलाशी में यही 11,00 रुपए बरामद हुए हैं। इस मामले में डीआईजी जेल ने डिप्टी जेलर और ड्यूटी पर तैनात हेड वार्डर की प्रथमदृष्टया लापरवाही पाते हुए उन्हें निलंबित कर विभागीय जांच बैठा दी है। डीआईजी जेल ने इस मामले में डिप्टी जेलर समेत अन्य एक कर्मचारियों की मिली भगत के भी जांच के आदेश दे दिए हैं। गौरतलब है कि माफिया अतीक अहमद का दूसरे नंबर का बेटा अली अहमद नैनी सेंट्रल जेल के हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद है। अपने रिश्तेदार जीशान उर्फ जानू से पांच करोड़ की रंगदारी मांगने के आरोप में करेली थाने में दर्ज मुकदमे में जिला कोर्ट में सरेंडर करने के बाद उसे अदालत ने नैनी सेंट्रल जेल भेज दिया था। उमेश पाल और दो सरकारी गनर शूटआउट केस में भी जेल से ही साजिश रचने का अली को आरोपी बनाया गया है। अली अहमद माफिया अतीक अहमद की मौत के बाद उसके गैंग आईएस- 227 का सरगना भी है।



अली अहमद।

# यूपी को बिजली सप्लाई करेगा अडानी समूह

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार :** देश की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी थर्मल पावर कंपनी अडानी पावर को उत्तर प्रदेश को बिजली देने का बड़ा जिम्मा मिला है। अदानी पावर राज्य में 1500 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करेगा। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, अडानी पावर को यह बिजली एक नए पावर प्लांट से मिलेगी, जिसे उत्तर प्रदेश में ही बनाया जाएगा। यह नया बिजलीघर बहुत आधुनिक होगा और इसे अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट कहा जाता है।

इस पावर प्लांट की कुल क्षमता 2×800 मेगावाट यानी करीब 1600 मेगावाट होगी, जिससे 1500 मेगावाट बिजली की सप्लाई होगी। इस परियोजना में लगभग 16,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। दरअसल, कैबिनेट से इस महीने की शुरुआत में इस परियोजना को मंजूरी दिए जाने के बाद ताजा कवायद सामने आयी है। कंपनी को अब मिले लेटर ऑफ अवार्ड के तहत उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ एक लॉन्ग टर्म पावर सप्लाई एग्रीमेंट साइन करना होगा।

# नवनियुक्त प्रभारी बीएसए ने कार्यभार संभाला

**प्रयागराज, अमृत विचार:** जिले के नवनियुक्त प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) देवव्रत सिंह ने आज बीएसए कार्यालय पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने एमडीएम समन्वयक राजीव कुमार त्रिपाठी सहित बीएसए कार्यालय के सभी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। प्रभारी बीएसए देवव्रत सिंह ने शासन की मंशानुरूप कार्य करने को प्राथमिकता बताया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य समय से होना है जिससे कि शिक्षक, कर्मचारियों को बार - बार कार्यालय का चक्कर ना लगाना पड़े। प्रभारी बीएसए देवव्रत सिंह ने कोर्ट के मामले, आईजीआरएस सहित अन्य लंबित मामलों की भी समीक्षा करते हुए मातहतों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। प्रयागराज के प्रभारी बीएसए देवव्रत सिंह मिर्जापुर जिले के निवासी हैं। शिक्षा इविवि से हुई है। यह सरल स्वभाव , ईमानदार छवि, लोगों की मदद करने वाले और समस्याओं के निस्तारण पर जोर देते है। यह 2018 बैच के पीईएस अधिकारी हैं।

# अनियमितता पर प्रधान का खाता सीज, निकाल लिए 9.17 लाख

**प्रयागराज, अमृत विचार:** विकास कार्यों में अनियमितता पाए जाने पर डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ ने उरूवा ब्लाक के परानीपुर ग्राम पंचायत के प्रधान का खाता 16 जून को सीज कर दिया था लेकिन ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत की मिलीभगत से 18 जून बुधवार को फिर से विकास मद से 9.17 लाख निकाल लिया है। इस मामले की शिकायत डीएम रवीन्द्र कुमार मांदड से करते हुए संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। परानीपुर ग्राम पंचायत के राजू की शिकायत पर डीएम ने डीएसटीओ संतोष कुमार को जांच अधिकारी नामित किया था। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की गई। राजू पासी ने डीएम से शिकायत की थी कि परानीपुर गांव के विभिन्न बस्तिओं में जो भी विकास कार्य करवाए गए हैं उनमें गुणवत्ता का अभाव है। धंनजय तिवारी के घर से आशीष मिश्र के घर तक खंड़जा मार्ग के लिए दो लाख 32 हजार की राशि निकाली गई, लेकिन काम नहीं हुआ। वित्तीय अनियमितता पाई गई। पीडब्ल्यूडी मार्ग से बैद्यनाथ गुप्ता के घर तक खंड़जा मार्ग के लिए दो लाख 24 हजार की राशि 30 मार्च को 2019 को निकाली गई। जब डीएम ने जिला अर्थ व संख्याधिकारी से जांच कराई तो कई कार्यों में अनियमितता मिली, नोडल अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंपी तो उन्होंने प्रधान व तत्कालीन सचिव अजय श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस भेज जबाब मांग लिया।

### यूपी पीसीएस मेंस परीक्षा तिथि बदलने की मांग

**प्रयागराज, अमृत विचार :** यूपी लोक सेवा आयोग की पीसीएस मेंस– 2024 की परीक्षा 29 जून से शुरू हो रही है। वहीं पड़ोसी राज्य 29 जून को ही उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की पीसीएस प्री परीक्षा भी आयोजित कर रहा है। ऐसे में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की पीसीएस प्री परीक्षा और यूपी लोक सेवा आयोग की पीसीएस मेंस– 2024 की परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के सामने असमंजस है। आयोग की परीक्षा में कई ऐसे अभ्यर्थी भी शामिल हो रहे हैं, जिनके लिए यह अंतिम अवसर है। दोनों परीक्षाएं एक ही तिथि पर आयोजित होने से कई अभ्यर्थी उत्तराखंड पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे। उत्तराखंड के पूर्व सलाहकार मुख्यमंत्री रहे डॉ गणेश उपाध्याय ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र लिखकर यूपी लोक सेवा आयोग की ओर 29 जून से आयोजित हो रही पीसीएस मेंस परीक्षा 2024 की तिथि परिवर्तित करने का अनुरोध किया है।






# ग्रामीण इलाकों में हुई झमाझम बरसात

## जिले के सफदरगंज, फतेहपुर इलाकों में जमकर बरसे मेघ, बादलों ने शहरवासियों को किया निराश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच आसमान पर आ जा रहे बादल भी लुका छिपी का खेल कर रहे हैं। गुरुवार को सफदरगंज फतेहपुर आदि इलाकों में बादल जमकर बरसे तो जिला मुख्यालय पर गर्मी का कब्जा रहा। लोग बारिश की आस लगाए रहे पर बादल बरसे नहीं। इस समय एक दिन पूर्व कुछ देर की बारिश के बाद फौरी राहत तो मिली पर उससे ज्यादा आफत धूप निकलने पर हो गई। चारों ओर उमस भरी गर्मी का माहौल बन गया लोग और ज्यादा परेशान हो गए हालांकि रात के तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की जा रही है। आमजन और ज्यादा बारिश की उम्मीद कर रहे पर बादल बरस ही नहीं रहे। गुरुवार को आलम यह रहा कि जिले के सफदरगंज, फतेहपुर इलाकों में कई जगहों पर खूब पानी बरसा, यहां तक कि निचले इलाकों में पानी तक भर गया। ग्रामीणों ने इस बारिश का खूब मजा लिया लेकिन जिला मुख्यालय समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों में सूखा ही पड़ा रहा। शहर में लोग बादलों की इस लुका छिपी को लेकर मायूस नजर आए। सफदरगंज प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र में हुई बारिश के बाद गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली।


सफदरगंज में होती झमाझम बारिश। अमृत विचार


झमाझम बरसात के कारण मार्ग के किनारे हुआ जलभराव। अमृत विचार

### पहली बारिश बनी मुसीबत, टूटी पुलिया से घरों में घुसा पानी

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम अम्बौर में जहां पहली बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं जल जीवन मिशन के जिम्मेदार कर्मचारियों की लापरवाही के चलते यह बारिश मुसीबत बनकर टूट पड़ी। गांव की टूटी पुलिया और जल निकासी की व्यवस्था न होने से बारिश का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस गया। समाजसेवी सुभाष यादव और अंबरेश यादव ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत बनी पुलिया काफी समय से टूटी है, लेकिन जिम्मेदारों ने इसे ठीक कराने की जहमत नहीं उठाई।

## एक नजर

### स्मैक के साथ सोनभद्र के दो युवक गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर पुलिस ने गुरुवार को शैलेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम बिचपई व संजय कुमार निवासी घोरावल रोड धर्मशाला चौराहा थाना राबर्ट्सगंज, सोनभद्र को ग्राम करौदीकला के पास से गिरफ्तार किया। दोनों के पास से कुल 65 ग्राम स्मैक बरामद की गयी।

### पुलिस ने दबोचे दो वांछित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** दरियाबाद पुलिस ने गुरुवार को वांछित उजागर को हरिवंशपुर चौराहे से गिरफ्तार किया। लोनीकटरा पुलिस ने राजनरायण को गिरफ्तार किया।

### घर के बाहर खड़ी बाइक दिनदहाड़े चोरी

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाजार कटरा मोहल्ले में मंगलवार को दिनदहाड़े घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गयी। मोहम्मद नदीम ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी बाइक दोपहर करीब 2 बजे घर के बाहर खड़ी थी जिसे कोई चोरी कर ले गया। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

### घर से नकदी और जेवर समेट ले गए चोर

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** बुधवार देर रात चोरों ने एक घर में घुसकर नकदी व जेवर पर हाथ साफ कर दिया। गुरुवार सुबह परिजनों को इस घटना की जानकारी हुई। राजपुर मजरे लालपुर के कपिल देव के घर में रात में घुसे चोर 3900 रुपये नकदी सहित एक झाला, नथ उठा ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** साधारणपुर क्रासिंग के निकट रेलवे ट्रैक पर गुरुवार को एक अज्ञात युवक का शव पाया गया। रेलवे पुलिस की सूचना पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार एसआई उमेश कुमार राज कांस्टेबल सुनील मानवेन्द्र कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर शव की शिनाख्त के लिए आसपास पूछताछ की लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय ने बताया शव की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# नाबालिग का अपहरण कर तीन दिन तक दुष्कर्म

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** रोजगार के लिए बाहर गए पिता को उसकी नाबालिग पुत्री दूसरे थाना क्षेत्र में एक घर में मिली। पिता का कहना है कि आरोपी ने उसकी पुत्री का अपहरण कर तीन दिन तक दुष्कर्म किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गुरुवार को एक व्यक्ति ने दरियाबाद पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत शनिवार को रोजगार के चलते वह गांव से बाहर चला गया था। वापस आने पर घर में उसकी 15 वर्षीया पुत्री नहीं मिली। पता चला कि टिकैतनगर के अरसंडा गांव के निवासी उजागर पुत्र रमेश के घर में उसकी पुत्री मौजूद है। घर वालों के साथ खोजते हुए पिता उजागर के घर पहुंचे तो वहां किशोरी मिली। आरोप है कि तीन दिन तक आरोपी ने घर में उसकी पुत्री को रखकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया वहीं उसे हिरासत में लिया गया है। किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। कोतवाल मनोज सोनकर ने बताया कि पीड़िता को लेकर पिता आया थाने आया था। मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

## ब्रेक डाउन से डेढ़ सौ गांवों की बिजली ठप

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** गुरुवार दोपहर हल्की हवा और बूंदाबांदी के बाद निंदूरा के पास 33 हजार वोल्ट की लाइन ब्रेकडाउन हो गई, जिससे कस्बा फतेहपुर समेत करीब डेढ़ सौ गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इस कारण करीब दो लाख की आबादी को भीषण गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। दोपहर 12 बजे हुई बूंदाबांदी के बाद अचानक फाल्ट आने से फतेहपुर कस्बा, देवखारिय, गंगोली, हसनपुर टांडा, ररिया, इसेपुर, बसारा, इसरोली, बिलौली, हजरतपुर, जरखा, मदनपुर, सिहाली, गुरुसेल, मझगवा, लालपुर, इब्राहिमपुर सहित कई गांव अंधेरे में डूब गए। शाम छह बजे तक भी बिजली बहाल नहीं हो सकी थी।

# खड़े ट्रक से पार्ट्स चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा में तिरपाल काटकर ट्रक से ई रिक्शा पार्ट्स चोरी की घटना का खुलासा पुलिस ने किया है। टीम ने गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी का सामान व एक कार भी बरामद की। खास बात यह कि पकड़े गए शातिरों में लाल नीली बत्ती लगे वाहन का चोरी के दौरान इस्तेमाल करने वाला भी शामिल है।

पुलिस के अनुसार, निखिल सिंह निवासी गोंडा ने पुलिस को बताया कि वह रचना क्रिएशन्स ऑटो प्रालि कम्पनी धावा स्टेट नियर टाटा टेल्को थाना चिनहट लखनऊ में मैनेजर है। उसकी कम्पनी के ई-रिक्शा पार्ट्स फरीदाबाद हरियाणा से ट्रक से लोड करके चालक हरिओम लखनऊ ला रहा था। रास्ते में देवा कोतवाली क्षेत्र में किसान पथ पर जबरी कला बस स्टॉप के पास 12 जून की रात ट्रक खड़ा करके चालक सो गया। सुबह उठने पर देखा कि ट्रक का तिरपाल काटकर ट्रक से सामान चोरी कर लिया गया। पुलिस ने इस घटना में आदिल, बछराज, सद्दाम अली को रिट्स रिसॉर्ट, किसान पथ के पास से गिरफ्तार किया। इनके बताने पर चोरी से सम्बन्धित ई-रिक्शा के पार्टस, एक तमंचा, जिंदा कारतूस व घटना में प्रयोग की गई अर्टिगा कार बरामद की गई।

## स्टे वायर में करंट से वृद्ध की मौत

**कुर्सी, बाराबंकी, अमृत विचार :** गुरुवार को बिजली के खंभे से जुड़े स्टे में उतर रहे करंट की चपेट में आकर एक वृद्ध जान गवां बैठा। घटना की जानकारी घर पर पत्नी को हुई तो वह विलाप करने लगी। यह घटना कुर्सी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुत्तनखेड़ा मजरे मोहसंड के करीब हुई। यहां के रहने वाले 65 साल के लल्लू गुरुवार की दोपहर अपने घर वापस जा रहे थे। रास्ते में रामसिंह के घर के पास बिजली का खंभा लगा हुआ है, जिससे जुड़ा स्टे वायर पर बुजुर्ग का हाथ पड़ गया। करंट की चपेट में आकर वृद्ध तड़पने लगा। सूचना पर पहुंची डायल 100 पुलिस ने वृद्ध को सीएचसी घुंघटेर पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# अफसरों ने जेल का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने गुरुवार को पुलिस बल और अधिकारियों के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीजेएम सुधा सिंह भी मौजूद रहीं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बैरकों, महिला बैरक, किशोर सदन (18 से 21 वर्ष के बंदियों के लिये), सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम तथा जेल परिसर की सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण दल ने बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। जिलाधिकारी ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित हों और बंदियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक कुंदन कुमार, जेलर जे.पी. तिवारी सहित अन्य अधिकारी व कारागार स्टाफ उपस्थित रहे।


निरीक्षण करतीं जिला जज, सीजेएम, डीएम-एसपी व अन्य अधिकारी।

## बाइक सवारों ने किशोरी का किया अपहरण

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना मसौली क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी को बाइक सवार युवक अपहरण कर ले गए। शोर शराबा सुन पहुंचे परिजनों ने युवको को रोकने का प्रयास किया पर वह धमकी देते हुए फरार हो गए।

परिजनों के अनुसार, यह घटना 15 जून को भोर में हुई। किशोरी खेत गई थी, तभी गांव निवासी कादिर अली पुत्र अकबर अली और एक अज्ञात युवक मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचे और लड़की को जबरदस्ती उठाकर ले गए। बालिका की चीख-पुकार सुनकर उसके परिजन मौके पर पहुंचे और रोकने का प्रयास किया, परंतु आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

# बंकी में विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्षों के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के बंकी नगर मंडल द्वारा शक्ति केंद्र बंकी पूर्वी स्थित शक्ति माता मंदिर, ओम नगर में विकसित भारत संकल्प सभा (चौपाल) का आयोजन किया गया।

इस दौरान विधिक प्रकोष्ठ संयोजक एडवोकेट अनूप कुमार यादव के संयोजन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रेहड़ी पटरी प्रदेश संयोजक अजीत सिंह मौजूद रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि में डॉ. विवेक वर्मा रहे। इस दौरान मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष देवराज त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा, युवा नेता सार्थक शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष रूद्र प्रसाद अवस्थी, भाजपा नेता सुनील कुमार मौर्य, स्वच्छता संयोजक सतीश जायसवाल, एडवोकेट मालती यादव, विवेक जायसवाल, शक्ति केंद्र संयोजक मनोज कनौजिया, बूथ अध्यक्ष किशन जायसवाल, शोबरान शेट्टी, आशीष अवस्थी, नगर पंचायत बंकी के सभासद मनीष गौतम, पवनेंद्र सिंह और उपेंद्र कुमार मौर्य समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसानों का बेमियादी धरना रहा जारी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उमरा औधोगिक क्षेत्र के निकट किसानों का अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। सभी का कहना है कि दस सूत्री मांगों को लेकर अधिकारी ज्ञापन तक लेने नहीं आ रहे हैं। कुर्सी के उमरा औधोगिक क्षेत्र के निकट प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम् तिवारी के नेतृत्व में किसान अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम तिवारी ने कहा कि कमीशन खोरी के चलते गांवों का किसान तहसीलों व थानों के चक्कर काट रहा है। कुर्सी के बहरौली में चल रही चकबंदी में धांधली की जा रही है।उमरा में रेठ नदी की भूमि पर सड़क बना दी गई। रेठ नदी में फैक्ट्रियों का गंदा व दूषित पानी रोका जाए।

# किन्तूर से गूंजा शांति का संदेश

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ईरान और इजराइल के बीच जारी युद्ध के बीच तहसील क्षेत्र अंतर्गत किन्तूर गांव से शांति का संदेश गूंजा है। ईरान के सुप्रीम लीडर रहे अयातुल्लाह रूहोल्लाह खुमैनी के वंशजों का कहना है कि वे किसी भी युद्ध के पक्ष में नहीं हैं। खुमैनी की विचारधारा इंसाफ और अमन की थी। दरअसल किन्तूर गांव में अयातुल्लाह रूहोल्लाह खुमैनी के पूर्वज रहते थे। खुमैनी के दादा अहमद हुसैन मुसावी का जन्म 1830 में इसी गांव में हुआ था। धार्मिक शिक्षा के लिये वे ईरान गए और वहीं बस गए। उनके नाम में 'हिंदी' शब्द जुड़ा होना इस बात का प्रमाण है कि उनका दिल भारत से जुड़ा रहा। आज भी किन्तूर के महल मोहल्ला में खुमैनी के वंशज रहते हैं, जिनके घरों की दीवारों पर उनकी तस्वीरें लगी हैं। गांव के निवासी सैय्यद निहाल अहमद काज़मी, डॉ. रेहान काजमी और आदिल काजमी खुद को खुमैनी के परिवार से बताते हैं। आदिल काजमी ने बताया कि जब वे ईरान गए और खुद को किन्तूर का निवासी बताया तो उन्हें सम्मान मिला। आदिल काजमी ने साफ किया कि वर्तमान ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खमेनेई का किन्तूर से कोई संबंध नहीं है, वे केवल खुमैनी के शिष्य और उत्तराधिकारी हैं। डॉ. सैयद मोहम्मद रेहान काजमी ने बताया कि उनके कई रिश्तेदार अभी भी ईरान में हैं।


किंतूर गांव में रह रहे खुमैनी के वंशज। अमृत विचार

**बरतें सतर्कता** — एपीके फाइल भेज मोबाइल में सेंध लगा रहे साइबर जालसाज, अंजान लिंक पर क्लिक से बचें, करें तुरंत शिकायत

# सावधान, हैकर्स के निशाने पर आपका मोबाइल फोन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बीते दिनों नकली एपीके लिंक डालकर मोबाइल हैक करने की घटनाओं ने सभी के कान खड़े कर दिए हैं। लोग आसानी से इस तरह के साइबर हमले का शिकार हो रहे हैं। साइबर अपराधों की कड़ी में यह एक और प्रयोग जुड़ गया है, जिससे बचाव का उपाय बस जागरूक होना ही है। वरना नुकसान का कोई अनुमान नहीं है।




डिजिटल युग में जहां मोबाइल फोन जिंदगी का अहम हिस्सा है। तो साइबर अपराधी इन दिनों एक नई तरह की मोबाइल हैकिंग विधा लेकर आ गये हैं, हैकर एक नकली एपीके फाइल भेजकर यूजर का फोन हैक कर रहे हैं। एपीके यानी एंड्रायड पैकेज किट एक प्रकार की फाइल होती है जिससे एंड्रॉयड फोन में कोई भी ऐप इंस्टॉल किया जाता है। हैकर इस तकनीक का गलत इस्तेमाल कर नकली या वायरसयुक्त फाइल तैयार करते हैं और उसे मोबाइल यूजर्स को सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, ईमेल या एसएमएस के जरिए भेजते हैं। जैसे ही यूजर इस फाइल पर क्लिक कर उसे डाउनलोड और इंस्टॉल करते हैं, हैकर को उस फोन के पूरा नियंत्रण मिल जाता है। इसके जरिए वह बैंकिंग ऐप, गैलरी, कॉन्टैक्ट्स, कैमरा, माइक्रोफोन तक इस्तेमल कर लेते हैं। बीते दिनों असंद्रा थाना क्षेत्र में कुछ मोबाइल हैक कर ग्रुप्स में अश्लील कंटेंट भेजे गए। जिसकी शिकायत हुई। पुलिस फिलहाल जांच कर रही है।

### अनजान लिंक पर क्लिक से नुकसान

मोबाइल यूजर्स नकली एपीके फाइल से नुकसान उठा सकते हैं। इससे बैंक खातों से पैसे की चोरी, पर्सनल फोटो और वीडियो लीक, सोशल मीडिया अकाउंट हैक, फोन में मौजूद दस्तावेज चोरी किया जा सकते हैं।

**लालच न करें :** आमतौर पर फाइल भेजने के तरीके इनाम जीतने का लालच, फर्जी सरकारी योजना या सब्सिडी का झांसा, डिलीवरी ब्वॉय या केवाईसी अपडेट का बहाना, फेक ऐप जैसे यूपीआई, टिकट बुकिंग, गेमिंग ऐप्स हैं।

**धोखाधड़ी से कैसे बचें :** उपाय कुछ ही हैं पर असल तरीका है जागरूक होना। अनजान लिंक पर क्लिक न करें, चाहे वह व्हाट्सएप हो या एसएमएस, बिना जांचे-परखे किसी भी लिंक को न खोलें। गूगल प्ले स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें, किसी भी थर्ड पार्टी वेबसाइट या लिंक से एपीके डाउनलोड करना खतरनाक हो सकता है।

**धोखाधड़ी होने पर पर डायल करें 1930 :** अधिकारियों ने अपील करते हुए कहा है कि वाट्सएप ग्रुपों में एपीके फाइल भेजी जा रही हैं। किसी भी एपीके फाइल या अंजान लिंक पर क्लिक न करें। धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

## सिपाही व शिक्षक का मोबाइल हैक

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** असंद्रा के बाद मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में भी मोबाइल हैक कर आपत्तिजनक पोस्ट डाले जाने की मामला सामने आया है। एक सिपाही व शिक्षक के साथ यह घटना घटित हुई। साइबर क्राइम सेल को घटना की सूचना दी गई है। मोहम्मदपुर खाला थाना अंतर्गत सूरतगंज चौकी पर पूर्व में तैनात रहे सिपाही अरुण मिश्र और एक निजी विद्यालय में बतौर शिक्षक काम कर रहे हरिनेश शुक्ला के मोबाइल में व्हाट्सअप ग्रुप में एक लिंक शेयर हुआ। कुछ ही देर बाद शुभचिंतकों के व्हाट्सअप में आपत्तिजनक पोस्ट के मैसेज पहुंचे। मैसेज देख इसकी चर्चा होने लगी तो करीबियों ने फोन कर इसकी जानकारी दी।

## सार-संक्षेप

### किसानों के खेतों पर जबरन खनन, होगी जांच

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** अख्तियारपुर में खनन माफिया की दबंगई सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफिया विरोध के बावजूद निजी खेतों से जबरन पोकलेन मशीन से खनन कर मिट्टी ले जा रहे थे। पुलिस को सूचना मिलने पर खनन कार्य को बंद कराया गया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। गांव के किसानों रंजीत कुमार, गंगाराम और हरिश्चंद्र ने बताया कि उन्होंने अपनी जमीन न तो बेची और न ही खनन की अनुमति दी है, इसके बावजूद उनकी भूमि से ज़बरदस्ती खनन कराया गया। जब ग्रामीणों ने विरोध किया, तो उन्हें धमकाया गया और रात के अंधेरे में अवैध खनन जारी रहा। इस संबंध में एसडीएम सदर आनंद कुमार तिवारी ने बताया कि यदि खनन कार्य किसी अन्य किसान की ज़मीन पर बिना अनुमति के किया गया है और यह नियमों के विपरीत है, तो मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


खनन करती पोकलेन मशीन।

### तबादले पर फायर स्टेशन इंचार्ज को दी गयी विदाई


फायर स्टेशन के हेड इंचार्ज को विदाई देते साथी कर्मचारी। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** फायर स्टेशन के हेड इंचार्ज चंद्र भूषण शुक्ला के बलरामपुर तबादले के बाद प्रशासनिक भवन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समस्त स्टाफ, शुभचिंतकों और इष्टमित्रों ने उन्हें मिष्ठान, फूल-मालाओं और प्रतीक चिन्ह के साथ नम आंखों से विदाई दी। इस अवसर पर नए प्रभारी हरिंदर सिंह का स्वागत भी हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में गायत्री मंदिर ट्रस्टी शिवा कांत त्रिपाठी, महंत शिव चरण बाबा, भोला नाथ मिश्रा, तेज बहादुर सिंह, अभिषेक मणि तिवारी, नरेश गुप्ता, शाहनवाज खान, राकेश सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कार्यमुक्त कर्मचारी को वेतन देने का सभासदों का आरोप

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत दरियाबाद में प्रशासनिक अनियमितता का मामला सामने आया है। सभासदों ने ईओ को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाए हैं। शिकायत में बताया गया कि बोर्ड की बैठक में 15 जुलाई 2024 को यह प्रस्ताव पारित किया गया था कि आउटसोर्सिंग से कार्यरत लाइनमैन संदीप को तत्काल हटाया जाए। ईओ द्वारा कार्यमुक्ति आदेश जारी भी किया गया, लेकिन उसे पिछले 11 महीनों से वेतन का भुगतान भी किया जा रहा है। सभासदों ने आरोप लगाया कि पानी की टंकी परिसर, जो कि सरकारी संपत्तियों और वाहनों का सुरक्षित स्थल है, वहां बाहरी लोगों का आना-जाना जारी है। नगर पंचायत कर्मचारियों की मौजूदगी में बाहरी लोगों द्वारा बैठकें की जा रही हैं। इसी दौरान परिसर से ठेला, बैटरी समेत अन्य सरकारी सामान गायब हो गया। सभासगों ने संदीप की तत्काल कार्यमुक्ति, अवैध वेतन भुगतान की वसूली और परिसर से गायब हुए सामान की जांच की मांग की है। इस शिकायत की प्रति जिलाधिकारी को भी भेजी गई है। अधिशासी अधिकारी शीलू अवस्थी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं, लाइनमैन संदीप ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताया है।

### शिवसेना यूबीटी ने मनाया 59वां स्थापना दिवस



बाला साहब ठाकरे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते पदाधिकारी।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शिवसेना यूबीटी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को सोमैया नगर, देवा रोड स्थित मुख्यालय पर पार्टी का 59वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। शिवसेना संस्थापक स्व. बाला साहब ठाकरे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यकर्ताओं ने बाला साहब के सिद्धांतों पर चलकर पार्टी को प्रदेश में और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। प्रदेश महासचिव एवं पूर्वांचल प्रभारी मनोज मिश्र 'विद्रोही' ने कहा कि 19 जून 1966 को मुंबई के शिवाजी पार्क में बाला साहब ठाकरे ने शिवसेना की स्थापना की थी। राष्ट्रवाद और हिंदुत्व की भावना को लेकर शुरू हुई यह यात्रा आज पूरे देश में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी है। स्थापना दिवस के मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में पार्टी को मजबूती देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उप प्रमुख कमलेश सिंह चौहान, जिला उप प्रमुख दीपू वाल्मीकि उर्फ पंडित जी, जिला प्रवक्ता कौशल शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी एस.एन. मिश्र, व्यापार सेना जिला प्रमुख सुशील जायसवाल उर्फ बबलू समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नवागत बीईओ का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने किया स्वागत


बीईओ का स्वागत करते पदाधिकारी।

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की हैदरगढ़ इकाई द्वारा नवागत खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद के कार्यभार ग्रहण करने पर उनका स्वागत किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बीईओ को बुके और औषधीय पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर महासंघ के संगठन मंत्री अनुराग वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा, महामंत्री देवेंद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष मदन मोहन वर्मा, राजेश सरोज, अनुराग पांडे, सतगुरु शरण, राजेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, इमामुद्दीन अंसारी, कमल बाजपेई, दीपक कुमार, पारस यादव, रमाकांत गुप्ता तथा पूर्व एआरपी रामसागर रावत सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

### भाजपा ने किया मोहल्ला चौपाल का आयोजन


चौपाल में मौजूद पार्टी कार्यकर्ता। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक दरियाबाद की ग्राम पंचायत इन्द्रपुर में ग्राम प्रधान बबलू सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मोहल्ला चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को बताया गया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी गई। चौपाल में बूथ अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे, अनिल पाठक, चंद्रशेखर मौर्य, मंडल अध्यक्ष संदीप त्रिपाठी, लवलेश पंडित, अभय शुक्ला समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिले के 250 ईंट भट्ठों में से 100 बंदी की कगार पर

## बढ़ती समस्या : रोजगार और कारोबार दोनों पर पड़ रहा है असर, शिकायतों के बाद भी समस्या जस की तस

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर,

**अमृत विचार:** जनपद के 250 भट्ठों में 30 फीसद बंदी की कगार पर हैं। कारण, तैयार माल का मूल न निकल पाना। ऐसे में कारोबार के साथ-साथ मजदूरों की दिहाड़ी निकलनी भी मुश्किल हो गई है। जिला ईंट उद्योग समिति का मानना है कि हालत ऐसे ही रहे तो अधिकतर व्यवसायी कारोबार बदलने की बात कह रहे हैं।

जिला ईंट उद्योग समिति के महामंत्री शैलेश कुमार जवरानी बताते हैं कि कोरोना काल के बाद उद्योग पर तेजी से असर पड़ा है। जनपद में करीब 250 ईंट भट्ठे थे। जिसमें 44 भट्ठे नियमों के हवाले से बंद करा दिये गए। पिछले कुछ समय से 57 भट्ठे ऐसे भी हैं जिनकी चिमनियों में ही काफी समय से धुआं नहीं निकला। जीएसटी के रूप में लिया जाने वाला टैक्स 600 गुना बढ़ गया। आमदनी से अधिक खर्च के चलते कई बार शासन-प्रशासन तक बात पहुंचाई गई लेकिन स्थितियां जस की तस बनी हुई हैं।



बंद पड़ा एक ईंट भट्ठा। अमृत विचार



सिधौली क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर शिकायत करने पहुंचा श्रमिक परिवार। अमृत विचार

**योजनाओं से गायब हुआ लाल ईंट :** ताज ब्रिक फील्ड के जुनैद अंसारी का कहना है कि पहले शासन की योजनाओं में लाल ईंट इस्तेमाल होती थीं। लेकिन इधर कुछ साल से खड़ंजा, नाली निर्माण, पुलिया और आवास निर्माण में भी ईंटों का उपयोग नहीं हो रहा है। ऐसे में कारोबार आर्थिक मंदी से गुजर रहा है।

**श्रमिकों की दिहाड़ी के भी लाले :** सीतापुर के ईंट भट्ठों में काम करने वालों में अधिक संख्या बिहार और झारखण्ड के परिवारों की रही है। जिलाध्यक्ष हाजी कमालुद्दीन बताते हैं कि बड़ी संख्या में इस बार तो भट्ठों में चिमनी ही गर्म नहीं हुई है। ऐसे में श्रमिक परिवारों की दिहाड़ी निकलना मुश्किल हो गया है। लगभग 12 हजार के करीब श्रमिक परिवारों की आजीविका पर असर पड़ा है।

**धुएं के प्रदूषण को खत्म करने के लिए भी किये गए इंतजाम :** बताते हैं कि चिमनी से निकलने वाले धुआं और उसके असर को एनजीटी ने गंभीरता से लिया। ऐसे में दिए गए निर्देशों के आधार पर कई भट्ठों में विशेष तकनीकी का इस्तेमाल किया गया। लेकिन उद्योग पर खास असर नहीं पड़ा।

**तीसरी श्रेणी में आए उद्योग में ईंटों के भाव में गिरावट :** ईंट उद्योग से निकलने वाले प्रदूषण को आरेंज श्रेणी में रखा गया। इससे पहले हरी और सफेद श्रेणी है। बाद में लाल श्रेणी भी आती है। तीसरी श्रेणी के इस उद्योग में बिक रहा ईंट पांच वर्ष पूर्व बिक रहे ईंटों से 500 रुपये कम है।

**दिहाड़ी न मिलने पर क्षेत्राधिकारी से शिकायत :** सिधौली स्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में बड़ी संख्या में श्रमिक पहुंचे। श्रमिक परिवारों का दावा था कि उनसे ईंट पथाई का कार्य तो लिया गया लेकिन पैसा नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में 8 माह के बीच 12 लाख की मजदूरी बकाया हो गई है। शिकायतकर्ताओं में संजय कुमार, निर्मल, हीरा, हिना, पल्लवी, सरिता, विजयपाल और जयपाल समेत कई अन्य मजदूर शामिल रहे।

# ऑपरेशन में लापरवाही से गई प्रसूता की जान

**केस दर्ज**

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** सिधौली में एक प्रसूता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान चिकित्सकों की लापरवाही से महिला के पेट में कोई वस्तु छूट गई, जिससे संक्रमण फैल गया और उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मदारीपुर निवासी वीरेंद्र की पत्नी फूलकुमारी को बीती 2 जून को प्रसव पीड़ा के चलते माया मिडकेयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। बताते हैं कि विवाहिता नौ माह की गर्भवती थी। चिकित्सकों ने ऑपरेशन से बच्चे की डिलीवरी कराई। लेकिन ऑपरेशन के बाद से ही फूलकुमारी की हालत बिगड़ने लगी। जांच में यह खुलासा हुआ कि ऑपरेशन के दौरान उसके पेट में कोई वस्तु रह गई थी, जिससे गंभीर संक्रमण फैल गया। संक्रमण के चलते फूलकुमारी की मौत हो गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक (क्राइम) राम मणि ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत करीमनगर जलालपुर विकास खंड अहिरोरी, हरदोई**

पत्रांक– राज्य वित्त /केन्द्रीय वित्त/ टेण्डर प्रकाशन / 2025 दिनांक 20/06/2025

मनरेगा योजनाअंतर्गत ग्राम पंचायत करीमनगर जलालपुर विकासखंड अहिरोरी जनपद हरदोई द्वारा कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत फर्मो के मालिकों से आपूर्ति कर्ताओं को दिनांक 20/06/2025 से 25/06/2021 तक कि अपराहन 11:10 सांय बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 25/06/2025 को 11:10 सांय बजे अपराहन ग्राम पंचायत कार्यालय करीमनगर जलालपुर में अधोहस्ताक्षरी एवं प्रधान कि उपस्थिति में निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी ।

**कार्य का विवरण निम्नवत है ..**

1 मुन्नीलाल घर से बुद्धा के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण (3.2 लाख)
2 सरवन के घर से मुन्नीलाल के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण (3.0 लाख)
3 रामनाथ के घर से तालाब तक नाली खड़जा कार्य '(3.00लाख)

**प्रधान/ सचिव**
ग्राम पंचायत करीमनगर, जलालपुर
विकास खंड हरदोई

# देवी मां के चित्र के अपमान से विहिप कार्यकर्ताओं में उबाल

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार:** क्षेत्र में धार्मिक भावनाएं आहत करने का मामला सामने आया है। विहिप ने धर्म विशेष के युवक पर मां दुर्गा के पोस्टर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दी है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लिये जाने की बात कह रही है। बासुरा गांव में बुधवार को उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब मां दुर्गा के चित्र से अभद्रता का मामला सामने आया। विहिप के प्रखण्ड अध्यक्ष अजय नाग ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया कि गांव के ही टुन्नी ने मां दुर्गा का पोस्टर चुराकर उसका अपमान किया।

# एटीएम से रुपए निकालते समय युवक का कार्ड छीना

**सीतापुर, अमृत विचार।** सिधौली के डाक बंगले के पास स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम पर एक युवक की मदद के बहाने पहुंचे दो बदमाश एटीएम कार्ड लेकर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। नरोत्तम नगर निवासी जैद दोपहर करीब 12:30 बजे एटीएम से पैसे निकालने पहुंचा था। उसी समय सफेद रंग की कार से दो युवक उतरे और मदद करने का बहाना बनाकर जैद के पास पहुंचे। दोनों युवकों ने जैद एटीएम कार्ड छीन लिया और पासवर्ड भी देख लिया औरर दोनों कार में बैठ गए और भाग निकले।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चठिया टपरापुर विकास खंड अहिरोरी हरदोई**

पत्रांक– राज्य वित्त /केन्द्रीय वित्त/ टेण्डर प्रकाशन / 2025 दिनांक 20/06/2025

मनरेगा योजनाअंतर्गत ग्राम पंचायत चठिया टपरापुर विकासखंड अहिरोरी जनपद हरदोई द्वारा कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत फर्मो के मालिकों से आपूर्ति कर्ताओं को दिनांक 20/06/2025 से 25/06/2021 तक कि अपराहन 12:30 सांय बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 25/06/2025 को 12: 30 सांय बजे अपराहन ग्राम पंचायत कार्यालय चठिया टपरापुर में अधोहस्ताक्षरी एवं प्रधान कि उपस्थिति में निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी ।

**कार्य का विवरण निम्नवत है ..**

1. भगवानदीन के घर से गंगा प्रसाद के घर तक नाली व सिल्ट केचर निर्माण (3.00 लाख)
2. शिवनरेश के मकान से रामस्वरूप के मकान तक सी सी रोड का निर्माण (2.5 लाख)
3. CC रोड निर्माण सोनू के घर से ठाकुर प्रसाद के घर तक (2.6लाख)

**प्रधान/ सचिव**
ग्राम पंचायत चठिया टपरापुर
विकास खंड हरदोई

**दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, कायमगंज, फर्रूखाबाद**

**निविदा सूचना**

सत्र 2025-26 हेतु चीनी मिल में ई-निविदा के माध्यम से चीनी मिल विभिन्न प्रकार की सामाग्री की आपूर्ति जैसे-सी.आई. जी.एम., कास्टिंग, क्लीनिंग इक्युपमेंट्स, रबर गुड्स, पैकिंग मैटेरियल, एस०एस० लाईनर, सर्पोटिंग लाईनर तथा ब्रास लाईनर, केन अनलोडर हेतु हाईड्रोलिकग्रेब, कापर इनेमिल वायर, केन कटर हब को बदलने, निकिल स्क्रीन, सबमर्सिबल पम्प क्रय किए जाने का कार्य। जॉब वर्क जैसे-मिल टरबाईन नं0-1 के एम०एफ०जी० गियर बॉक्स की रिकण्डिनिंशिग, ब्यायलर के टयूबों की आंतरिक एवं बाहरी सफाई, ब्यायलरों पर मसेनरी कार्य, इंस्ट्रूमेटेशन, अल्ट्रासोनिक थिकनेस टेस्टिंग, ए०सी०बी० रिपेयरिंग विद् ए०एम०सी, डी०जी० सेट, वी०एफ०डी. वैक्युम फिल्टर रिपेयरिंग, सी०सी०टी०वी० कैमरों की ए०एम०सी० एवं स्पेयर, मिल हाईड्रोलिक एक्युमुलेटर से सम्बन्धित कार्य, आर.बी.सी. के पास एकत्रित बैगास को एकत्रित करना, मिल में स्थापित वेट स्क्रेबर के ऍश पॉण्ड में एकत्र होने वाली फलाई एश (राख) को अपने संशाधनों से हटाना तथा निर्देशित स्थान पर डालना, सल्फेट रिमूवल, ई०टी०पी० संचालन का कार्य, स्टोर में आए हुए विभिन्न सामानों जैसे-चूना, सल्फर, एच.डी.पी.ई. बैग्स, केमिकल्स एवं अंयत्र भेजे जाने वाले सामानों को अपने संशाधनों से लोडिंग एवं अनलोडिंग का कार्य,, ब्यायलरों से निकलने वाली राख/क्लिंकर बिकी, पॉण्ड, ई०टी०पी० के नॉली, लैगूनों की सफाई पुताई एवं चीनी बाउण्ड्री से रेलवे लाईन से होते हुए नाली की सफाई का कार्य, क्वॉड बॉडी, जूस हीटर, पैन, वेपर सेल, चीनी गोदामों से सम्बन्धित कार्य, ड्रायर हाऊस में चीनी के बोरों की भराई, तौलाई एवं सिलाई का कार्य तथा पेराई सत्र 2025-26 के दौरान चीनी मिल के वैक्युम फिल्टर से निकलने वाली प्रेसमड/मैली की विक्रय तथा सामान्य निविदा के माध्यम से मिल परिसर के अन्दर एल्युमिनियम, गनमेंटल तथा सी.आई./सी.एस. मैटेरियल की ढलाई का कार्य एवं किराए पर फोर व्हीलर लगाए जाने हेतु दिनांक 18.06.2025 से दिनांक 15.07.2025 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी मिल कार्यालय एवं बेव-साईट **www.etender.up.nic.in** से प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

**प्रधान प्रबन्धक**

# शादी की दावत में तीसरी पत्नी के साथ पकड़ा गया पति

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बे में गुरुवार को एक शादी समारोह में हाईवोल्टेज ड्रामा हो गया। एक महिला अपने बच्चों के साथ वहां पहुंची और अपने पति को ननिहाल में शादी समारोह कार्यक्रम में तीसरी पत्नी के साथ पकड़ लिया। पहली पत्नी के पहुंचने से अफरा-तफरी मच गई, जिसके बाद दोनों पक्षों में हंगामा हुआ। आरोप है कि महिला और उसके बच्चों के साथ मारपीट भी की गई। पुलिस ने पति, पत्नी और बच्चों को थाने ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी है।

हैदरगढ़ के संगौरा निवासी सलीम बचपन से अपने मामा गुलाम साबिर के घर रामनगर में रह रहा था। सलीम की पहली शादी बाराबंकी की राशिदा से हुई थी। राशिदा ने बताया कि शादी के बाद सलीम उसे लखनऊ ले गया और किराए में रहने लगे। सात वर्षों तक साथ रहने के बाद सलीम अचानक लखनऊ से गायब होकर रामनगर अपने मामा के घर लौट आया। आरोप है कि सलीम ने यहां चोरी-छिपे अपने मामा की साली साइमा निवासी जैदपुर से दूसरी शादी कर ली। जब पहली पत्नी को इसकी जानकारी मिली तो उसने संबंधित अधिकारियों से शिकायत की। इस मामले में जैदपुर थाने में समझौता हुआ और सलीम ने दूसरी पत्नी को छोड़कर पुनः पहली पत्नी के साथ लखनऊ में रहना शुरू कर दिया। हालांकि कुछ माह बाद सलीम ने दिल्ली में नौकरी का बहाना बनाकर घर छोड़ दिया और इस बार तीसरी बार पटरंगा निवासी रेशमा से कोर्ट मैरिज कर ली। राशिदा के मुताबिक सलीम ने इस बार पूरी तरह संपर्क तोड़ दिया। संपर्क करने पर तीसरी पत्नी रेशमा ने फोन उठाया, जिससे उसे तीसरी शादी की जानकारी हुई। गुरुवार को सलीम अपनी तीसरी पत्नी के साथ रामनगर में अपने मामा की पुत्री के शादी समारोह में शामिल होने की सूचना पर राशिदा अपने बच्चों के साथ मौके पर पहुंची और पति को तीसरी पत्नी के साथ देखकर हंगामा कर दिया। आरोप है कि सलीम के ननिहाल पक्ष के लोगों ने राशिदा और उसके बच्चों के साथ मारपीट की। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह महिला को बचाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया और सलीम, उसकी दोनों पत्नियों और बच्चों को थाने ले आई। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई स्पष्ट निर्णय नहीं हो सका था।

**।। कार्यालय ग्राम पंचायत खाफा, वि0 ख0 पहला – सीतापुर।।**

पत्रांक मेमों/मनरेगा/निविदा पत्रा0/2025–26 दिनॉक :– 19–06–2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला/ ग्राम पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनॉक 20–06–2025 से 25–06–2025 अपरान्ह 4.00 बजे तक निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय ग्राम पंचायत **खाफा**, वि0 ख0 पहला से प्राप्त की जा सकती है।

मोहरबंद निविदा दिनॉक 26–06–2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है, तथा दिनॉक 26–06–2025 को अपरान्ह 3.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत **खाफा,** वि0 ख0 पहला एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारो की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री की अनुमानित लागत GST. सहित | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत खाफा में मनरेगा पार्क निर्माण कार्य। | 536512.00 | 11000.00 | निःशुल्क | 06 माह | क्षे0पं0/ग्रा0पं0 में पंजीकृत ठेकेदार |

**निविदा की पात्रताः–**1–निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनॉक 25–06–2025 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत अधिकारी **खाफा**, कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभि0(आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है।
2–निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3–निविदा के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0 डी0 आर0 जो कार्यालय ग्राम पंचायत **खाफा**, वि0 ख0 पहला के पक्ष में बंधक हो लगाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव
**खाफा,** वि0ख0पहला,सीतापुर



राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया।

## राहुल के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने काटा केक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राहुल गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया के ओबरी आवास पर केक काटकर उन्हें दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दीं। उसके बाद कांग्रेसजनों ने जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए और उनकी शीघ्र स्वस्थता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने इस अवसर पर कहा कि राहुल गांधी देश में एकमात्र ऐसे नेता हैं जो सत्ता के लिए नहीं, बल्कि सच्चाई की राजनीति करते हैं। उनकी भारत जोड़ो यात्रा ने स्पष्ट किया है कि राहुल गांधी केवल राजनीतिक नेता ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के भी वाहक हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने भी राहुल गांधी को दूरदर्शी नेता बताया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, मोहम्मद इरफान कुरैशी, सरजू शर्मा, सिकंदर अब्बास रिज़वी, केसी श्रीवास्तव और मोहम्मद सिद्दीक सहित कई कांग्रेसजन शामिल रहे।

# अब टोपी व इफ्तार से नहीं बहलेंगे पसमान्दा मुसलमानः वसीम राईन



**बाराबंकी, अमृत विचार :** ऑल इंडिया पसमान्दा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इन दलों ने दशकों तक मुसलमानों को सिर्फ वोटबैंक की तरह इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि अगर ये पार्टियां सच में मुसलमानों की हितैषी होतीं, तो आज पसमान्दा समाज की हालत दलितों से भी बदतर न होती। राईन ने कहा कि कांग्रेस ने आज़ादी के बाद सिर्फ मजहबी जुमले दिए। उन्होंने सपा पर भी आरोप लगाया कि उसने सिर्फ ऊपरी मुस्लिम तबकों को तरजीह दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब पसमान्दा समाज सिर्फ धर्म के मुद्दों पर नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक न्याय के सवालों पर आवाज़ उठाएगा। हमें आरक्षण, शिक्षा, सरकारी योजनाओं में हिस्सा, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व चाहिए। राईन ने चेताया कि अब पसमान्दा मुसलमान सिर्फ मंच सजाने या इफ्तार तक सीमित नहीं रहेगा। यह आत्मचिंतन का वक्त है, खासकर उनके लिए जो दशकों से हमें इस्तेमाल करते आए हैं।

# 35 लाख की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो बाराबंकी की टीम ने अंतर्जनपदीय मादक पदार्थ तस्करी गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 260 ग्राम हेरोइन बरामद की। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रुपये है।

जिला अफीम अधिकारी करुण बिलग्रामी के नेतृत्व में यह कार्रवाई निवारक दल की ओर से की गई। जानकारी के अनुसार 18 जून को निवारक दल को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति नशीले पदार्थ की तस्करी करने की फिराक में है। इस सूचना के आधार पर एचपी पेट्रोल पंप के पास दबिश दी गई, जहां से नूर हसन खान निवासी ग्राम अमौली तहसील तुलसीपुर पचपेड़वा, बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 260 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पूछताछ में अभियुक्त ने अंतरजनपदीय तस्करी नेटवर्क से जुड़ी अहम जानकारियां दी हैं, जिसके आधार पर आगे की जांच जारी है। इस अभियान में जिला अफीम अधिकारी करुण बिलग्रामी, निरीक्षक मयंक साहू, कन्हैय्या लाल, उपनिरीक्षक विवेक, असद ज़फर, हवलदार रवि बाथम, सीटू यादव एवं नंदन झा शामिल रहे।

## एडीओ ने दो कर्मचारियों का वेतन रोका

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक ने क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान कई पंचायत भवन बंद मिले और कई जगह अनियमितताएं पाई गईं। एडीओ ने कर्मचारियों का वेतन रोकने का निर्देश दिया। पीठापुर का पंचायत भवन अनुपयोगी स्थल पर स्थित होने के कारण सचिवालय का कार्य विद्यालय में संचालित किया जा रहा है। धुसड़िया, ददरौली भवानीपुर और पजरौली पंचायत भवनों में ताले लटके मिले, जबकि मौलाबाद में कार्यरत कर्मचारी मौके पर मौजूद मिले। ददरौली भवानीपुर में सामुदायिक शौचालय और आरसी सेंटर निष्क्रिय पाए गए। इस लापरवाही पर नाराज एडीओ पंचायत ने संबंधित केयर टेकर और सचिव का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

**VARUN ARJUN UNIVERSITY**
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

**VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Years |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in Any Stream | 2 Years |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in Any Stream | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

**VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy)<br>M.Sc. (Medical Biochemistry)<br>M.Sc. (Medical Microbiology)<br>M.Sc. (Medical Physiology)<br>M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing must have passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

**FACULTY OF FORENSIC SCIENCES**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

**VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M with Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (with English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

**VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

**VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES**

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : info.vacps@vau.edu.in

ADMISSIONS NOW!

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मेरा नाम कृष्ण कुमार पुत्र रामप्रसाद है मुझे छन्नू नाम से भी जाना पहचाना जाता है भविष्य में कृष्ण कुमार नाम से ही जाना जायेगा । **पूर्वी बाजार कछौना हरदोई**

**सूचना**
मै **रमेश कुमार पुत्र बाबूराम रस्तोगी निवासी 224/62 पंजाबी टोला राजाबाजार लखनऊ** का हूँ। आधार न0 321479018688, जन्म तिथि 6/4/1944 है। मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम रमेश चन्द्र रस्तोगी अंकित है। रमेश कुमार एवं रमेश चन्द्र रस्तोगी एक ही व्यक्ति के नाम है। मुझे रमेश कुमार के नाम से ही भविष्य में जाना पहचाना जाए।

**सूचना**
सूचित है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा–गोविन्द नगर, कानपुर नगर के खाते में मेरा नाम नूर हाशमी अंकित है जबकि मेरा सही नाम नूर हाशमी अंसारी है जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। अत: बैंक के दस्तावेजों में मेरा नाम नूर हाशमी के स्थान पर नूर हाशमी अंसारी अंकित किया जाये। **नूर हाशमी अंसारी पुत्री स्व0 मोहम्मद अयूब निवासिनी – 34/11 जूही लाल कालोनी कानपुर नगर– 208014**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **धन्नो देवी व प्रिया पत्नी सुरेश कुमार नि0 म0 नं0 558 / ए स्ट्रीट 5 मोगा रोड अमन नगर कोट कपूरा जिला फरीदकोट पंजाब** की निवासी हूं। दोनों मेरे ही नाम है ।मैं दोनों नाम से जानी पहचानी जाती हूं।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **सुचिता पुत्री बृज भूषण निवासी–सेनवाहे दा 0 सेवढा पोस्ट शिवदहा तहसील विकासखण्ड थाना पयागपुर जिला बहराइच उत्तर प्रदेश** का निवासी हूं। मेंरा नाम सभी दस्तावेजो में सुचिता दर्ज है जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश विचिता देवी अंकित हो गया है अत: भविष्य में मुझे मेरे सही नाम सुचिता से जाना और पहचाना जाए।

**सूचना**
मेरा असली नाम आकांक्षा पाल पुत्री अमृत पाल है घर का नाम आद्या पाल है मुझे दोनों नाम से जाना जाता है । भविष्य में मुझे **आकांक्षा पाल** नाम से ही जाना जायेगा । **नि.सरसंड पोस्ट बरवा सरसंड तहसील संडीला हरदोई**

**सूचना**
सूचित हो कि **हर्षित गुप्ता पुत्र संतोष कुमार गुप्ता निवासी गांधी नगर कस्बा बहुआ तहसील वा जिला फतेहपुर**। मेरी पत्नी सुमन गुप्ता से एक पुत्र हर्षित गुप्ता का जन्म 08/03/2009को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतरू मेरे पुत्र हर्षित गुप्ता का जन्म तिथि 08/03/2009 का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**
मैंने इंटर की परीक्षा वर्ष 2024 में बीएल सुधिता इंटरनेशनल स्कूल सहेरुआ,प्रतापगढ़ से उत्तीर्ण की है। अनुक्रमांक 23738064 है। मेरे इंटर के अंकपत्र में मेरा नाम सचिन कुमार सरोज हो गया है,जबकि मेरा सही नाम सचिन सरोज ( SACHIN SAROJ) है। मेरी मां का नाम फूल कुमारी सरोज हो गया है,जबकि सही नाम फूल कुमारी सरोज ( PHOOL KUMARI SAROJ) है। **सचिन सरोज पुत्र दिनेश सरोज,ग्राम – चौबेपुर, पोस्ट – सराय मुरार सिंह,जिला – प्रतापगढ़ (उ.प्र.)**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अपना नाम MOHD AMIN था। जिसे बदलकर MO AAMEEN कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **मो आमीन पुत्र अब्बुल बशर निवासी ग्राम चिन्तौरा कला पोस्ट– मुबारकपुर तहसील– टाण्डा जनपद –अम्बेडकर नगर**

# छात्रवृत्ति घोटालाः दोषी शिक्षकों पर आगे बढ़ी कार्रवाई, विभागीय जांच शुरू

## केंद्र सरकार की छात्रवृत्ति सत्र 2021-22 में 48 लाख से अधिक की गड़बड़ी सामने आई, जांच में फर्जी नामांकन व जाली दस्तावेजों से धन निकासी का हुआ खुलासा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

फॉलोअप

- डीएम के आदेश पर 14 शिक्षकों के विरुद्ध दर्ज हुई थी एफआईआर
- खंड शिक्षा अधिकारियों से मांगी थी रिपोर्ट, जांच का दायरा बढ़ा




**अमृत विचार :** छात्रवृत्ति घोटाले में एफआईआर दर्ज होने के बाद अब जिला प्रशासन ने अगली कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। सात शिक्षण संस्थानों से जुड़े 14 शिक्षकों के खिलाफ दर्ज मुकदमे के बाद अब शिक्षा विभाग ने प्राथमिक जांच के आधार पर विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया भी तेज कर दी है। जिन स्कूलों और मदरसों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है, उनसे जवाब तलब किया गया है और खंड शिक्षा अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।अधिकारियों ने बताया कि जांच का दायरा अब उन संस्थानों तक भी बढ़ाया जा रहा है, जिनके दस्तावेज पहले चरण में अधूरे मिले थे। डीएम के निर्देश पर गठित जांच समितियां अब दोबारा सत्यापन करेंगी।

**शैक्षणिक सत्र 2021-22 में हुआ था गड़बड़ी का खेल :** जिला प्रशासन को छात्रवृत्ति योजना में अनियमितताओं की शिकायतें मिलने के बाद यह जांच शुरू की गई थी। केंद्र सरकार की प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक और मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्तियों के तहत सत्र 2021-22 में छात्रों को दी गई धनराशि में 48 लाख रुपये से अधिक की गड़बड़ी सामने आई। जांच में पाया गया कि छात्रों के फर्जी नामांकन, जाली दस्तावेज और दोहराव वाले आवेदन से धन निकाला गया। एफआईआर दर्ज होने के बाद अब शिक्षा विभाग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मिलकर दोषियों को चिह्नित कर कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं।

### इन संस्थानों की भूमिका संदिग्ध

एफआईआर में जिन संस्थानों का नाम है, उनमें श्री बृजेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल थानगांव, समता देवी स्मारक इंटर कॉलेज सिधौली, श्रीराम जनक वीएमआईसी, बच्चा देवी शिवपाल सिंह विद्यालय के अलावा तीन मदरसे शामिल हैं—मदरसा हजरत गुलजार उलूम, मदरसा अनवारुल उलूम (सुल्तानपुर शाहपुर) और मदरसा इस्लामिया अरबिया मिस्बाहुल उलूम (गढ़िया हसनपुर)। इनमें कार्यरत शिक्षकों और प्रबंधकों पर धोखाधड़ी, जालसाजी और षड्यंत्र जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### खंड शिक्षा अधिकारियों से मांगी गई रिपोर्ट

जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने सभी संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्र के संस्थानों की विस्तृत रिपोर्ट 3 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि कहीं किसी अन्य संस्थान में भी इसी तरह की अनियमितता तो नहीं हुई।

"छात्रवृत्ति योजना में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ शासन का निर्देश स्पष्ट है। एफआईआर के बाद अब विभागीय जांच भी तेजी से की जा रही है। दोषियों को किसी भी स्तर पर बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही आगे की कार्रवाई भी सार्वजनिक की जाएगी।"
–नरेश कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।

## एक नजर

### विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

**लहरपुर,अमृत विचार :** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के भदफर चौकी अंतर्गत ग्राम रमपुरवा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में केस दर्ज कराया है। रिंकी देवी (22) पत्नी सोनेलाल अचानक बीमार पड़ गई थी। पति का दावा है कि वह रिंकी को इलाज के लिए बाइक से लखीमपुर ले जा रहा था, तभी ग्राम कुसेपा मोड़ के पास वो बाइक से गिर पड़ी और उसकी मौत हो गई। वहीं मृतका के भाई जगजीवन, निवासी करहुवां, थाना धौरहरा, जनपद खीरी का आरोप है कि रिंकी की शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर दहेज हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पिता ने दी बेटे-बहू को एक ही चिता पर मुखाग्नि

**सेवता,अमृत विचार :** रेउसा में हुए सड़क हादसे में दंपति की मौत के बाद पिता ने दोनों शवों को एक ही चिता पर मुखाग्नि दी। इस दौरान पूर्व विधायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बता दें कि मृतक सुमेरी अपनी पत्नी सुग्गा और 10 माह के बेटे के साथ बाइक से दवाई लेने रेउसा–बिसवां रोड पर सीताराम स्थान के पास जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौत हो गई। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर गांव पहुंची तो पूरा गांव चीत्कारों से गूंज उठा। अंतिम संस्कार के समय जब पिता ने अपने बेटे और बहू को एक साथ मुखाग्नि दी। परिवार के लोगों का कहना है कि सुमेरी दूध बेचकर अपने परिवार का पालन–पोषण करता था। वह पांच भाइयों में सबसे बड़ा था और अपने चार बच्चों में तीन बेटियों और 10 माह के बेटे के भविष्य को लेकर अक्सर चिंतित रहता था।

### मामूली विवाद में धारदार हथियार से हमला, केस

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** गांव में विद्युत कनेक्शन का तार खम्भे से निकालने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई। घटना को लेकर पुलिस ने केस दर्ज हो गया है। तेजवापुर निवासी पूजा देवी पत्नी अरुण तिवारी के मुताबिक, पीड़िता का विद्युत कनेक्शन है। जिसका तार किसी ने खम्भा से निकाल दिया। पीड़िता के देवर अखिलेश तिवारी ने इस बात का विरोध किया। आरोप है कि इस बात को लेकर धर्मेंद्र तिवारी गालियां देने लगे। विरोध करने पर धर्मेंद्र, सुधीर, गोलू आदि ने लाठी डंडे व धारदार हथियार से अखिलेश व अतुल को काफी मारा पीटा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई है। मारपीट में घायल अखिलेश को गंभीर चोट आई हैं। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### दहेज लोभियों ने मारपीट कर घर से निकाला, केस

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** दहेज लोभियों ने निकाह के 3 वर्ष के बाद अतिरिक्त दहेज की मांग कर विवाहिता को मारपीट कर घर से भगा दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई आबादी कटरा निवासी राबिया बानो पुत्री जमील अहमद का दावा है कि उसका निकाह लगभग 3 वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार मोहम्मद रईस निवासी थाना निघासन के साथ हुआ था। पीड़िता के पति रहीस, ससुर मोहम्मद हनीफ, सास मेहरून निशा सहित अन्य चार पहिया वाहन की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर पीड़िता को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। स्थानीय स्तर पर सुनवाई न होने पर पीड़ित पक्ष ने न्यायालय की शरण ली। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# हाईवे पर वाहनों की रफ्तार दे रही दोहरा दंश

## बीते छह माह में प्रमुख मार्गों पर 250 से अधिक हादसे हो चुके हैं, दर्जनों लोगों की जा चुकी है जान

ऑपरेशन रुतबा

- सीतापुर-बहराइच मार्ग पर बढ़े हादसे, नियमों की उड़ रही धज्जियां
- चला सघन अभियान, जागरूकता को लेकर शिविर की भी तैयारी

कार्यालय संवाददता, सीतापुर


हाईवे से गुजरता ओवरलोड। अमृत विचार


वाहनों की चेकिंग करती पुलिस।

**अमृत विचार :** जनपद में बढ़ते सड़क हादसों ने पुलिस प्रशासन की नींद उड़ा दी है। लखनऊ-सीतापुर-दिल्ली हाइवे के साथ-साथ अब सीतापुर-बहराइच मार्ग भी दुर्घटनाओं का नया हॉटस्पॉट बन गया है। बीते छह माह में इन दोनों प्रमुख मार्गों पर कुल हादसों की संख्या 250 पार कर चुकी है, जिनमें दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है। हालात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने 'ऑपरेशन रुतबा' के तहत सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यातायात पुलिस को विशेष अभियान चलाकर नियमों की अनदेखी करने वालों पर शिकंजा कसने को कहा गया है।

बिसवां के अकबापुर निवासी जावेद खान का कहना है कि जल्दी पहुंचने की होड़ और एक-दूसरे से आगे निकलने की मानसिकता ने लोगों को तेज रफ्तार वाहन चलाने की आदत डाल दी है, जिससे हादसों में लगातार इजाफा हो रहा है। वहीं खम्भा पुरवा निवासी अरुणनाथ सिंह ने सुझाव दिया कि सड़क किनारे बसे गांवों में दोनों ओर लोहे की मजबूत पट्टियां लगाई जाएं ताकि बच्चे और मवेशी सड़क पर न आ सकें। इसके अलावा गांवों के किनारों पर डिवाइडर बनाए जाएं, जिससे हादसों में भारी कमी लाई जा सकती है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल का कहना है कि सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियम तोड़ने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जनजागरूकता के लिए जगह-जगह शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

**इन धाराओं में हुए 2025 से अधिक चालान :** यातायात पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2025 में अब तक सबसे अधिक चालान बिना हेल्मेट (20405 चालान, रुपया 2.04 करोड़ जुर्माना), बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस (3103 चालान, रुपया 77.57 लाख जुर्माना) और बिना रिफ्लेक्टर टेप (6198 चालान, 30.99 लाख जुर्माना) के मामले में किए गए हैं। तीन सवारी के साथ दोपहिया वाहन चलाने, शराब पीकर गाड़ी चलाने और बिना बीमा के वाहन चलाने वालों पर भी बड़ी संख्या में चालान किए गए हैं।

### सिधौली में 90 वाहनों का चालान, 1.18 लाख जुर्माना

सिधौली क्षेत्र में यातायात पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के तहत मुहम्मदाबाद चौराहे और मनवा चौकी पर कुल 90 वाहनों का चालान किया गया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर विनोद यादव ने बताया कि इस कार्रवाई में बिना हेल्मेट, ओवरलोडिंग और कागजातों की कमी वाले वाहनों पर रुपया 1.18 लाख का ई–चालान काटा गया। अभियान का उद्देश्य न सिर्फ नियमों का पालन सुनिश्चित कराना है, बल्कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना भी है।

## सार-संक्षेप

### राहुल गांधी निर्धन और कमजोर वर्गों के साथः अमर


केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

**संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का 55 वां जन्म दिवस कांग्रेस जनों ने बड़े धूमधाम के साथ केक काट कर मनाया गया। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा की अगुवाई में कांग्रेस जनों ने एक बैठक कर राहुल गांधी के जन्मदिवस की एक दूसरे को शुभकामनाएं दी तथा उनके दीर्घायु व स्वस्थ रहने की कामना की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संविधान के मूल्यों के प्रति समर्पण और सामाजिक न्याय के प्रति लगाव के लिए जाने जाते हैं। सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सिंह चौहान ने कहा कि राहुल गांधी सदैव गरीबों की लड़ाई लड़ते हैं। जनता को उनका हक दिलाने में सदैव आगे रहते हैं। प्रदेश के आईटी सेल के मंत्री रजनीश मिश्रा ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि राहुल गांधी गरीबों व हाशियों पर पड़े लोगों और पिछड़ों को दूरदर्शी दृश्य रखने वाले नेता हैं। इस अवसर पर पर प्रदीप चौहान, नरेश गौड़, करीम अंसारी, विजय अवस्थी, हरीश वर्मा, नसीम, मनोज गुप्ता, मुजीब खां, रमेशचंद्र गौड़, अरुण प्रकाश श्रीवास्तव, शैलेंद्र यादव सहित कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर मनाया संविधान रक्षा दिवस

**सीतापुर,अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस को शहर कांग्रेस कमेटी ने संविधान रक्षा दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम का आरंभ लालबाग पार्क में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद लालबाग चौराहे पर रेहड़ी–पटरी दुकानदारों, ठेला चालकों और मजदूरों को मिठाई वितरित की गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिशिर बाजपेई ने कहा कि राहुल गांधी देश के नौजवानों और वंचितों की आवाज हैं। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित ने कहा कि करोड़ों युवा राहुल गांधी को अपना आदर्श मानते हैं और उनकी नीतियों से प्रभावित हैं। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश निषाद, वरिष्ठ अधिवक्ता चोक्ष विभु अवस्थी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक खेती को लेकर किसानों को किया गया जागरूक

**संवाददाता लहरपुर, अमृत विचार :** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं किसानों को रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के उद्देश्य से ग्राम सभा नौवापुर स्थित पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक कीटनाशक नीमास्त्र बनाने की विधि का प्रत्यक्ष प्रशिक्षण दिया गया। सहायक विकास अधिकारी (कृषि) राजकुमार वर्मा ने किसानों को नीम, धतूरा, गौमूत्र, छाछ एवं तांबे के घोल से बने जैविक कीटनाशकों के प्रयोग के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक कीटनाशक न केवल फसलों को सुरक्षित रखते हैं, बल्कि मिट्टी की उर्वरता को भी बनाए रखते हैं। उन्होंने किसानों को जीवामृत एवं घनजीवामृत बनाने की विधि भी समझाई तथा मिट्टी परीक्षण और मृदा नमूना लेने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया, ताकि किसान वैज्ञानिक आधार पर खेती कर सकें। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एखलाक खां, कृषि विभाग के कर्मचारी सर्वेश कुमार, आशीष मिश्रा, धर्मपाल, पंकज कुमार, कृषि सखी लक्ष्मी देवी, रूबी निशा, पंचायत सहायक पूजा देवी सहित किसान वेदनाथ, रोशन लाल, सियाराम, हीरालाल, हरिओम मिश्रा, मुन्ना लाल, अनिल मिश्रा, महिपाल, कांति, गीता, बुलाकी आदि उपस्थित रहे।

### आत्मविश्वास बढ़ाने पर दिया गया जोर

**महमूदाबाद,अमृत विचार :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, सहरा नानकारी (टिकथा) में गर्ल आइकॉन प्रोग्राम के अंतर्गत छात्राओं को नेतृत्व का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में 72 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक कुमार के नेतृत्व में किया गया। चांदपुर पुलिस चौकी की महिला आरक्षी ने बतौर मार्गदर्शक छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उन्हें बताया कि आत्मनिर्भरता और साहस के साथ कोई भी चुनौती आसान की जा सकती है। विद्यालय के प्रवक्ता डॉ. सुनील मिश्र ने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से छात्राओं को सशक्त बनाने, उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने और सामाजिक बदलाव के लिए उन्हें तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं में छिपी प्रतिभा को सामने लाने का मंच प्रदान करते हैं।

### 150 मीटर हिस्सा नदी में समाया, ग्रामीणों को बाढ़ का खतरा

**लहरपुर,अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बसंतापुर में करोड़ों की लागत से बने तटबंध की मरम्मत न होने से ग्रामीणों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। नदी द्वारा तटबंध के 150 मीटर हिस्से को काट ले जाने के बाद भी सिंचाई विभाग की अनदेखी जारी है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। जानकारी के अनुसार, बसंतापुर में 12 करोड़ 1 लाख की लागत से तटबंध परियोजना बनाई गई थी। वर्ष 2024 में इसके तीन स्टेज काटकर बंद कर दिए गए। इसी दौरान तटबंध का लगभग 150 मीटर हिस्सा नदी में समा गया, जिससे तटवर्ती क्षेत्र अब पूरी तरह असुरक्षित हो चुका है। स्थानीय निवासी पंकज सिंह, प्रकाश, सुनील, विमलेश, सर्वेश और शिवकुमार सहित अन्य का कहना है कि आगामी बाढ़ के मौसम में पूरा बसंतापुर गांव जलमग्न हो सकता है और जन–धन की भारी क्षति हो सकती है।

### नाले में गिरी बाइक सवार, लोगों ने बचाई जान

**सीतापुर,अमृत विचार :** सिधौली में नेशनल हाइवे की सर्विस लेन पर जामा मस्जिद के सामने अधूरे नाले में बुधवार को एक युवक बाइक समेत गिर गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे बाहर निकाला। युवक को मामूली चोटें आईं, जबकि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय निवासी अशोक गुप्ता और मोनू ने बताया कि करीब चार महीने पहले मस्जिद का हिस्सा तोड़कर नाले का निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन दो महीने से कार्य बंद पड़ा है। अधूरे निर्माण के कारण रास्ता संकरा हो गया है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### मुफ्त पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन के लिए 26 जून तक करें आवेदन

**सीतापुर,अमृत विचार :** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद सीतापुर को 10 पॉपकॉर्न मेकिंग मशीनें नि :शुल्क वितरित की जाएंगी। यह वितरण टूल किट्स योजना के तहत किया जाएगा। इस योजना का लाभ भुर्जी (भड़भूजा) समाज के कारीगरों को मिलेगा जो इस उद्योग में पारंपरिक रूप से कार्यरत हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं। लाभार्थियों का चयन एक गठित समिति के माध्यम से किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया के अन्तर्गत अभ्यर्थी को https://upkhaditoolkit.upsdc.gov.in/RegistrationNew पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

### ग्राम सभा की भूमि में हेरफेर का आरोप

**सीतापुर, अमृत विचार :** शहर से जुड़े इलाकों में जमीन की खरीद फरोख्त को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस बार मामला भगवानपुर चक्करघर से जुड़ा हुआ है। इलाका वासी का आरोप है कि प्लाटिंग की आंड़ में ग्राम समाज की भूमि को बेचा जा रहा है। उधर, ग्राम प्रधान का कहना है कि यदि कोई उनके इलाके में अनाधिकृत कार्य करेगा, तो उसकी वे शिकायत करेंगे। सदर तहसील क्षेत्र की ग्राम सभा भगवानपुर का बड़ा भू–भाग पुराना शहर से जुड़ा हुआ है।

# गहरे पानी में डूबा युवक, मौत

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महजिदिया स्थित शारदा सहायक नहर में 20 वर्षीय कासिम की डूबकर मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पिता आशिक अली के मुताबिक उनका 20 वर्षीय पुत्र कासिम नशे का आदी था। बृहस्पतिवार को महजिदिया पुल के पास शारदा नहर के किनारे नशे की हालत में बैठा था। अधिक नशे में होने के कारण नहर में फिसल गया। जिससे वह पानी में डूब गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे पानी से निकाल कर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने कासिम को घोषित कर दिया।

### पेड़ से लटका मिला बहराइच के युवक का शव

**तालगांव, सीतापुर, अमृत विचार :** तालगांव इलाके में लहरपुर–कसरैला मार्ग पर कन्नपुर गांव के नजदीक युवक का शव नीम के पेड़ से फंदे से लटका मिला। आधार कार्ड मिलने पर युवक की पहचान बहराइच निवासी के रूप में हुई। तालगांव थानाक्षेत्र के कन्नपुर गांव वासी सुबह खेत की ओर निकले तो देखा कि पेड़ से युवक का शव लटक रहा है। नीम के पेड़ से फांसी के फंदे पर झूलती लाश को देखकर हड़कंप मच गया। तालगांव थाना प्रभारी दीपक राय घटनास्थल पर पहुंचे। जामा तलाश में मिले आधार कार्ड के आधार पर मरने वाले की पहचान बहराइच जनपद के खैरीघाट थानाक्षेत्र के नरोत्तमपुर गांव वासी 24 वर्षीय रानू के रूप में हुई। सूचना मिलने के बाद आए परिजनों ने अचानक हुई मौत पर आशंका जताई है।

# विद्युत उपकेंद्र पर किसानों ने किया हंगामा

**संवाददाता पिसावां, सीतापुर, अमृत विचारः** अघोषित बिजलीं कटौती व लापरवाह विद्युत कर्मियों की कार्यशैली से भड़के किसानों ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत व भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति के नेतृत्व में बिजलीं घर का घेराव करते हुये जमकर नारेबाजी की। करीब दो घंटे तक चले हंगामे के दौरान किसानों ने अवर अभियंता को भी घंटों धूप में खड़ा रखा। जिसके बाद अवर अभियंता के अस्वासन पर किसान शान्त हुये। किसानों ने अपनी मांगो को लेकर अधिशासी अभियंता के नाम संबोधित ज्ञापन अवर अभियंता को सौंपा। अघोषित बिजलीं कटौती व लापरवाह विधुत कर्मियों से परेशान पिसावां, मिर्जापुर, हसनापुर, बेरिहा, ढखौरा, दौलतियापुर सहित करीब एक दर्जन गावं के किसान भाकियू टिकैत व भाकियू कृषि क्रांति की अगुवाई में विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर नारेबाजी करते हुये जमकर हंगामा काटा। मौके पर पहुंचे अवर अभियंता राजेश गौतम को भी किसानों ने घंटों धूप में खड़ा रखा। भाकियू कृषि क्रांति के युवा जिला अध्यक्ष अजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया रात्रि में ड्यूटी करने वाले लाइनमैन शाम होते ही गायब हो जाते हैं। किसान धर्मेंद्र सिंह ने बताया हसनापुर, मिर्जापुर, बेरिहा सहित करीब चार गांवों में एक सप्ताह से एक घंटे भी बिजलीं नही मिली है। इस दौरान जयकरन सिंह, संजय कुमार, बड़कन्ने, निर्मल, रामेश्वर, अनिल सिंह, कमलेश सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।


प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते किसान संगठन के पदाधिकारी और सदस्य।

# मेदांता हॉस्पिटल की ओपीडी शुरू


स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देते चिकित्सक। अमृत विचार

**सीतापुर,अमृत विचारः** जनपद के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ या अन्य बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। मेदांता अस्पताल लखनऊ ने सैगल डायग्नॉस्टिक्स के सहयोग से विशेषज्ञ ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। मेदांता अस्पताल लखनऊ के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर ने बताया कि इस पहल के माध्यम से हर महीने तय तिथियों पर मेदांता के विशेषज्ञ डॉक्टर विभिन्न रोगों के लिए ओपीडी परामर्श देंगे। इसमें ऑन्कोलॉजी, लीवर ट्रांसप्लांट, पल्मोनोलॉजी, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, ऑर्थो व स्पाइन, हेड एंड नेक ऑन्कोलॉजी और ऑर्थोपेडिक्स जैसे चिकित्सा क्षेत्रों के अनुभवी विशेषज्ञ शामिल होंगे।

# पहली बारिश में ढहा 11.4 लाख रुपये से बना नाला

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद द्वारा जलनिकासी के लिए बनवाया गया नवनिर्मित नाला पहली ही बारिश नहीं झेल पाया और धाराशायी हो गया। मोती रोड स्थित कब्रिस्तान के सामने से साईं इंटरप्राइजेज तक बनाए जा रहे 140 मीटर लंबे इस नाले की दीवार मंगलवार की बारिश में भरभरा कर गिर गई। घटना से वार्डवासियों में खासा आक्रोश है। महमूदाबाद नगर पालिका परिषद के कुरेशी मार्ग वार्ड निवासी पंकज वर्मा और रंजीत का आरोप है कि नाला निर्माण में नियमों की अनदेखी की गई है। दावा है कि पूर्व में वार्डवासियों ने इसकी शिकायत की थी। मोतीपुर न्यू विजन स्कूल से साईं इंटरप्राइजेज तक बनने वाले 140 मीटर लंबे नाले का रुपया 11.4 लाख का टेंडर 17 सितंबर 2024 को जारी हुआ था। महमूदाबाद नगर पालिका परिषद के ईओ शैलेन्द्र दुबे ने मामला संज्ञान में आया है, स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा और संबंधित ठेकेदार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### विद्युत विभाग की मनमानी से उपभोक्ता परेशान

**पहला,अमृत विचार :** बिसवां पॉवर हाउस से क्षेत्रों में विद्युत वितरण को लेकर नियमों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे में 4 घंटा भी बिजली आना मुश्किल है। लाइन ट्रिपिंग का कारण जर्जर लाइन होना है। ग्रामीणों का दावा है कि दिन तो किसी तरह कट जाता है लेकिन रात में जंगली जानवरों और चोर आने का खतरा बढ़ गया है। बिसवां ग्रामीण क्षेत्र में हो रही समस्या को लेकर समस्या के अविलंब निस्तारण की मांग की गई है।

### चार सीओ के कार्यक्षेत्र में फेरबदल इमलिया थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

**सीतापुर,अमृत विचारः** जिले के पुलिस महकमे में फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने चार क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है, जबकि इमलिया सुल्तानपुर थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार शुक्ला को बिसवां, आलोक प्रसाद को मिश्रित, दीपक कुमार सिंह को महोली और विशाल गुप्ता को सदर/लाइंस का चार्ज दिया गया है। वहीं, साण्डा चौकी प्रभारी श्यामू कनौजिया को प्रमोट कर इमलिया सुल्तानपुर का थानाध्यक्ष बनाया गया है। थानाध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव को चंद दिन पहले क्षेत्र में हुई बड़ी चोरी की वारदात का खुलासा न कर पाने और उच्चाधिकारियों को गुमराह करने के आरोप में एसपी ने निलंबित कर दिया है।

सम्मान | प्रशिक्षु आरक्षियों को सिखाए साइबर सुरक्षा के गुर

# आईजी ने चौकीदारों को किया सम्मानित

संवाददाता सीतापुर


चौकीदार को सम्मानित करते आईजी तरुण गाबा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लखनऊ जोन के पुलिस महानिरीक्षक ने आकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सिटी सर्किल के चौकीदारों को साइकिल, टॉर्च और गमछा वितरित किए। इस अवसर पर आईजी ने चौकीदारों को अपराध नियंत्रण के लिए सतर्क और सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

पुलिस महानिरीक्षक तरुण गाबा ने कहा कि चौकीदार ग्राम व शहरी सुरक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। चौकीदारों को गांवों में संवेदनशील व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने और किसी भी आपराधिक गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने का निर्देश दिया गया। इसके बाद आईजी गाबा ने पुलिस लाइन में प्रशिक्षणरत 1400 नए आरक्षियों से मुलाकात की। उन्होंने आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर पुलिसिंग के आधुनिक तरीके बताए। बाद में उन्होंने बैरक, मेस और शौचालय आदि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, एएसपी उत्तरी आलोक सिंह, सीओ सिटी अमन सिंह, सीओ सदर सतीश चंद्र शुक्ला, कोतवाली निरीक्षक अनूप शुक्ला, आरआई बाल कृष्ण वर्मा, टीएसआई फरीद अहमद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**एआई और डिजिटल तकनीक पर फोकस :** आईजी ने बताया कि वर्तमान समय में पुलिस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में समसामयिक बदलाव किए जा रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग को देखते हुए प्रशिक्षु आरक्षियों को साइबर क्राइम और एआई आधारित अपराधों से निपटने का विशेष प्रशिक्षण आवश्यक है।

# पालिका परिषद अध्यक्ष को मातृ शोक


नगर पालिका में आयोजित शोक सभा। अमृत विचार

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद की मां सायरा बानों का बीमारी के चलते निधन हो गया। वो 94 वर्ष की थीं, उनका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा था। बुधवार देर रात उनके निधन की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग पालिका अध्यक्ष के आवास पर पहुंचे और शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी। गुरुवार, नगर पालिका परिषद कार्यालय में पालिका अध्यक्ष की मां के निधन को लेकर अधिशासी अधिकारी अनूप राय द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया। पालिका कर्मियों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। दोपहर बाद शव को मुस्तफा शाह कब्रिस्तान में सुपुर्द–ए– खाक किया गया। इस मौके पर शीलू शुक्ला, कन्हैया मेहरोत्रा, नीरज गौड़, रमा निकेत सिंह तोमर, महेंद्र अवस्थी, मनोज गुप्ता, वजाहत गौरी, अजीज मालिक, उस्मान खां, सुएब, समीर पुरी, रघुवंश अवस्थी, विपिन अवस्थी रवि शाक्य, मोहम्मद रफी, मन मोहन गुप्ता, विमल पुरी, उमंग मेहरोत्रा, मयंक टंडन, मोबीन अंसारी, विजय कश्यप, समीर राईन, महताब आलम, हाजी मुशीर, नूर, फराज अहमद, समीर राईन, निहाल कुरैशी सहित सभासद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

## जन्मदिन के अवसर पर अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किया

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** संजय गांधी अस्पताल में अवधेश शर्मा मुख्य ऑपरेशन अधिकारी के साथ तमाम युवा कांग्रेस के साथी के साथ नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किया एवं समस्त मरीज के जल्द स्वस्थ होने की कामना की एवं केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में केक काटकर राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। यूथ कांग्रेस जिला श्री शुभम सिंह ने बताया राहुल गांधी उस परिवार से हैं जिनके दादी और पिता देश के लिए अपने को कुर्बान कर दिए। राहुल देश के एक मात्र से नेता हैं जो तानाशाह के खिलाफ लड़ाई न लड़ने के लिए बिना डरे हुए हर मोड़ पर खड़े हुए हैं। इस अवसर पर अमेठी युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, उपाध्यक्ष दुर्गेश प्रताप सिंह रवि मौर्य, शुभम तिवारी, अमन राजपूत, मान सिंह करन, प्रदीप पासी, राजकरण यादव, शिवांशु राणा लोग उपस्थित रहे।

**राहुल के जन्मदिन पर खिलाई मिठाईः मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार।** गुरुवार को क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर चौराहे पर नेता विपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन कांग्रेस नेता एवं दूर संचार सलाहकार समिति के सदस्य संजय गुप्ता की अगुवाई में धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने एकदूसरे को मिठाई खिलाकर राहुल गांधी को बधाई दी। इसके पश्चात गोष्ठी में संजय गुप्ता ने कहा कि राहुल गांधी ने भारतीय राजनीति में जनसेवा, समर्पण और लोकतांत्रिक मूल्यों की भावना को निरंतर आगे बढ़ाया है। राहुल गांधी जो न केवल एक लोकप्रिय सांसद हैं बल्कि युवाओं की आवाज, किसानों के हमदर्द और आम जनता के अधिकारों के सजग प्रहरी भी हैं।



केक काटते कांग्रेस कार्यकर्ता व अन्य। अमृत विचार

### राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन मनाया

**संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार।** कांग्रेस कार्यालय संग्रामपुर में बृहस्पतिवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटा और लड्डू बांटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर कांग्रेस नेता बृजेश मिश्रा, हीरामणि कनौजिया, कुलदीप पांडेय जिलाध्यक्ष दिव्यांग प्रकोष्ठ, वरिष्ठ नेता सुरेश शुक्ला, न्याय पंचायत अध्यक्ष अभिषेक सिंह, मनोज सिंह, रामबदल कोरी, महिला कांग्रेस नेत्री ज्योति सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में बृजेश मिश्र ने राहुल गांधी के संघर्ष, विचारों और उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें गरीबों, किसानों और युवाओं की सशक्त आवाज बताया।


जन्मदिन मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार


राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया राहुल का जन्मदिन

**तिलोई, अमेठी, अमृत विचार।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिंहपुर द्वारा 19 जून को अहोरवा भवानी स्थित कांग्रेस ब्लॉक कार्यालय पर अपने नेता राहुल गांधी के 55वें जन्मदिन के शुभ अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर बड़े ही धूमधाम से जन्मदिन मनाया। आज सुबह 10 बजे ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर चंद्रमोहन तिवारी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सिंहपुर की अगुवाई में कांग्रेस सांसद रायबरेली एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगणों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने उपस्थित होकर केक काटकर सबका मुंह मीठा कराया तथा सभी लोगों ने अपने नेता राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए भगवान से प्रार्थना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस जिलाउपाध्यक्ष परमानंद मिश्र ने कहा कि राहुल गांधी देश के भावी पीएम है। जन्मदिन कार्यक्रम के दौरान ही पूर्व ब्लॉक प्रमुख त्रिवेदीगंज आशुतोष अवस्थी साथ ही उनकी पत्नी श्रुति अवस्थी ने पहुँचकर केक काटा और मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष चंद्रमोहन तिवारी,जिला सचिव महबूब खां बुगगी,मंडल अध्यक्ष शैलेश मौर्या,कमाल अहमद,हरिनाम सिंह, विनय सरोज,शिवबरन पासी,अशोक सैनी, राजकुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### मिष्ठान वितरित कर मनाया राहुल की जन्मदिन

**सिंहपुर, अमेठी, अमृत विचार।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिंहपुर द्वारा बृहस्पतिवार को अहोरवा भवानी स्थित कांग्रेस ब्लॉक कार्यालय पर अपने नेता राहुल गांधी के 55 वे जन्मदिन के शुभ अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर बड़े ही धूमधाम से जन्मदिन मनाया। आज सुबह 10 बजे ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर चंद्रमोहन तिवारी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सिंहपुर की अगुवाई में कांग्रेस सांसद रायबरेली एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगणों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने उपस्थित होकर केक काटकर सबका मुंह मीठा कराया। अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष परमानंद मिश्र ने कहा कि राहुल गांधी देश के भावी पीएम है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख त्रिवेदीगंज आशुतोष अवस्थी साथ ही उनकी पत्नी श्रुति अवस्थी ने पहुँचकर केक काटा और मिष्ठान वितरण किया एवं कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष चंद्रमोहन तिवारी,जिला सचिव महबूब खां बुगगी,मंडल अध्यक्ष शैलेश मौर्या,कमाल अहमद आदि मौजूद रहे।


केक काटकर जन्मदिन मनाते कांग्रेस नेता।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर की बैठक

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिले में 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अनिल चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम जवाहर नवोदय विद्यालय, गौरीगंज में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। सामूहिक योगाभ्यास में 500 से 600 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी तहसीलों, नगर निकायों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, विद्यालयों, पंचायत भवनों, स्टेडियम और अमृत सरोवर सहित अन्य स्थानों पर भी योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**योग के साथ पौधरोपण का भी आयोजनः** जिलाधिकारी ने कहा कि योग दिवस पर पर्यावरण संरक्षण को भी महत्व दिया जाएगा। इस अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और एक स्वस्थ, सुखी जीवन की ओर अग्रसर हों। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, आयुर्वेद विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. अनुपम समेत अन्य अधिकारी एवं उद्यमी मौजूद रहे।


बैठक करते डीएम एवं अन्य अधिकारी। अमृत विचार

# रंजिश में चलाई गोली संजीव को लगी

संग्रामपुर, अमेठी

**अमृत विचार।** क्षेत्र में पुरानी रंजिश और बदले की भावना में अंधा युवक अमृतलाल की हत्या करने निकला था, लेकिन निशाना चूक गया और गोली उसके साथी संजीव कुमार को जा लगी।

संग्रामपुर पुलिस ने इस सनसनीखेज वारदात में वांछित आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के पास से 315 बोर का एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि हत्या के प्रयास में नामजद अजय कुमार वर्मा पुत्र हरिकेश वर्मा निवासी ग्राम आमपोखर, मजरा गोरखापुर थाना संग्रामपुर क्षेत्र में छिपा है। संग्रामपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। चंडीगढ़ से शुरू हुई रंजिश, अमेठी तक पहुंची गोली पुलिस पूछताछ में अजय ने कबूला कि वह पहले अमृतलाल के साथ चंडीगढ़ में नौकरी करता था। अमृतलाल ने मालिक से उसकी झूठी शिकायत कर नौकरी छिनवा दी थी उसी रंजिश को दिल में पाले हुए उसने अमृतलाल को सबक सिखाने की ठानी। 18 जून को वह कैथोला भैरोपुर की पानी टंकी के पास तमंचा लेकर घात लगाए खड़ा था। जैसे ही अमृतलाल अपने साथी संजीव के साथ बाइक से आया, अजय ने गोली चला दी। लेकिन अमृतलाल बच निकला और गोली संजीव को लग गई।

# दुकान में आग से लाखों रुपये का नुकसान

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार।** भाले सुल्तान थाना क्षेत्र के रानीगंज बाजार में रॉयल सोफा शॉप नाम की दुकान में बुधवार की सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे लाखों का नुकसान हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लाखों का नुकसान हो चुका था। थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक के रानीगंज बाजार में रॉयल सोफा शॉप नाम से एक दुकान व कारखाना है जहां सोफा बनाकर बेचा जाता रहा है। सुबह कारखाने से धुआं उठता देख अफरातफरी मच गई। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचती, आग ने विकराल रूप ले लिया था। काफी काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लाखों का सामान जलकर राख हो चुका था।

# मारपीट में दो महिलाओं समेत सात पर केस दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** पूरे कैलाश सिंह मजरे ज्यौना गांव में घूरा लगाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दो महिलाओं समेत सात के खिलाफ कार्रवाई की है।

चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे कैलाश सिंह मजरे ज्यौना गांव में घूरा लगाने को लेकर बुधवार को महिलाओं के बीच हुए विवाद में पुरुष भी कूद पड़े। दोनों पक्षों में गाली-गलौच के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। गांव निवासी एक पक्ष से विनय पुत्र सुंदर लाल ने तहरीर देकर बताया कि अजय, समर, अमर व बाबू पुत्रगण श्याम लाल घूरा लगाने के विवाद में उसे उसकी पत्नी सोनी और भाभी अनीता से मारपीट की। मामले में विनय ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं दूसरे पक्ष के समर ने आरोप लगाया कि गांव के पड़ोसी विनय, सोनी व उनकी भाभी अनीता उसकी मां ज्ञानवती को गाली गलौज करते हुए मारने लगे। आरोप है कि बचाने गये भुक्तभोगी को भी आरोपियों ने पीटा। मामले में थाना प्रभारी प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि दो महिलाओं सहित सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर

**शुकुल बाजार,तिलोई, अमेठी अमृत विचार।** बृहस्पतिवार सुबह अमेठी जनपद के बाजार शुकुल कस्बे स्थित अंबेडकर तिराहे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात पिकअप ने पीछे से एक बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल सीएचसी ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान राम नेवाज की मौत हो गई। मृतक की पहचान राम नेवाज (45 वर्ष) निवासी भीखन शाह का पुरवा एवं घायल राम श्री (30 वर्ष), निवासी गडेहरी थाना मोहनगंज बताए जा रहे हैं। जिनका एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

# स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में खामियां उजागर

**संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार।** क्षेत्र के अंतर्गत वृहस्पतिवार को 14 उपकेंद्रों पर ट्रिपल ए (AAA+C) बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और नियमित टीकाकरण समेत कुल 11 बिंदुओं पर समीक्षा की गई। अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह, एआरओ संतोष यादव व बीसीपीएम तीर्थराज यादव की उपस्थिति में यह बैठक संपन्न हुई, जिसमें एएनएम, आशा संगिनी, आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं के नियमित टीकाकरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि यह बैठक प्रत्येक माह के पहले और तीसरे बृहस्पतिवार को सभी उपकेंद्रों पर आयोजित की जाती है। इस बार की बैठक ठेंगहा, गोरखापुर, बड़गांव, उत्तरगांव, अम्मरपुर, भौसिंहपुर, धोएं, मिश्रौली, सहजीपुर, कंसापुर, पुन्नपुर, धौरहरा, नेवादा कनू और संग्रामपुर में आयोजित की गई।


बैठक करते सीएचसी अधीक्षक संतोष सिंह।

### निरीक्षण में मिली लापरवाही, सख्त कार्रवाई के निर्देश

आशा कार्यकर्ता किरन पटेल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे। उन्होंने ट्रैकिंग बुकलेट बैठक में प्रस्तुत नहीं की और उनकी आशा डायरी अपडेट नहीं पाई गई। साथ ही 0 से 5 वर्ष के किसी भी बच्चे का नाम दर्ज नहीं था। वही आशा संगिनी सुमन सिंह ने मई 2025 में कोई सुपरविजन नहीं किया था और न ही आशा डायरी का निरीक्षण किया गया था।अधीक्षक द्वारा उनके खिलाफ स्पष्टीकरण जारी कर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि वे प्रत्येक सीवीएचएनडी सत्र और ट्रिपल ए बैठक में कुपोषित बच्चों की सूची एएनएम को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं, ताकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बच्चों को दिखाया जा सके और आरबीएसके टीम को जानकारी दी जा सके।

**योग शिविर** | योगाचार्य बृजमोहन एवं योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता ने कराया योगाभ्यास

# योग तन-मन के संतुलन और आत्मज्ञान का मार्ग है

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मातृभूमि सेवा मिशन की ओर सई नदी स्थित राणा बेनी माधव बख्श सिंह पार्क में चल रहे विशेष योग शिविर में दूसरे दिन लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव और जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पुष्पेंद्र कुमार ने भारत माता और भगवान श्रीकृष्ण की छवि के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया। योगाचार्य बृजमोहन एवं योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता ने योगाभ्यास कराया।

वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव ने कहा कि एक स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मस्तिष्क का विकास करता है और ऐसा व्यक्ति समाज व राष्ट्र के लिए अधिक उपयोगी बनता है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक विकास का भी आधार है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि लोगों का मानना है कि "योग करने से कई बीमारियां नहीं होती हैं और कई बीमारियां ठीक भी हो जाती हैं, इसलिए निरोग रहने के लिए सभी को योग अवश्य करना चाहिए। जिला संयोजक प्रदीप पांडेय ने मुंशीगंज के संकटा प्रसाद अग्रहरी, कल्लू, इंदिरा नगर के देवता दीन को सम्मानित किया।

इकाई के जिला संरक्षक समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ योगाचार्य डॉ. विश्राम यादव, योगाचार्य आर.के. सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रवींद्र कुमार सिंह, पूर्व सभासद पूनम तिवारी, समाजसेवी विष्णु तिवारी, राजेश सिंह, वरिष्ठ नागरिक राजेश पांडेय, आलोक जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए।


योग शिविर में जानकारी देती वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव।

# 33 केवी विद्युत लाइन से 500 मी. बिजली का तार चोरी, केस दर्ज

संवाददाता, अमावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने 33 केवी विद्युत लाइन से 500 मीटर बिजली का तार पार कर दिया। जानकारी होने पर जेई ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र में इंडस्ट्रियल एरिया के पास की है। त्रिपुला बिजली घर से सिधौना बिजली घर के लिए 33 केवी विद्युत लाइन कई साल पहले बनाई गई थी, जिससे सिधौना बिजली घर को बिजली की आपूर्ति की जाती थी, लेकिन वर्ष 2010 में बिजली की दूसरी लाइन बन जाने से यह विद्युत लाइन होल्ड कर दी गई थी, जिससे बिजली की आपूर्ति नहीं की जा रही थी। बीती रात चोरों ने इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सीमेंट फैक्ट्री के पीछे 500 मीटर में इस 33 केवी विद्युत लाइन के तार काट करके पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में जेई रवि गौतम ने बताया कि काटे गये तार का 600 किलो वजन है। जिसे चोरों द्वारा पार कर दिया गया है। सूचना पुलिस को दी गई है। इस संबंध में सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि घटना में चोरों को जल्दी ही बेनकाब किया जाएगा।

## सार-संक्षेप



प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

### सहकारी सचिवों को दिया गया प्रशिक्षण

**संवाददाता, रायबरेली,अमृत विचार।** जिला सहकारी बैंक मुख्यालय में भारत सरकार की पैक्स कम्प्यूटरैजैशन योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे डीडीएम नाबार्ड रवि शंकर, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता राम सागर चौरसिया, मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक बृजेश विश्वकर्मा, उपमाप्रबंधक अजय कुमार एवं रिसोर्स पर्सन विजय कुमार द्वारा समिति सचिवों को कंप्यूटराइजेशन के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### लेखपाल पर दीवार गिरवाने के आरोप

**महराजगंज, रायबरेली।** आलिम गंज मजरे ज्योना गांव निवासी अमरेंद्र व हरीराम ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनकी पुश्तैनी जमीन पर बनी दीवार को गांव के ही विपक्षियों ने लेखपाल की सह पर गिरा दिया है। दबंग विपक्षियों द्वारा जबरन दीवार खोदकर गिराते हुए विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। हल्का लेखपाल राजेन्द्र भारती आबादी से जुड़े प्रकरण में मनमानी कर रहे हैं। आए दिन जमीनी प्रकरणों में विवाद सुलझाने के बजाय लेखपाल निजी हित साधने के चक्कर में उन्हें उलझा देते हैं। मामले में एसडीएम सचिन यादव ने बताया कि राजस्व निरीक्षक को जांच सौंपी गई है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### जमीन विवाद में दबंगों ने अधिवक्ता को पीटा, 3 पर एफआईआर

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** भूमिधरी जमीन पर निर्माण रोकना भूस्वामी अधिवक्ता को मंहगा पड़ गया। मामले में दबंगों ने अधिवक्ता को पीट दिया। अधिवक्ता की तहरीर पुलिस ने एक महिला समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना क्षेत्र के पूरे बल्दी मजरे खैरा गांव की है। गांव निवासी अधिवक्ता राजेश कुमार यादव ने तहरीर में बताया कि गांव स्थित उसकी भूमिधरी जमीन पर बीते 13 जून को गांव के ही अनीश व अनुज पुत्रगण रामचंद्र,आशू पुत्र सुरेश कुमार और ऊषा पत्नी सुरेश कुमार निर्माण करा रहे थे। पीड़ित ने खेत की मेड़ छोड़ कर निर्माण कराने की बात कहते ही आरोपी उग्र हो गए। आरोप है कि मना करते ही आरोपियों ने एक राय होकर कुल्हाड़ी व लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर एक महिला समेत चार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### खेत जोत कर घर जा रहे ट्रैक्टर में लगी आग

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के सहमदा गांव में खेत जोत कर घर जा रहे ट्रैक्टर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते ट्रैक्टर धूं धूंकर जलने लगा। आसपास के लोग कुछ समझ पाते ट्रैक्टर में आग का रूप विकराल धारण कर लिया। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना फायर ब्रिगेड व 112 पुलिस को सूचना दी। लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचती ट्रैक्टर जल चुका था। ग्रामीणों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे हिम्मत सिंह मजरे राधा बालमपुर गांव निवासी कन्हैयालाल पुत्र जगन्नाथ खेत जोतकर अपने घर जा रहा था। तभी सहमदा गांव के पास शार्क सर्किट की वजह से ट्रैक्टर में आग लग गई और पूरा ट्रैक्टर जल गया।

### जमीन विवाद में मारपीट, दो की हालत नाजुक

**हरचंदपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गढरहा गांव में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। इसमें खेतई बाला निवासी अंकित, गढ़रहा निवासी कांति और रामादेवी शामिल हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला किया। सभी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद अंकित और कांति की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सब इंस्पेक्टर चक्रधर पांडेय ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग समेत दो घायल

**गदागंज, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मखदुमपुर पुलिस चौकी के निकट गुरुवार को ओवरलोड गिट्टी लदे ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवक और बुजुर्ग को टक्कर मार दिया। इसमें घायल धीरेंद्र कुमार श्री राम फिलिंग स्टेशन मतीनगंज से अपने घर ठकुराइन का पुरुवा मजरे कुसमी गांव मोटरसाइकिल से जा रहा था। वही बुजुर्ग ननकू तिवारी पुत्र पन्ना लाल तिवारी (65) पटटी शाह थाना खागा फतेहपुर ऊंचाहार जा रहे थे। तभी ओवरलोड गिट्टी लदे ट्रक की चपेट में आ गए। स्थानीय पुलिस के द्वारा सीएचसी ऊंचाहार पहुंचाया गया, जहां स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरो ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि चालक के साथ ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**जामो, अमेठी, अमृत विचार।** गुरुवार को सुबह गांव के बाहर पेड़ से लटका शव मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने हत्या के बाद शव को पेड़ से लटकाए जाने का आरोप लगाया है। दरअसल ये पूरा मामला जामो थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर गांव का है जहाँ का रहने वाला 25 वर्षीय युवक मनोज कुमार वर्मा पुत्र नंदलाल देर रात ऑर्केस्ट्रा देखने के लिए घर निकला था। आज सुबह मनोज का शव गांव के बाहर एक पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों के मुताबिक शव पर चोट के निशान मिले हैं जिससे आशंका जताई जा रही है कि पहले युवक की हत्या की गई उसके बाद उसका पेड़ से लटका दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### 73 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार।** आंगनवाड़ी केंद्र छाछा बनवीरपुर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 73 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के दौरान पांच बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गईं, जिन्हें इलाज के लिए संग्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया। वृहस्पतिवार को संग्रामपुर सीएचसी की आरबीएसके टीम डॉ. आरिफ इकबाल, डॉ. अनीता गौड़ और पैरामेडिकल स्टाफ बृजेश यादव ने छाछा बनवीरपुर में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया। इस शिविर में 73 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के दौरान तीन बच्चों में त्वचा संबंधी और दो बच्चों में दंत सम्बंधित समस्याएं पाई गईं, जिन्हें संग्रामपुर सीएचसी रेफर किया गया। डॉ. आरिफ इकबाल ने बताया कि छाछा बनवीरपुर गांव में आयोजित स्वास्थ्य कैंप में जिन पांच बच्चों को स्वास्थ्य समस्याएं पाई गईं, उन्हें बेहतर उपचार के लिए संग्रामपुर सीएचसी भेजा गया है।

### एसडीएम व राजस्व टीम पर पत्थर चलाने वाले पांच गिरफ्तार

**गौरीगंज, अमेठी, अमृत विचार।** माधोपुर गांव में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया था जब राजस्व विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची। सरकारी जमीन को खाली कराने गई टीम पर स्थानीय दबंगों ने हमला कर दिया था। इस हमले में नायब तहसीलदार अनु श्री त्रिपाठी, लेखपाल सिराज अहमद सहित कई कर्मी घायल हो गए। घटना के दौरान महिलाओं ने एसडीएम प्रीति तिवारी को घेर लिया और गाड़ी से खींचने का प्रयास किया था। उनके साथ धक्का-मुक्की की गई और सरकारी वाहन में तोड़फोड़ भी की गई थी। हालात बिगड़ते देख अधिकारियों ने किसी तरह मौके से निकलकर कोतवाली पहुंचकर अपनी जान बचाई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में उदयभान सिंह पुत्र स्व. विजयपाल सिंह, रामकेवल मौर्या पुत्र रामनारायन, रामकृष्ण मौर्या पुत्र बाबूलाल, वीरेन्द्र कुमार सिंह पुत्र अवधेश सिंह सभी निवासी वार्ड माधोपुर, थाना गौरीगंज और ईश्वर सिंह पुत्र स्व. कुंवर सिंह निवासी सरायराजशाह शामिल हैं। हालांकि, घटना में शामिल महिलाएं अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश में जिसमे पुलिस के ऊपर सवाल खड़े हो रहे है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्रशासन ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से चौकीदार की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार।** अलीनगर में हाईवे पार कर रहे चौकीदार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की बहन की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। चार बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर अलीनगर गांव के पास बुधवार रात सड़क पार कर रहे राजेश गुप्ता (45) अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल राजेश को ट्रॉमा सेंटर लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। राजेश की बहन सलोनी ने बताया कि वह रात भोजन के बाद गांव के पास स्थित एक मैरिज लॉन की रखवाली करने जा रहे थे। हाईवे पार करते समय एक तेज रफ्तार वाहन चालक ने उन्हें रौंद दिया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। एसओ तनुज पाल ने बताया कि बहन सलोनी की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वाहन और चालक की तलाश की जा रही है।

# सांसद के जन्मदिन पर भागीदारी न्याय सम्मेलन आयोजित


डलमऊ ब्लाक क्षेत्र में आयोजित भागीदारी न्याय सम्मेलन में मौजूद कांग्रेसी।


सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर केक काटते कांग्रेसी।


लालगंज के कांग्रेस कार्यालय में राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कार्यकर्ता।

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर गुरुबक्श पुरवा मजरे खलीलपुर ब्लॉक डलमऊ में भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत कुमार रहे। कार्यक्रम का संचालन यूथ कांग्रेस रायबरेली के प्रवक्ता सीतांशु मौर्य ने किया। मुख्य अतिथि कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी ने बताया कि जननायक राहुल गांधी संविधान योद्धा हैं, जो आज के परिवेश में संविधान के आदर्श मूल्य और सिद्धांतों के अनुरूप शासन व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। विशेष अतिथि डॉ प्रशांत कुमार ने कहा कि देश में अगर कमजोर लोगों को सफल बनाना है तो उनके लिए सबसे पहले शिक्षा और स्वास्थ्य का बेहतर इंतजाम सरकार को करना चाहिए। आयोजक वीरेंद्र यादव ने बताया कि राहुल गांधी इस देश के इकलौते नेता हैं जो गरीबों पिछड़ों की लड़ाई लड़ रहे हैं। मिशन कोचिंग के डायरेक्टर योगेश कुमार, पूर्व प्रधान प्रभा चौधरी, विनोद कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार, मोहम्मद शाहिद, जागेलाल कुशवाहा, मनोज कुमार, राजेंद्र कुमार, पवन कुमार, राम भरोसे, अभिषेक मौर्य, प्रशांत मौर्य, पीयूष यादव, शिवेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।


मरीजों को फल वितरित करते हुए ब्लाक कांग्रेस की टीम।

## एक नजर

### तीन दिवसीय जागरण आज से

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** मोन गांव स्थित मां रक्षणी देवी के स्थान पर 20 जून से 22 जून तक तीन दिवसीय जागरण का आयोजन किया जाएगा। 23 जून को हवन पूजन के बाद शोभायात्रा व प्रसाद वितरण किया जाएगा। पंडित जीतू महराज ने बताया कि जागरण कार्यक्रम अनुराग सिंह, अमित तिवारी, अभय सिंह, हर्षित, सुमित, अंश, आयूष आदि युवाओं के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नबाबगंज में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। बृहस्पतिवार को नबाबगंज में लड़की को साथ ले जाने के आरोप में वांछित अभियुक्त अर्पित सिंह पुत्र हरीध्यान सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी अजय कुमार राय ने बताया कि वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार जेल भेजा गया।

### ई-रिक्शा पलटने से किशोर घायल

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** महराजगंज-रायबरेली मार्ग पर ई रिक्शा पलटने से 16 वर्षीय किशोर घायल हो गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना सोथी गांव के पास की है। महराजगंज आ रहा ई रिक्शा सोथी गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। ई रिक्शा पर सवार कोतवाली क्षेत्र के जिह्वा गांव निवासी ऐश मोहम्मद पुत्र शमीउल्ला घायल हो गया। गंभीर हालत में सीएचसी महराजगंज लाया गया। चिकित्सकों ने किशोर की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मारपीट का आरोप, शिकायत

**नसीराबाद, रायबरेली, अमृत विचार।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर एक शिव नगर निवासी राजेंद्र ने पुलिस को तहरीर दी है। शिकायतकर्ता पुलिस को बताया है कि गुरूवार को अशरफपुर काम करने जा रहा था। उसका आरोप है कि अशरफपुर पुल पर उदवत का पुरवा थाना जायस के वीरेंद्र, आकाश व दो अन्य साथियों ने उसकी पिटाई कर दी। राहगीरों की वजह से उसकी जान बची। थानाध्यक्ष कमलेश कुमार राजभर ने बताया कि दोनों तरफ से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। जांच की जा रही है।

### विषाक्त पदार्थ खाने से महिला की बिगड़ी हालत

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** बृहस्पतिवार को जगतपुर थाना क्षेत्र के भट पुरवा गांव की रहने वाली श्रीदेवी पत्नी शिवबरन घरेलू विवाद को लेकर अपने ही घर में रखें विषाक्त पदार्थ खा लिया। जिसके बाद महिला की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने आनन फानन में उसे जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला चिकित्सालय भेजा गया। सीएचसी के चिकित्सक लइक अहमद ने बताया कि एक महिला विषाक्त पदार्थ खाकर आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया।

### पूर्व चेयरमैन का कैंसर से निधन

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** नगर पंचायत परशदेपुर की पूर्व अध्यक्ष रुबैदा खान का कैंसर की बीमारी से मुंबई में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की जानकारी मिलते ही परशदेपुर में रह रहे परिजन मुंबई रवाना हो गए। वे 2006 में नगर पंचायत की अध्यक्ष बनी थी और पिछले करीब तीन साल से कैंसर से पीड़ित थी। उनका इलाज मुंबई में चल रहा था। गुरुवार को मुंबई के ही कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।


पूर्व अध्यक्ष रुबैदा खान।

# जीएसटी विभाग ने 57 करोड़ की पकड़ी फर्जी कंपनी

## फर्जीवाड़े पर सत्य नगर निवासी रमेश चंद्रा के नाम एफआईआर दर्ज

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जीएसटी विभाग ने एक फर्जी कम्पनी पकड़ कर एफआईआर दर्ज कराई है। कम्पनी पंजीकरण के बाद कोई व्यापारिक गतिविधि नहीं कर रही थी। इसी कारण को लेकर उसका पंजीकरण निरस्त हुआ था, लेकिन उसके बाद भी कम्पनी ने दिल्ली से 57 करोड़ का कारोबार कर लिया। शहर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली थाना इलाके के सत्यनगर निवासी रमेश चंद्रा ने राजधानी इंटरप्राइज़ के नाम से कम्पनी पंजीकृत कराई थी। कम्पनी के स्थलीय निरीक्षण को जब जीएसटी विभाग के अधिकारी आए तब यहां कोई व्यापारिक गतिविधि नहीं मिली। इसके कारण फरवरी माह में इसका पंजीकरण निरस्त कर दिया गया था।

**मुकदमा दर्ज**

**कंपनी के निरस्त पंजीकरण पर गलत तरीके दिल्ली से किया करोड़ों का कारोबार**

व्यापारी द्वारा माह फरवरी का रिटर्न फर्म सस्पेंड होने के पश्चात बोगस आईटीसी जनरेट करते हुए दिल्ली की फर्म शिव इण्टरप्राइजेज को जीएसटीआर-1 में 57.35 करोड़ की सप्लाई पर 10.76 करोड़ आईजीएसटी की आईटीसी ट्रान्सफर किया गया है और अपने जीएसटीआर-3बी में बोगस आईटीसी जनरेट करते हुए सीजीएसटी आईटीसी 5.38 करोड़ व एसजीएसटी आईटीसी 5.38 करोड़ की डिमाण्ड से सेट ऑफ किया गया है। जांच में पता चला कि व्यापारी राजधानी इण्टरप्राइजेज द्वारा बिना वास्तविक आपूर्ति प्राप्त किये आईटीसी जनरेट कर कपटपूर्ण ढंग से आईटीसी पास आन किया गया है। व्यापारी द्वारा बिना माल की वास्तविक सप्लाई किये हुए केवल बोगस आईटीसी को हस्तान्तरित किया गया है।

सहायक आयुक्त राज्य विभाग खण्ड-1 रायबरेली रीतेश बर्नवाल ने तहरीर में बताया कि व्यापारी द्वारा कूटरचित प्रपत्र बिजली के बिल के भुगतान की रसीद को स्वामित्व के प्रमाण के रूप में अपलोड कर पंजीयन प्राप्त कर राजस्व हानि की गई। व्यापारी द्वारा किए गए जीएसटी फ्राड यथा बिना वास्तविक माल की बिक्री किए केवल बोगस आईटीसी पासऑन करने के लिए एवं राजस्व की हानि की है। कोतवाली में जीएसटी ने फर्जीवाड़े पर सत्य नगर निवासी रमेश चंद्रा के नाम एफआईआर दर्ज की गयी है। सीओ अमित सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर प्राप्त अभिलेखों के आधार पर मामले क़ी जांच की जा रही है।

# मुर्गी चुराने से रोका, धारदार हथियार से किया हमला, मौत

अमावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की शाम एक पोल्ट्री फार्म से मुर्गी चुराने की जानकारी व्यवसायी को हुई तो उसने मुर्गी चोरों को दौड़ा कर मुर्गी चोरी का विरोध किया। जिससे आक्रोशित मुर्गी चोरों ने व्यवसायी पर लाठी डंडों के अलावा धारदार हथियार से हमला कर दिया। मरणासन्न स्थिति में छोड़कर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जिसकी ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के कोड़रस बुजुर्ग गांव की प्रधान रामावती के देवर रजत यादव उर्फ पुराने यादव (32) पुत्र स्व. सुखनंदन का गांव में ही पोल्ट्री फार्म है। बुधवार की शाम पांच बजे थाना क्षेत्र के पूरे गड़रियन के किशन उर्फ सबीरा पुत्र कल्लू अनमोल उर्फ अमोल पुत्र मलिक नाथ अर्पित उर्फ हीरा पुत्र अभय नाथ मनीष पुत्र अगमनाथ अपने शिकारी कुत्तों के साथ पुराने के ट्यूबवेल पर पहुंच गए। उक्त चारों आरोपी जहरीले जानवर सांप आदि पकड़ने का काम करते हैं। चारों लोगों ने पोल्ट्री फार्म से मुर्गी चुरा ली और मुर्गी ले जाते समय पुराने यादव की नजर इन पर पड़ गई। पुराने यादव ने दौड़ाकर मुर्गी चोरी का विरोध किया तो आरोपियों ने पुराने पर हमला बोल दिया और धारदार हथियार से ताबड़तोड़ कई बार वार कर पुराने यादव को मरणासन्न कर दिया और मौके से भाग निकले। परिजनों ने आनन-फानन घायल पुराने को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान पुराने यादव की मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। इस संबंध में सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि घटना में शामिल आरोपियों को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल की जा रही है।

# सासंद के जन्मदिन पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रायबरेली, अमृत विचार।** सिमहंस हॉस्पिटल में गुरूवार को सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निशुल्क ब्लड्र प्रेशर एवं शुगर की जांच की गई। सिमहैंस हास्पिटल के निदेशक डॉ. मनीष चौहान ने बताया कि सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर सिमहैंस हास्पिटल में केक काटा गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# मरीजों को फल वितरित कर मनाया जन्म दिन

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर राही ब्लॉक अध्यक्ष कामतानाथ सिंह की अध्यक्षता में ब्लाक कार्यालय पर पहले केक काटा गया। इसके बाद बेलाभेला सीएचसी में मरीजों को फल वितरण किया गया। ब्लॉक सचिव, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सोनू यादव, सुरेश यादव, राजेश गुप्ता, गुड्डू शर्मा, न्याय पंचायत अध्यक्ष पवन त्रिवेदी, गया प्रसाद बाजपेई, राम प्रसाद श्रीवास्तव, रामफल यादव, शैलेन्द्र मिश्रा, रमेश सिंह, रामसिंह, रिजवान खान, अमित पासी, अवधेश यादव, विनोद अवस्थी, सुभाष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# सांसद राहुल गांधी का मनाया जन्म दिवस

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लालगंज द्वारा कांग्रेस कार्यालय में सांसद राहुल गांधी का जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कामता प्रसाद गौड़, कमल सिंह चौहान, कृष्ण कुमार तिवारी, राजनरायन यादव, रामराज यादव, विनोद कुमार गुप्ता, राजेंद्र बहादुर सिंह, अशोक चौधरी, अमित कुमार, रामबहादुर सैनी, मो गुलज़ार, जयकरण, पंकज, अमन, आयुष, नीलेश सिंह, नरेंद्र यादव और धर्मेंद्र आदि ने राहुल गांधी की लंबी आयु की कामना की।

## सार-संक्षेप

### चौपाल में लाभार्थियों को बांटे गए आयुष्मान कार्ड सड़क

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** लालगंज मण्डल के सेमरपहा सेक्टर के पंचायत घर कोरिहरा में पंचायत चौपाल आयोजित हुई। पंचायत घर दतौली, धन्नीपुर महाखेड़ा, मदुरी शक्ति केंद्र के हरीपुर पंचायत भवन, सरस्वती शिशु मंदिर बेहटा कला आदि स्थानों पर मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर चौपाल आयोजित की गई। चौपाल कार्यक्रम में आयुष्मान योजना के लाभार्थी मौजूद रहे। आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में बोलते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप पांडे और मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि मोदी सरकार गांव गरीब की सरकार है। प्रधानमंत्री की मंशा है कि कोई भी गरीब व्यक्ति दवा के अभाव में परेशान ना हो और उसका समय पर समुचित इलाज हो। केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपए तक इलाज फ्री होता है। मण्डल महामंत्री राजेश निर्मल, सेक्टर संयोजक शिवबोध सिंह, बूथ अध्यक्ष अजय मोहन दीक्षित, प्रधान मनोज त्रिवेदी, दुर्गाशंकर बाजपेई, लक्ष्मी शरण पाण्डेय, बबलू पाण्डेय, बूथ अध्यक्ष राजा, सतेन्द्र बहादुर सिंह, अखिलेश बाजपेई, सेक्टर संयोजक धर्मेन्द्र निर्मल, बूथ अध्यक्ष बम बहादुर यादव, मण्डल उपाध्यक्ष बृज किशोर सिंह, अखिलेश बाजपेई, राहुल सिंह, शशिकांत शुक्ल सहित सभी बूथ अध्यक्ष एवं आयुष्मान कार्ड के लाभार्थी उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में बोलते भाजपा नेता अनूप पांडे।

### सड़क हादसों में चार घायल, तीन लोग गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में कुल चार लोग घायल हो गये। जिसमें तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पहली घटना कानपुर उन्नाव राजमार्ग पर लल्ली की चक्की चौराहे के पास की है, जहां गुरुवार को दो बाइकों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना में एक बाइक पर सवार धीरेंद्र निवासी पूरे ठकुराइन मजरे कुसुमी थाना जगतपुर व दूसरी बाइक पर सवार ननकऊ निवासी पट्टी शाह खागा जिला फतेहपुर घायल हो गये। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना सूची खरौली मार्ग पर किशुनदासपुर गांव के पास की है, जहां गुरुवार की दोपहर बुलेट अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल से टकरा गई। घटना में गोपाल निवासी छोटा सरबहदा व रामजीत निवासी पुरनशाहपुर घायल हो गये, जिन्हें स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी भिजवाया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल चार लोग सीएचसी आये थे, जिसमें गोपाल, धीरेंद्र व ननकऊ को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### पोस्टमास्टर पर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप, रंगे हाथ पकड़ा

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाने की अटौरा चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने गुरुबक्शगंज थाने में तहरीर देकर अपने ही गांव निवासी पोस्टमास्टर पर अपनी 11 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया की गुरुवार की सुबह 11 बजे उसी के गांव के रमेश सिंह भदौरिया पुत्र स्व. भगवान सिंह जो पोस्टमास्टर के पद पर कार्यरत हैं। पास-बुक देने उसके घर पर आये। उस समय प्रार्थिनी घर पर मौजूद नही थी। घर पर प्रार्थिनी की 11 वर्षीय बेटी अकेली थी। बच्ची को अकेला पाकर रमेश उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा और उसे जबरन चारपाई पर लिटाकर दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। बच्ची के चीखने चिल्लाने पर आस पड़ोस के लोग और प्रार्थिनी भी घर पर पहुंच गई और सभी लोगों ने रमेश सिंह भदौरिया को कुकृत्य करते रंगे हांथ पकड़ लिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

### जिला पंचायत सदस्य की अगुवाई में किसानों ने दिया धरना

**हरचंदपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** नहर की सफाई न होने से नाराज सैकड़ों किसानों ने जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में गुरुवार को धरना-प्रदर्शन किया। राजामऊ रजबहा में पिछले ढाई साल से सफाई नहीं हुई है। इससे पानी के अभाव में किसान खेती नहीं कर पा रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार और सिंचाई विभाग को मांग पत्र सौंपा। तहसीलदार ने जल्द नहर की सफाई कराकर पानी छोड़ने का आश्वासन दिया। नहर में पानी नहीं आने से क्षेत्र के जोहवा हिसार, स्योठी, डिघौरा, सोममऊ दतौली, बरगदहा, अंगूरी, खिरिजपुर करौंदी, रहवा और अचलेश्वर समेत एक दर्जन से अधिक गांवों की धान की फसल प्रभावित हो रही है। जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वे किसानों के साथ खड़े हैं। उनकी समस्याओं को यदि दूर नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी कीमत पर मनमानी नहीं होने दी जाएगी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश सिंह ने अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। धरने में जिला पंचायत सदस्य रामकुमार कोरी, भाजपा नेता विजय वाजपेई, पूर्व जिला अध्यक्ष रामदेव पाल, योगेश सिंह और अमरदेव यादव आदि मौजूद रहे।

# थानेदार पर कार्रवाई, नहीं हटा हाईवे पर दुकानों का अतिक्रमण

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** अतिक्रमण के कारण आए दिन कस्बे में हाईवे पर लग रहे जाम को लेकर जिम्मेदार तनिक भी फिक्रमंद नहीं है। हाल ही में जाम के कारण ही थानाध्यक्ष तक पर गाज गिर चुकी है। लेकिन थाने की बाउंड्री सटे फल की सजी दुकानें हो या फिर फुटपाथ तक दुकानदारों का कब्जा आज भी पहले की ही तरह बरकरार है।

थाना क्षेत्र ही नही अपितु जनपद के लोगों ने पहली बार देखा कि जनपद के पुलिस विभाग के मुखिया द्वारा मार्ग जाम होने के कारण किसी थाना अध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक रायबरेली की इस कार्यवाही को देखकर लोगों में यह विश्वास हुआ कि जाम और अवैध अतिक्रमण की समस्या को लेकर भी हमारी पुलिस सजग है। लेकिन ऐसा कुछ होता फिलहाल नहीं दिखाई दे रहा है। वर्तमान में बछरावां थाने की बाउंड्री की एक हिस्से पर अवैध अतिक्रमण की भरमार मची हुई है। कुछ फल विक्रेताओं द्वारा थाने की चौथाई बाउंड्री को अपने कब्जे में ले लिया गया है और यह ऐसी जगह पर कब्जा है, जहां लखनऊ से रायबरेली और इलाहाबाद जाने वाली बसें आकर रूकती हैं। बगल में जगह न होने के कारण यह बसे हाईवे पर ही खड़ी हो जाती हैं। यह स्थान एक ऐसा चौराहा है जहां शिवगढ़ और लालगंज मार्ग की और आने जाने वाले वाहन नेशनल हाईवे पर आते हैं। बसों के खड़े हो जाने से पूरे दिन यहां पर जाम की स्थिति बनती बिगड़ी रहती है।

गौरतलब है कि कुंभ मेले के समय यह सारी दुकाने हटवा दी गई थी। दोबारा फिर से दुकानें लग गई हैं। अब देखना यह है की मात्र महाराजगंज मार्ग पर लगे जाम और अतिक्रमण के कारण थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्यागी के लाइन हाजिर होने के बाद थाने की बाउंड्री को कब तक अतिक्रमणकारियो से मुक्त हो पाती है।


बछरावां थाने की बाउंड्री से सटकर फुटपाथ पर लगी फल की दुकानें।

# निस्तारित वादों व लंबित मुकदमों की समीक्षा बैठक

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ और अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा की संयुक्त अध्यक्षता में अपराध, कानून व्यवस्था, अभियोजन कार्यों की अप्रैल-मई को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक हुई।

बैठक में निस्तारित वादों और लंबित केसों की कार्यवाही की समीक्षा की गई। साथ ही मिशन शक्ति में महिलाओं से संबंधित केसों में नियमानुसार त्वरित कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। अधिकारी द्वय ने आपसी रंजिश, अपराध रोकथाम, साइबर अपराध, विवेचना निस्तारण, भूमि विवाद निस्तारण, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पाबंदी की कार्यवाही, गुंडा एक्ट, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि की समीक्षा करते हुए अपराधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न, पॉस्को, हत्या, बलात्कार, अपहरण, दहेज प्रथा आदि प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिए कहा। जघन्य अपराधियों में कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। जनसमस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतें लंबित ना रखी जाए। शिकायतें प्राप्त होते ही तत्काल उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में उन्होंने जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही कराने के निर्देश दिए। बैठक में अभियोजन अधिकारियों सहित शासकीय अधिवक्ता व अभियोजन से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

## संगठन की मजबूती ही जीत का मूल मंत्र

**ऊँचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधानसभा ऊँचाहार के नवनियुक्त संगठन प्रभारी डॉ रूदल यादव के प्रथम विधानसभा आगमन पर सपा कार्यकर्ताओं के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। साथ ही आयोजित कार्यक्रम में बूथ संगठन और आगे संगठन को कैसे मजबूत किया जाए इस रणनीति पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि ऊंचाहार विधानसभा समाजवादी पार्टी की जीती हुई सीट है और आगे भी सपा के प्रति ये लोगों का उमड़ता हुआ जन समूह बता रहा है कि 27 में भी समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी ही चुनाव जीतेगा। संगठन की मजबूती ही जीत का मूलमंत्र है।

**अनदेखी** — राही ब्लाक क्षेत्र में छह साल में आठ लाख से अधिक पौधे किए जा चुके रोपित, खानापूरी कर रहा वन विभाग

# भीषण गर्मी में रोपित पौधों को बारिश का सहारा, कैसे बचे हरियाली

शंकर सिंह, राही, रायबरेली

**अमृत विचार।** वर्तमान में आसमान से सूरज भगवान आग उगल रहे हैं। ऐसे में लोग जरूरत पड़ने पर ही घरों से निकल रहे हैं। इन सबके बीच शासन के निर्देश पर हर साल पौधारोपण अभियान चलाया जाता है। इसमें जिले के आला अफसर तक संजीदगी के साथ लक्ष्य को पूरा करते हैं। वहीं जिम्मेदार विभाग सिर्फ खानापूरी करके कागजों पर हरियाली को बढ़ाने में लगा हुआ है। राही ब्लाक क्षेत्र के आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले छह साल में आठ लाख से अधिक पौधे रोपित किए जा चुके हैं। लेकिन पूर्व में रोपित पौधे कितने सुरक्षित यह है किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में जहां सरकार की मंशा को विभाग के जिम्मेदार पलीता लगा रहे हैं। वहीं आने वाले कल को भी सुरक्षित नहीं कर रहे हैं।

राही ब्लाक में 73 ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों में हर साल लाखों पौध रोपित किए जाते हैं, किन्तु जिम्मेदारों की अनदेखी से अधिकांश पौधे नष्ट हो जाते हैं। इसको भुलाकर और फिर अगले साल लाखों पौधे रोपित कर दिए जाते हैं। वैसे तो हरियाली और पेड़ों का सही महत्व कोरोना महामारी के दौरान ही लोगों को सही मायने में महसूस हो सका। साल 2019 में जब कोविड महामारी ने अपना विकराल रूप धारण किया था। विश्व इसकी चपेट में था। लोगों का आक्सीजन लेवल दिनों दिन काफी कम हो रहा था। लोग जीवन और मौत के संघर्ष से जूझ रहे थे, तभी लोगों ने पेड़ों की अंधाधुंध कटान से हो रहे नुकसान को समझा और पौधरोपण के महत्व को समझा और तब लोग नई ऊर्जा के संग पौध रोपण कार्य में सक्रिय हुए।

### मनरेगा से गांवों में रोपित किए गए पौधे

वन विभाग की ओर से हर साल ब्लाक को पौधे उपलब्ध कराए जाते हैं। ग्राम पंचायतें मनरेगा से मिले लक्ष्य के अनुसार पौध रोपित करती हैं। मनरेगा के तहत एक मजदूर को 10 गड्ढे खोदने पर उसे 253 रुपये की मजदूरी मिलती है। इस तरह से सिर्फ पांच साल में पौधरोपण पर आए खर्च का आकलन किया जाए तो करोड़ों की धनराशि खर्च करने के बाद भी वांछित परिणाम नहीं निकलता नजर आ रहा है। एक अधिकारी ने दबी जुबान से बताया कि रोपित पौधों में सिर्फ दस फीसद ही सुरक्षित बच पाते हैं। कुछ एक स्थान ऐसे हैं, जहां पर दो से तीन बार रोपित किया जा चुका है।

### पिछले पांच साल में ब्लाक द्वारा पौधरोपण का विवरण

| वर्ष | पौधारोपण |
|---|---|
| 2020-21 | 108186 |
| 2021-22 | 129867 |
| 2022-23 | 151475 |
| 2023-24 | 153945 |
| 2024-25 | 153945 |
| 2025-26 | 153945 |

> पौधरोपण की अभी तारीख निश्चित नहीं है। पौधरोपण की तैयारी चल रही है। रोपित पौधों को संरक्षित करने का पूरा प्रयास किया जाता है।
>
> -अरविंद सिंह, एपीओ राही

# व्यापारी से लूट में दो बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** पुलिस ने महराजगंज कोतवाली क्षेत्र में व्यापारी के साथ हुई लूट का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने लूट में शामिल रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार कर नकदी और कार भी बरामद कर लिया है। गुरुवार को एसपी ने प्रेस वार्ता कर लूट की घटना का खुलासा किया। महंगी लाइफ स्टाइल का खर्च वहन करने के लिये बदमाशों ने लूट को अपना पेशा बनाया था।

बीते 16 जून को महराजगंज थाना इलाके में कानपुर आलू खरीदने जा रहे सब्ज़ी व्यवसायी मो. शमीम की पिकअप को रोक कर दो कार सवार बदमाशों ने लूट लिया था। बदमाशों ने खुद को पुलिस कर्मी बताते हुए चेकिंग के नाम पर रोका और लूट करके फरार हो गये। पुलिस एसओजी और सर्विलांस टीम ने इन लोगों को पकड़ने के लिये जब काम शुरू किया तो इनकी लोकेशन लखनऊ की पॉश कॉलोनी में मिली। लोकेशन मिलते ही पुलिस ने सुल्तानपुर जनपद के थाना कादीपुर के पुखरदहा निवासी रुद्र प्रताप सिंह और जनपद बस्ती के थाना पैकुलिया के मुकुंदपुर गांव निवासी आदर्श सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के कब्ज़े से लूट के पैसे व रिवॉल्वर साइज़ की एयर गन समेत वह कार भी बरामद हो गई, जिससे यह लूट को अंजाम दिये थे।

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि पुलिस की पूछताछ बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम देना कुबूल किया है। यह लोग लखनऊ में किराये का मकान लेकर आलीशान ज़िन्दगी जीने के लिये लूट करते हैं। उच्च शिक्षित इन युवाओं ने अपने घर वालों को भी भ्रमित करते हुए खुद के जॉब में होने क़ी बात बता रखी है। ये लोग ऐसी घटनाओं को अंजाम देकर अपना खर्चा चलाते थे। सबसे खास बात इनके वाहन पर विधायक का पास भी लगा हुआ था। पुलिस ने बदमाशों को जेल भेज दिया है।


लूट के आरोप में पकड़े गए बदमाश।

यत् सुखं सेवमानोपि धर्मार्थाभ्यां न हीयते।
कामं तदुपसेवेत न मूढव्रतमाचरेत्।।

व्यक्ति को यह छूट है कि वह न्यायपूर्वक और धर्म के मार्ग पर चलकर इच्छानुसार सुखों का भरपूर उपभोग करें, लेकिन उनमें इतना आसक्त न हो जाए कि अधर्म का मार्ग पकड़ ले।

## संपादकीय

# रक्षा सहयोग पर सहमति

विश्व व्यवस्था में तेजी से हो रहे उठापटक के बीच दुनिया के विकास, दुनिया को समझने का तरीका साफ तौर पर बदल गया है। इससे भारत और यूरोपीय संघ भी अछूते नहीं रहे हैं। वास्तव में आज भारत और यूरोप के बीच साझेदारी का महत्व है। यूरोपीय संघ के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनाने में क्रोएशिया का समर्थन एवं सहयोग जरूरी है। कनाडा से वापस लौटते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्रोएशिया दौरा भारत की यूरोपीय रणनीति के लिए अहम है। प्रधानमंत्री मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता की। दोनों देशों ने रक्षा सहयोग योजना तैयार करने पर सहमति जताई। इस दौरे में रक्षा सहयोग, निवेश, तकनीक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर कई समझौते हुए। भारत और क्रोएशिया के संबंध पुराने हैं। क्रोएशिया ने 1991 में यूगोस्लाविया से अलग होकर स्वतंत्रता की घोषणा की। भारत ने मई 1992 में क्रोएशिया को औपचारिक रूप से मान्यता दी और 9 जुलाई 1992 को भारत से राजनयिक संबंध स्थापित हुए। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। क्रोएशिया छोटा देश है परंतु भौगोलिक रूप से महत्वपूर्ण है। यूरोपीय संघ और नाटो में उसकी राजनीतिक पकड़ भी है। यह यूरोप का महत्वपूर्ण समुद्री प्रवेश द्वार है, जो यूरोप को निर्यात करने के लिए महत्व रखता है। क्रोएशिया की चीन पर कम निर्भरता और उसके बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के प्रति संदेह इसे भारत के लिए एक अच्छा भागीदार बनाते हैं। यानी क्रोएशिया भारत के लिए एक भरोसेमंद साथी साबित हो सकता है।

क्रोएशिया में भारतीय समुदाय पिछले तीन वर्षों में तेजी से बदला है। वहां जनसांख्यिकीय स्थिति बहुत बदल गई है। वहां अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के लिए बहुत से विदेशी श्रमिकों को नियोजित किया जा रहा है। द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ क्रोएशिया में बढ़ते भारतीय प्रवासी हैं। 2023 में दोनों देशों के बीच 337.68 मिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ। दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव, हालांकि मामूली पैमाने पर है, लेकिन इसमें वृद्धिशील प्रगति देखी गई है। जानकारों के मुताबिक पीएम मोदी का यह दौरा भारत की यूरोपीय रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। भारत के रुख की बड़ी वजह उसके व्यावहारिक भू-राजनीतिक हित भी हैं, बहुपक्षीय सहयोग की भारत की नीति यहां अहम हो जाती है। साथ ही इस यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी।

# भारत-कनाडा रिश्तों का नया दौर



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय रही हैं। उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना करते हुए उसे ऊर्जा संक्रमण, टेक्नोलॉजी और भू–राजनीति में एक अहम भागीदार बताया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत के बिना वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव नहीं।

भारत और कनाडा के संबंधों में हाल के समय में एक नया मोड़ आया है। जी-7 शिखर सम्मेलन में भागीदारी के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कनाडा यात्रा ने इस द्विपक्षीय संबंध को पुनर्जीवित करने की दिशा में नई शुरुआत की है। यह यात्रा कई मायनों में प्रतीकात्मक ही नहीं बल्कि व्यावहारिक दृष्टिकोण से भी ऐतिहासिक मानी जा रही है। बीते वर्षों में भारत और कनाडा के रिश्तों में जो ठहराव आया था, उसका कारण केवल राजनयिक मतभेद नहीं थे बल्कि गहरे राजनीतिक तनाव और सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं भी थी। प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा ने न केवल इन अवरोधों को दूर करने की पहल की बल्कि भविष्य में सहयोग के व्यापक द्वार भी खोल दिए हैं। प्रधानमंत्री की यह यात्रा मात्र 23 घंटे की थी लेकिन इसका प्रभाव बहुआयामी रहा। यह यात्रा ऐसे समय हुई, जब कनाडा की राजनीति में परिवर्तन हुआ है और मार्क कार्नी के रूप में एक नया नेतृत्व सामने आया है। ट्रूडो सरकार के दौर में भारत और कनाडा के बीच खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को लेकर भारी तनाव रहा। भारत की कई बार की चेतावनी और शिकायतों के बावजूद ट्रूडो सरकार ने इन्हें नजर अंदाज किया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों के राजनयिक संबंध लगभग ठप पड़ गए थे।

हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। भारत ने इन आरोपों को सिरे से नकारा और कनाडा की धरती से भारत विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की प्रवृत्ति को मुख्य समस्या बताया लेकिन अब जब कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस ने खुद यह स्वीकार कर लिया है कि खालिस्तानी तत्व कनाडा से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, तब जाकर भारत की वर्षों पुरानी चिंता को औपचारिक मान्यता मिली है। मार्क कार्नी के नेतृत्व में कनाडा की नीति में स्पष्ट बदलाव देखा जा रहा है। भारत के साथ संबंध सुधारने की कोशिशों में ईमानदारी और व्यावहारिकता दोनों दिख रही है। प्रधानमंत्री मोदी और कार्नी की कनैनिस्किस में हुई मुलाकात इस नई दिशा की शुरुआत का प्रतीक बनी। इस बैठक में न केवल उच्चायुक्तों की पुनर्नियुक्ति पर सहमति बनी बल्कि वर्षों से रुकी पड़ी व्यापार वार्ता को पुनः शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। दोनों देशों ने डिजिटल ट्रांजिशन, खाद्य सुरक्षा, टेक्नोलॉजी और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग गहराने पर सहमति जताई।

जी–7 सम्मेलन के दौरान भारत और कनाडा के नेताओं की मुलाकात ने दिखा दिया कि दोनों देश अब अपने संबंधों को एक नए आधार पर पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। यह आधार है आपसी सम्मान, संप्रभुता की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी और वैश्विक मंचों पर संयुक्त सहयोग। उच्चायुक्तों की बहाली केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि विश्वास बहाली की दिशा में पहला ठोस कदम है।

प्रधानमंत्री की इस यात्रा के बाद कनाडा सरकार द्वारा खालिस्तानियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानना और इसके सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना एक बड़ा कूटनीतिक बदलाव है। यह केवल बयान भर नहीं बल्कि भारत के पक्ष को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैधता देने जैसा है। यह बदलाव भारत-कनाडा संबंधों में नया आत्मविश्वास भरता है। इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पक्ष ऑपरेशन 'प्रोजेक्ट पेलिकन' रहा, जिसमें कनाडा और अमेरिका में सक्रिय खालिस्तानी समर्थक ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। इस ऑपरेशन ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि खालिस्तान समर्थक न केवल विचारधारा बल्कि संगठित आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल हैं। इन गतिविधियों से प्राप्त धन भारत विरोधी अभियानों में लगाया जा रहा था। ऐसे मामलों में कार्रवाई कर कनाडा ने यह संकेत दिया है कि अब वह भारत की सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता से ले रहा है।

जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की भागीदारी भी एक प्रमुख संकेत है। यह प्रधानमंत्री मोदी की इस मंच पर छठी उपस्थिति थी। भारत की इस निरंतर भागीदारी ने उसे वैश्विक मंचों पर एक स्थायी और प्रभावी आवाज बना दिया है। सम्मेलन में भारत ने वैश्विक दक्षिण के मुद्दों, आतंकवाद, स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण जैसे मुद्दों पर अपनी स्पष्ट भूमिका प्रस्तुत की। यह भारत की उस भूमिका को रेखांकित करता है, जो वह 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति में निभाना चाहता है। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद पर अपनी मजबूत स्थिति को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवाद और उसे प्रोत्साहन देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी भी उन्होंने साझा की, जिससे यह संदेश गया कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए कठोर और निर्णायक कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

जी-7 सम्मेलन के दौरान भारत और कनाडा के नेताओं की मुलाकात ने दिखा दिया कि दोनों देश अब अपने संबंधों को एक नए आधार पर पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। यह आधार है आपसी सम्मान, संप्रभुता की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की साझेदारी और वैश्विक मंचों पर संयुक्त सहयोग। उच्चायुक्तों की बहाली केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि विश्वास बहाली की दिशा में पहला ठोस कदम है। इससे वीजा, व्यापार, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसी सेवाएं सामान्य होंगी और प्रवासी भारतीयों को राहत मिलेगी। यह संबंध दोनों देशों के लाखों नागरिकों के हितों से जुड़ा है। कनाडा में भारतीय मूल के लगभग 30 लाख लोग रहते हैं, जिनमें सिख समुदाय की बड़ी भागीदारी है। यह जनसंपर्क दो देशों के बीच एक जीवंत सेतु की भूमिका निभाता है। अतीत की घटनाओं के कारण जो अनिश्चितता बनी थी, वह अब दूर होती दिख रही है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय रही हैं। उन्होंने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना करते हुए उसे ऊर्जा संक्रमण, टेक्नोलॉजी और भू-राजनीति में एक अहम भागीदार बताया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारत के बिना वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव नहीं। उनका यह दृष्टिकोण स्पष्ट करता है कि कार्नी की सरकार भारत को एक साझेदार के रूप में देखती है, न कि समस्या के रूप में। अंतर्राष्ट्रीय अपराध और आतंकवाद के खिलाफ एक संयुक्त कार्य समूह स्थापित करने की दिशा में बातचीत भी एक सकारात्मक पहल है। इससे यह संभावना बनती है कि दोनों देश न केवल द्विपक्षीय मुद्दों पर बल्कि वैश्विक अपराध नियंत्रण में भी साझेदारी करें। भारत की ओर से यह अपेक्षा रहेगी कि कनाडा अपनी धरती पर भारत विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए ठोस और दिखने योग्य कदम उठाए।

प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा यात्रा एक ऐसे संबंध को फिर से जीवित करने की दिशा में पहला ठोस कदम बनी है, जो कभी निकटता का प्रतीक रहा था। यह कहना गलत नहीं होगा कि दोनों देश अब अतीत की कड़वाहट को पीछे छोड़कर भविष्य की ओर देख रहे हैं। विश्व आज कई जटिल संकटों से गुजर रहा है, यूक्रेन युद्ध, गाजा संघर्ष, ईरान-इजरायल तनाव जैसे मुद्दों ने वैश्विक संतुलन को अस्थिर किया है। ऐसे में भारत और कनाडा जैसे लोकतांत्रिक देशों का सहयोग न केवल द्विपक्षीय स्तर पर बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। भारत का संतुलनकारी रुख, मध्यस्थता की क्षमता और नैतिक नेतृत्व इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान देता है।

बहरहाल, कनाडा और भारत के बीच उच्चस्तरीय संवाद पुनः प्रारंभ हो चुका है। दोनों देशों ने यह स्वीकार किया है कि उनकी साझेदारी केवल आर्थिक लाभों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि यह रणनीतिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग के व्यापक आयामों को भी समाहित करे। संबंधों के इस नए अध्याय को सफल बनाने के लिए दोनों देशों को निरंतर प्रयास करने होंगे। पारस्परिक विश्वास को मजबूत करना, सुरक्षा चिंताओं को समझना और वैश्विक चुनौतियों के समाधान में साझेदारी निभाना ही वह रास्ता है, जिससे भारत और कनाडा अपने संबंधों को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकते हैं। यह यात्रा इस मार्ग की शुरुआत है लेकिन असली काम अभी बाकी है।

## प्रसंगवश

# बढ़ती उम्र के साथ बढ़ रही हैं बीमारियां



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

विश्व स्वास्थ्य संगठन की आंकड़े बताते हैं कि बीते पांच दशकों के दौरान भारत में इंसान की औसत उम्र यानि जीवन प्रत्याशा में 22 साल का इजाफा हुआ और यह 70.42 साल हो गई। इसी के साथ आम आदमी का दवाई और अस्पताल का खर्च बढ़ता जा रहा हैं। सबसे बड़ी बात अधिकांश बीमारियां जीवन शैली से जुड़ी हैं जिनमें खान-पान की अनियमितता या गुणवत्ता से उपजे रोग सर्वाधिक हैं।

बीते एक दशक के दौरान भारत में घर से बाहर खाने, सड़क के किनारे स्नेक्स या पेय पदार्थ लेने का चलन बढ़ा है। सोशल मीडिया पर सड़क पर बिकने वाले खानों की तारीफ के हजारों चैनल हैं और इनको देख कर स्वाद-परीक्षा करने वाले करोड़ों में। हाल ही में केंद्र सरकार ने मोटापा के खिलाफ एक अभियान शुरू किया है जिसमें भोजन में तेल, चीनी और नमक की मात्रा काम अकरने पर जोर दिया जा रहा है। जरूरी यह भी है कि भोजन बेचने वाले छोटे-बड़े स्थानों पर खाना बनाने की सामग्री की गुणवत्ता, रसोई-स्थल की साफ सफाई और भोजन परोसने के तरीकों और बर्तनों के प्रति सतर्कता की दिशा में जागरूकता और कार्य किया जाए। "लैंसेट" का शोध बताता है की बीमारियों का बोझ बढ़ाने वाले 11 मुख्य कारकों में छ आहार संबंधी हैं। जान आकर आश्चर्य होगा की अब बड़ी आबादी पेट भरने के बनिस्पत स्वाद और फेशन के लिए बहुत सा आहार ले रही हैं जिसका असर सबूत अनाज, फल-सब्जी और देरी उत्पाद के साथ साथ मांसाहार पर भी दिखता है। विटामिन और सूक्ष्म पोषक की मात्रा भोजन में कम हो रही है, वहीं गैरजरूरी वसा और कार्बोहाएड्रेड बढ़ रहा है, जिससे मोटापा और उसके साथ की रोग शरीर में घर बना रहे हैं।

फ्रंटियर्स इन न्यूट्रीशन नाम की पत्रिका में छपी एक एक बड़ी रिसर्च बताती है कि जो लोग ऐसी चीजें खाते हैं जिनसे शरीर में सूजन बढ़ती है (जैसे तली-भुनी और प्रोसेस्ड चीजें), उनमें लीवर की गंभीर बीमारी होने का खतरा 16 प्रतिशत ज्यादा रहता है, जिसमें क्रोनिक लिवर डिजीज (सीएलडी) शामिल है। कुछ साल पहले हैदराबाद के उस्मानिया मेडिकल कालेज की एक टीम ने शहर में एक सर्वे किया तो पता चला की स्ट्रीट फूड में मतवाले हैदराबादी असल में स्वाद के साथ जहर निगल रहे हैं अध्ययन में पता चल की हर छठा हैदराबादी सड़क का खाना खाने के बाद बीमार पड़ता है। शहर में भेलपुरी के 45.3 प्रतिशत नमूने आंतों को नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टिरिया से दूषित थे। चीनी फास्ट फूड तो जहर का दूसरा नाम पाया गया। इसके 90-92 प्रतिशत नमूनों में बेसिलस सेरेयस पाया गया, जो खाद्य विषाक्तता का बड़ा कारण होता है। मुंबई में मेट्रापोलिस हेल्थकेर द्वारा किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि मुंबई के 88 प्रदूषित सड़क खाद्य नमूने बैक्टीरिया से दूषित थे और 70 खाद्य नमूनों में से 61 में बैक्टीरिया पाए गए, जिनमें कोलीफॉर्म और फीकल स्ट्रेप्टोकोकस शामिल थे।

पिछले साल दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में अक्टूबर 2024 में हेपेटाइटिस ए के अचानक मामले बढ़ कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गए। इस पर हुए अध्ययन में 145 नमूनों में से 70 से अधिक लोग हेपेटाइटिस ए के शिकार पाए गए जिसका मुख्य कारण असुरक्षित भोजन और पानी का सेवन था। कुछ महानगर तो बस बानगी हैं शहर छोटा हो या कस्बा, सास, चटनी आदि का सेवन खतरे से खाली नहीं होता। फिर ऐसी रेहड़ियां नाले के किनारे होती हैं, जूठे डिस्पोजेबल वहीं पड़े होते हैं जिनमें आवारा पशु मुंह मारते हैं, पास में यातायात चलता रहता है और धूल उड़ती है। इस तरह का भोजन धीरे-धीरे शरीर को ऐसी बीमारियों के चपेट में पहुंचा देता हैं, जहां जेब में छेद होना और खाने में दवा की मात्रा जिंदगीभर के लिए जुड़ जाना आम बात हैं। भारत में सड़क का खाना सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण और मजबूरी भी है। बहुत से मेहनतकश लोगों की आर्थिक स्थिति और काम के हालत ऐसे नहीं होते कि समय पर, घर का भोजन कर सकें या फिर बाहर महंगे रेस्टोरेंट का बोझ उठाया सकें। लेकिन इसके सेवन से जुड़ी स्वास्थ्य जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उचित निगरानी, शिक्षा, और जागरूकता के माध्यम से इन जोखिमों को कम किया जा सकता है।

# श्रम शक्ति के समक्ष बढ़ते तापमान का संकट



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है।

जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान एक ऐसी सच्चाई है जिसे आज चाह कर भी झुठलाया नहीं जा सकता। देखा जाए तो यह बढ़ता तापमान उन मेहनतकश लोगों का कहीं ज्यादा इम्तिहान ले रहा है जो कड़ी धूप और खुले आकाश तले पसीना बहाने को मजबूर हैं। इसकी पुष्टि अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने अपनी नई रिपोर्ट 'इंश्योरिंग सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क इन चेंजिंग क्लाइमेट' में भी की है। रिपोर्ट का कहना है कि अपने जीवन में काम के दौरान किसी न किसी मोड़ पर 241 करोड़ श्रमिकों को भीषण गर्मी का सामना करने को मजबूर होना पड़ेगा। इसका मतलब है कि दुनिया के 71 फीसदी श्रमिक या तो बढ़ते तापमान की वजह से गर्मी की मार झेल रहे हैं या उन्हें अपने काम के दौरान कभी न कभी इसका सामना करना पड़ेगा।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आईएलओ की एक रिपोर्ट, 'कार्यस्थल पर गर्मीः सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए निहितार्थ' में पाया गया है कि गर्मी एक मूक हत्यारा है जो दुनिया भर में बढ़ती संख्या में श्रमिकों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए खतरा बन रही है। मानवीय गतिविधियों के कारण होने वाली ग्लोबल वार्मिंग प्रति दशक 0.26 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रही है। शहरों में जब लोग एसी के रिमोट से टेंपरेचर ऊपर-नीचे कर रहे होते हैं, उसी दौरान मजदूर कहीं खेत या किसी घर की दीवारों की ईंट उठाते हुए पसीना बहा रहे होते हैं।

धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है। हालांकि सबसे बड़ा संकट खुले में काम करने वाले श्रमिकों के लिए है। देश की करीब 90 फीसदी श्रम शक्ति अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़ी है। ज्यादातर मामलों में इन श्रमिकों को चिलचिलाती धूप, बारिश, आंधी-तूफान के बीच खुले में काम करना पड़ता है। उनके लिए न तो पर्याप्त सुविधाएं हैं और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम। ऐसे में इन किसानों, श्रमिकों को हर दिन अपना और अपने परिवार का पेट भरने के लिए खतरों से दो-चार होना पड़ता है।

'लेबरिंग थ्रू द क्लाइमेट क्राइसिस' नाम से एक रिपोर्ट वर्कर्स कलेक्टिव फॉर क्लाइमेट जस्टिस-साउथ एशिया और ग्रीनपीस इंडिया ने तैयार की है जो असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की गर्मी से जुड़ी चिंताओं पर रोशनी डालती है। इसमें अनुमान लगाया गया है कि तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की आमदनी में 19 फीसदी की कमी आती है और भीषण गर्मी उन्हें कठिन विकल्पों में से चुनाव करने को मजबूर करती है। यानी या तो वो ख़ुद को सुरक्षित करने का जतन करें या आजीविका कमाएं। इस रिपोर्ट में ये भी रेखांकित किया गया है कि गर्मी सिर्फ़ आजीविका पर ही असर नहीं डालती बल्कि श्रमिकों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है।

वन अर्थ द्वारा 2022 में 68 देशों में किए गए अध्ययन जिसका शीर्षक राइजिंग टेम्परेचर इरोड ह्यूमन स्लीप है, के अनुसार विश्व स्तर पर लोगों की नींद प्रभावित हुई, जिससे पता चला है कि गर्म तापमान की वजह से लोग कम नींद ले पाते हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और कम आय वाले देशों के लोग इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। 2099 तक, बढ़ता तापमान एक साल में प्रति व्यक्ति की 50-58 घंटे की नींद कम कर सकता है।

आइएलओ की 2019 की रिपोर्ट 'वर्किंग ऑन ए वार्मर प्लेनेट–द इम्पैक्ट ऑफ़ हीट स्ट्रेस ऑन लेबर प्रोडक्टिविटी एंड डिसेंट वर्क' में चेतावनी दी गई है कि भारत में हीट स्ट्रेस के कारण 2030 में 5.8 प्रतिशत काम के घंटे कम होने की उम्मीद है। अपनी बड़ी आबादी के चलते देश 2030 में 3.4 करोड़ लोगों को अपनी नौकरियां खोनी पड़ सकती हैं।

विश्व बैंक की 2022 की एक और रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 2030 तक, पूरे भारत में सालाना 16 से 20 करोड़ से ज्यादा लोगों के घातक गर्मी की चपेट में आने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारतीय शहर जलवायु पैटर्न में होने वाली तब्दीलियों के प्रति तेजी से संवेदनशील होते जा रहे हैं, जिससे असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को बड़ा खतरा है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण है। आयोग ने राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं।

## सोशल फोरम

# अंधकार कोई प्रतीक नहीं



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

समाज, अपनी जटिलता और विरोधाभासों के साथ, एक ऐसा दृश्य रचता है, जिसमें प्रकाश और अंधकार एक-दूसरे से अजनबी बने रहते हैं। जो लोग विशेषाधिकारों की रोशनी में जीते हैं-संपत्ति, शिक्षा, अवसर और मान की विरासत के साथ-उनके लिए जीवन एक स्वाभाविक सहजता में बहता है। वे चमकते नगरों, स्वचालित सुविधाओं, और स्वीकृति से सजे मंचों के अभ्यस्त हैं। इस उजाले की चकाचौंध में वे यह देखने से चूक जाते हैं कि समाज के एक बड़े हिस्से के लिए यह प्रकाश कभी पहुंचा ही नहीं। उनके लिए अंधकार कोई प्रतीक नहीं, बल्कि यथार्थ है-जीवन का कठोर, कटु और उपेक्षित यथार्थ।

इतिहास गवाह है कि जिन लोगों ने अंधकार को झेला है, उन्होंने ही उस प्रकाश की तीव्रता को सबसे पहले महसूस किया है, जो दिखने में उजाला होता है, पर भीतर से तिरस्कार और वंचना से भरा होता है। उन लोगों ने सत्य को अपनी त्वचा की सिलवटों में जिया है, और अब जब वे जाग रहे हैं-पढ़ रहे हैं, लिख रहे हैं, संगठित हो रहे हैं-तो वे किसी करुणा की याचना नहीं करते। वे पूछते हैं, प्रश्न उठाते हैं, और अपने अनुभवों के आधार पर उस सत्य की पुनर्रचना करते हैं, जो लंबे समय तक केवल विशेषाधिकारियों के शब्दों में बंधा रहा।

यह पुनर्रचना कोई विद्रोह नहीं, बल्कि न्याय की मांग है। यह मांग बताती है कि एकांगी दृष्टि से गढ़े गए समाज को अब उन आंखों से भी देखना होगा, जो अंधेरे की आदत में पारदर्शी हो गई हैं। उन्हें न ज्ञान की जरूरत है, न कृपा की-उन्हें चाहिए मान्यता, भागीदारी और वह सम्मान, जो किसी भी सामाजिक संरचना को नैतिक बनाता है। और यह भी याद रखा जाना चाहिए कि किसी राष्ट्र की आधुनिकता केवल तकनीकी प्रगति या बाज़ार की चमक में नहीं मापी जा सकती। वह इस बात से मापी जाती है कि उसमें रहने वाले सभी नागरिकों को गरिमा, अवसर और विकास का अधिकार है या नहीं। अगर कुछ लोग आगे बढ़ भी जाएं, पर समाज के बड़े हिस्से को पीछे छोड़ दिया जाए, तो वह राष्ट्र समग्र रूप से न तो शक्तिशाली बन सकता है, न ही स्थायी रूप से सुखी।

-फेसबुक वॉल से

# हर तरफ युद्ध, नागरिक अभिशप्त



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इजराइल के समर्थक ट्रंप का रुख कभी भी स्पष्ट नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव गहरा गया था तब भी ट्रंप ने यही नीति अपनाई, जिसे कोई नहीं समझ पाया।

ईरान और इजराइल लगातार संघर्षरत हैं। इजराइल से अमेरिका के अपने स्वार्थ बंधे हुए हैं। दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध हैं। जिसमें संयुक्त सैन्य अभ्यास, सैन्य अनुसंधान सबसे महत्वपूर्ण है। इजराइल इस बात को अच्छी तरह जानता है कि अगर अमेरिका को पश्चिम एशिया में अपने हितों की रक्षा करनी है तो इजराइल का साथ देना होगा। अगर अमेरिका चाहता तो ईरान पर इजराइल के हमले को रोक सकता था पर उसने ऐसा नहीं किया।

डोनाल्ड ट्रंप ने बिना शर्त समर्पण की चेतावनी दी। जिसे खारिज करते हुए ईरान के प्रमुख नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला खामेनेई ने कहा है कि अगर अमेरिका इजराइल और ईरान के बीच में युद्ध में कूदा तो परिणाम गंभीर होंगे। खामेनेईका साफ कहना है कि ईरान कभी भी आत्मसमर्पण नहीं करेगा।

युद्ध में आम जनता बेमौत मारी जाती है। ईरान में भारत के भी हजारों लोग फंसे हैं। जिनमें मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले और तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र छात्राएं हैं। युद्ध के चलते यातायात के हवाई मार्ग बंद हैं। अपने नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की जिम्मेदारी भारत सरकार की बनती है जिसके लिए वह प्रयासरत है। छात्रों को बसों के जरिए सुरक्षित स्थानों में भेजा जा रहा है और जिनका कहीं जाना संभव नहीं है उन्हें घर के भीतर ही सुरक्षित रहने के निर्देश मिले हैं। पर सोचना यह है कि आज इंसान घर के भीतर भी कहां सुरक्षित है। अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना ने इस याद को और ताजा कर दिया है। मेडिकल के भी सारे छात्र भी तो अपने हॉस्टल और मेस में खुद को सुरक्षित समझ रहे थे। रॉकेट और मिसाइल के उपयोग ने हर पल हमारी सुरक्षा पर दांव लगाया है। कई छात्र आर्मेनिया की तरफ बढ़ रहे हैं। भारत ने हमेशा अलग-अलग देशों में युद्ध के दौरान भारतीय नागरिकों के साथ ही साथ पड़ोसी देशों के नागरिकों को भी बाहर निकाल कर संवेदनशीलता का परिचय दिया है और इसी का कर्ज उतारते हुए ईरान के पड़ोसी देश आर्मेनिया इस मुश्किल की घड़ी में इंसानियत के नाते भारतीय छात्रों को मदद को आगे आ रहा है। गाजा संघर्ष, यूक्रेन-रूस युद्ध और बहुत सारे देशों के संघर्ष में नागरिकों की दुर्दशा हम देखते आए हैं। अपने कुटिल स्वार्थ की पूर्ति के लिए राजनेता देश को युद्ध की भेंट चढ़ा देते हैं। ऐसे में आम नागरिक अभिशप्त जीवन जीते हैं।

इजराइल के समर्थक ट्रंप का रुख कभी भी स्पष्ट नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव गहरा गया था तब भी ट्रंप ने यही नीति अपनाई, जिसे कोई नहीं समझ पाया। वहीं पाकिस्तान के सेवा प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने भारत पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध रोकने के लिए ट्रंप को शांति का नोबेल दिए जाने की मांग की और बीते कुछ दिनों पहले ट्रंप द्वारा उन्हें व्हाइट हाउस में आमंत्रित भी किया गया था। भारत संघर्ष विराम में अमेरिका या किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता या भूमिका से लगातार इनकार करता रहा। ये सच है कि अखंडित एकता को अगर अपनी शक्ति बना लें तो हम एक मजबूत लोकतंत्र हैं, हमें अमेरिका की जी हुजूरी करने की कोई जरूरत नहीं है। हालांकि इस संदर्भ में भारतीय प्रधानमंत्री ने जी 7 शिखर सम्मेलन में अमेरिका और पश्चिमी देशों का नाम लिए बिना निशाना साधते ते हुए कहा कि अपने हितों की बात जहां पर हो, वहां पर देश पर तुरंत प्रतिबंध लगा दिया जाता है और आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश को पुरस्कृत किया जाता है। बाद में टेलीफोन वार्ता के दौरान ट्रंप ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को सीधा समर्थन देने की घोषणा की है।

इस संदर्भ में बहुत पहले पढ़ी गई भूतपूर्व अमेरिकी राजनीतिज्ञ हेनरी किसिंजर की यह पंक्तियां आज के संदर्भ में सटीक बैठती हैं, "यूनाइटेड स्टेट्स हेज़ नो परमानेंट फ्रेंड्स और एनिमीज़. ओन्ली इंटरेस्ट्स." उन्होंने यह भी कहा था कि अमेरिका का दुश्मन होना खतरनाक है लेकिन दोस्त होना घातक है। याद रहे कि किसिंजर को 1973 में शांति का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। ट्रंप को भी मिल जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं। फिलहाल वर्तमान हालात के संदर्भ में भी चीन और रूस के नजरिए को भी भांपने की जरूरत है। जहां तक पाकिस्तान की बात है वह निश्चित ही चीन के इशारों पर नाचेगा। हैरानी की बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र एक मोहरा बनकर रह गया है जिस उद्देश्य से इसकी स्थापना हुई थी उसे पूरा करने में यह हमेशा से नाकाम रहा है। न जाने कब तक युद्ध की आग में धधकती रहेगी धरती। पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और संवर्धन के मुद्दों का क्या होगा? निर्दोष आम नागरिकों की जिंदगी का क्या होगा? यह सब सवाल भविष्य के पर्दे के पीछे हैं जिनसे शक्तिशाली राष्ट्रों का कुछ लेना-देना नहीं क्योंकि वे सिर्फ धमकी देना और विस्तार वाद की नीति जानते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### कोटेदार पर राशन न देने का आरोप, डीएम से शिकायत

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के शोभेपुरवा गांव निवासी युवक ने स्थानीय कोटेदार पर राशन न देने व गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। बताते चलें कि प्रदीप निवासी ग्राम शोभेपुरवा पोस्ट चठिया थाना बेनीगंज ने जिलाधिकारी को सम्बोधित प्रार्थना पत्र लिखते हुए बताया कि उनके स्थानीय कोटेदार शिवप्रसाद ने दो महीने का राशन नहीं दिया है, जब वह राशन लेने जाता है तो कोटेदार व उनके बेटे गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने पर आमादा हो जाते हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक ने घर के छप्पर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार को उसका शव लटका हुआ देख वहां अफरा-तफरी मच गई। पिहानी कोतवाली के निपनिया निवासी हरिशंकर के पुत्र प्रतिपाल (25) ने बुधवार को अपने मकान के छप्पर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम पूरे मामले की जांच की।

### टॉवर कर्मचारियों पर लगाया डीजल चोरी का आरोप

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पंण्डरवा किला में जीओ व एयरटेल नेटवर्क की समस्या बरकरार है। ग्रामीण उपभोक्ताओं का कहना है आए दिन टावर बंद रहता है, जिससे उनके काम में बाधा पड़ती है। टावर बंद होते ही 5जी कनेक्शन डिस्कनेक्ट हो जाता है, जिससे इंटरनेट से चलने वाले कामों पर असर पड़ता है। ग्रामीणों ने टावर कर्मचारियों पर लगाया डीजल चोरी का आरोप। वहीं कर्मचारियों का कहना है कि हमें खाली 100 लीटर प्रति हफ्ता डीजल मिलता है, जिससे डीजल जल्दी खत्म हो जाता है, इसलिए टावर बंद रहता है। वहीं कर्मचारियों क्या कहना है जनरेटर अभी खराब पड़ा है इसलिए समस्या आ रही है।

# बारिश से मौसम हुआ सुहावना, गर्मी से राहत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गुरुवार की शाम हुई बारिश से लोगों को राहत मिली। मानसून की पहली अच्छी बरसात ने किसानों के चेहरे पर चमक ला दी है। आठ किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवाओं ने गर्मी से निजात दिलाई।

काफी लंबे समय से हो रही भीषण गर्मी से गुरुवार को लोगों ने कुछ निजात पाई। दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया। पूरे दिन बादलों की आवाजाही बनी रही। बरसात से किसानों के चेहरे खिल गए। मक्का व मूंगफली की फसल में जहां सिंचाई हो गई, वहीं धान की रोपाई के लिए गुरुवार को हुई बारिश अच्छा संकेत दे रही है। हालांकि बरसात से नगरीय क्षेत्रों में कई जगह जलभराव से लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। सरकार के तमाम निर्देशों के बावजूद बरसात से पहले नाला साफ करने का काम नहीं हो सका। इस कारण पहली बरसात में ही जगह-जगह जलभराव देखने को मिला। प्रभारी मौसम वेधशाला के अनुसार गुरुवार का अधिकतम तापमान 36 व न्यूनतम 26.5 डिग्री सेल्शियस दर्ज रहा। आठ किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। 13 मिमी बारिश रिकार्ड की गई।



बारिश के बीच सड़क पर भीगते हुए जाते राहगीर। अमृत विचार

**तापमान पर एक नजर**

| दिनांक | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| 19 जून | 26.5 | 36.0 |
| 17 जून | 26.0 | 37.0 |
| 16 जून | 24.5 | 35.0 |
| 15 जून | 23.5 | 36.0 |

तापमान (डिग्री सेल्शियस में)

# जलभराव से राहत दिलाएगा नाला जेई ने निर्माण कार्य का लिया जायजा

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला कबड़ियन टोला कुर्सी रोड पर हो रहे जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे बरसात के में नगर में होने वाली जलभराव की समस्या से निजात मिल सकेगी। गुरुवार को नगर पंचायत जेई गौरव शुक्ला ने मौके पर पहुंच कर नाला निर्माण कार्य में प्रयोग हो रही सामग्री, नाले की गहराई, मोटाई आदि की जांच की। बेनीगंज निवासी सुरेश राठौर ने कहा कि नगर में हो रहे नाला निर्माण कार्य से बरसात के मौसम में होने वाली जलनिकासी की समस्या से राहत मिलेगी। सोनू ने कहा कि नाला पर डलवाए जा रहे पत्थरों की लम्बाई ज्यादा है, जिससे नाला सफाई के दौरान काफी दिक्कतें आ सकती हैं।

### जिलाधिकारी ने किया अम्बेडकर तालाब का निरीक्षण, दिए निर्देश

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ श्रीश चंद्र बारात घर के सामने स्थित अंबेडकर तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाब परिसर की व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने निर्देश दिया कि परिसर में महिला व पुरुष शौचालय बनवाए जाएं। प्रकाश की उचित व्यवस्था की जाए। परिसर को आकर्षक बनाने के लिए लाइट एंड साउंड सिस्टम स्तापित कराया जाए। परिसर में टहलने के लिए पाथ वे बनवाया जाए। पेयजल की उचित व्यवस्था की जाए। परिसर की नियमित साफ सफाई की जाए। परिसर के पास व्यवस्थित वेंडिंग जोन स्थापित किया जाए। इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी दीपांकर चौधरी व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएचसी में प्रसव के कुछ घंटों बाद महिला की मौत

## भाई ने इलाज में लापरवाही बरतने का लगाया आरोप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सीएचसी में प्रसव के बाद घर पहुंची प्रसूता की तबियत बिगड़ गई। उसे निजी हास्पिटल ले जाया गया, जहां से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहां उसकी मौत हो गई। भाई का आरोप है कि उसकी बहन का झोलाछाप से इलाज कराया गया, उसी लापरवाही से मौत हुई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सवायजपुर कोतवाली के बर्रा निवासी चन्द्रसेन ने अपनी 24 वर्षीय पत्नी रेखा को प्रसव पीड़ा के दौरान 10 जून को सीएचसी सवायजपुर में भर्ती कराया, जहां उसके प्रसव हुआ, उसी दिन डाक्टरों ने छुट्टी कर दी। रेखा को घर ले जाया गया, जहां उसकी हालत बिगड़ गई। बुधवार को उसे शहर के एक निजी हास्पिटल पहुंचाया गया, जहां के डाक्टरों ने जवाब दे दिया, रेखा को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसी दिन रात में उसकी मौत हो गई। रेखा के बड़ भाई विपिन निवासी काशीपुर कोतवाली शहर का कहना है कि उसकी बहन रेखा की शादी 4 मार्च 2024 में हुई थी, विपिन का कहना है कि ससुराल वालों ने उसकी बहन का झोलाछाप के हाथों इलाज कराया था। आरोप है कि उसके बहनोई चन्द्रसेन ने बेहतर इलाज कराने में पूरी तरह से लापरवाही बरती, जिससे उसकी बहन की मौत हुई। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



प्रसूता रेखा की फाइल फोटो।

### एक फोन कॉल पर दूर होगी नपा से जुड़ी हर समस्या

**हरदोई, अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद हरदोई में टोल फ्री नंबर 1533 पर कॉल कर नाली की साफ-सफाई, सड़क की साफ सफाई, गलियों की साफ सफाई, मार्ग प्रकाश, सड़क निर्माण, गली निर्माण व अन्य नगर पालिका से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। हरदोई नगर पालिका में टोल फ्री नंबर 1533 शुरू किया जा चुका है। नगर पालिका हरदोई के ईओ रामेंद्र सिंह ने बताया कि हरदोई में शहरवासियों को नगर पालिका से संबंधित शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर शुरू किया गया है। इस नंबर पर शिकायत दर्ज कराने के 24 घंटे के अंदर ही शिकायत का निस्तारण कर दिया जाता है। नाली निर्माण सड़क निर्माण जैसी शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए अधिकतम तीन महीने का समय लग जाता है। ईओ ने कहा कि टोल फ्री नंबर पर शहर के लोग अपनी समस्याएं नोट कराकर निस्तारण करा सकते हैं।





शिविर में योगाभ्यास करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती।

### सैनिक कल्याण बोर्ड में किया गया योगाभ्यास

**हरदोई, अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में सैनिक कल्याण बोर्ड में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने किया। कार्यक्रम में योग शिक्षिका विनीत पांडे समेत बड़ी संख्या में सैनिक मौजूद रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत समेत विदेशी भी योग के जरिए निरोग रहने की कोशिश में भागीदार बन रहे हैं। बाबा रामदेव समेत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी योग को बढ़ावा दे रहे हैं।

# सीडी रेशियो बेहतर करने का प्रयास करें बैंक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला परामर्श दात्री समिति/जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि सरकार की कल्याणकारी व रोजगारपरक योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का तेजी से निस्तारण कराया जाये। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के आवेदनों के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। प्राप्त आवेदनों का तेजी से निस्तारण कराया जाये। स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की ओर से बड़ी संख्या में फाइलों की अस्वीकृति पर कड़ी नाराजगी जताई। सीडी रेशियो को बेहतर करने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं।



बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीएम अननुय झा। अमृत विचार

**तीन बैंक शाखा प्रबंधकों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश**

स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक का सीडी रेशियो ख़राब होने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने तीनों बैंकों से कहा कि सबसे ख़राब सीडी रेशियो वाले तीन-तीन शाखा प्रबंधकों को नोटिस जारी की जाये। सुधार न होने पर इन बैकों की जवाबदेही तय की जाये। यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया को उन्होंने निर्देश दिए कि दो ख़राब सीडी रेशियो वाले शाखा प्रबंधकों को नोटिस दी जाये। उन्होंने आईडीबीआई बैंक के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

**क्या है सीडी रेशियो**

सीडी रेशियो का मतलब क्रेडिट-डिपॉजिट रेशियो होता है। यह एक वित्तीय अनुपात है जो किसी बैंक द्वारा जुटाई गई कुल जमा राशि में से कितना हिस्सा ऋण के रूप में दिया गया है, यह दर्शाता है। यानी कि यह बताता है कि बैंक ने अपनी जमा राशि का कितना प्रतिशत हिस्सा ऋण के रूप में दिया है।

# जनसुनवाई में सुनीं गई 110 शिकायतें, कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में लोगों की शिकायतों को सुना तथा उनके त्वरित निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

गुरुवार को जन सुनवाई में कुल 110 शिकायतें प्राप्त हुईं। मौके पर पात्र लोगों की वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन बनवाई गयी। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड मौके पर ही बनवाये गए। गुरुवार को कुल नौ बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। इसके साथ ही जिलाधिकारी अनुनय झा के आगमन के उपरांत जन सुनवाई के दौरान ही कुल 90 बुजुर्गों के आयुष्मान बनाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद के मामले में त्वरित कार्रवाई की जाये। पैमाइश व थाकबंदी के मामलों में अनावश्यक देरी न की जाये। चकरोड पर कब्जे की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाये। अंश निर्धारण के प्रकरणों को प्राथमिकता पर निस्तारित कराया जाये।

## सार-संक्षेप

### मंदिर की दीवार को अज्ञात लोगों ने किया क्षतिग्रस्त

**संवाददाता कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव बालामऊ में बुधवार को एक गंभीर घटना सामने आई। बघौड़ा मार्ग पर स्थित शिव मंदिर परिसर की सुरक्षा दीवार को कुछ अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। शिव भक्त राघवेंद्र त्रिपाठी के अनुसार यह मंदिर विशेष रूप से सावन के महीने में श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण है। इस दौरान यहां पूजा और दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ एकत्र होती है। प्रभारी निरीक्षक छोटे लाल ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पीड़ित पक्ष ने सोशल मीडिया पर इस घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से क्षेत्र के भक्तों में नाराजगी का माहौल है। स्थानीय लोग मंदिर की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

### पुरानी रंजिश में युवक को पीट कर किया घायल

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती में एक युवक को कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश में मारपीट कर घायल कर दिया। युवक ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित रचित मिश्रा पुत्र आनंद मिश्रा के अनुसार वह अपने बाबा के दरवाजे पर खड़े ई रिक्शा में बैठा था, तभी सत्यम, शिवम पुत्रगण राणा प्रताप उर्फ लोटन और लोकेश पुत्र आशाराम वहां आए और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए लात घूंसों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** वृद्ध ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजने के साथ जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात के महोलिया शिवपार निवासी रामशंकर गुप्ता (65) ने बुधवार की रात घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार की सुबह उसका लटका हुआ शव देख चीख-पुकार मच गई। रामशंकर के तीन बेटे और दो बेटियां हैं। दो बेटे बाहर रहते हैं जबकि तीसरा शहर में सेल्समैनी करता है। रामशंकर की आत्महत्या की वजह फिलहाल पता नहीं चल सकी है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।



क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते समाजसेवी डा. नृपेंद्र वर्मा।

### गौरी खालसा क्रिकेट टूर्नामेंट में छोटी बेहन्दर की जीत

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र की ग्राम सभा गौरी खालसा में प्रथम क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. नृपेन्द्र वर्मा ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। पहला मैच छोटी बेहन्दर और बघौड़ा की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छोटी बेहन्दर की टीम ने 8 ओवर में 8 विकेट खोकर 93 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बघौड़ा की टीम 50 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह छोटी बेहन्दर ने 43 रनों से मैच जीत लिया। शरफ हैदर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में सुजात अमन ने अंपायर की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नृपेंद्र वर्मा ने क्षेत्र में एक स्टेडियम की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्टेडियम से युवा खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास का मौका मिलेगा। इससे वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बन सकेंगे।

### गैंगस्टर में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** अरवल थाने में दर्ज गैंगस्टर अधिनियम में वांछित अभियुक्त को हरपालपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 27 मई को अरवल थाने के तत्कालीन कार्यवाहक थानाध्यक्ष श्री प्रकाश द्वारा रामवीर निवासी ग्राम पलिया थाना हरपालपुर सहित तीन अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। गुरुवार को हरपालपुर पुलिस ने गैंगेस्टर में नामजद अभियुक्त रामवीर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हरपालपुर बालकृष्ण मिश्र ने बताया कि शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

### आग से झुलसी किशोरी की लखनऊ में मौत

**अयोध्या कार्यालय।** थाना रामजन्मभूमि अंतर्गत एक इलाके में मंगलवार को आग से झुलसी किशोरी ने लखनऊ में इलाज के दौरान बुधवार को दम तोड़ दिया। किशोरी ने अपनी ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी। घरवालों की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। उक्त किशोरी चार दिन पहले घर से नकदी आदि लेकर लापता हो गई थी। पुलिस ने सोमवार को ही युवती को झांसी से बरामद किया था।

# जलाभिषेक के लिए गए 10वीं के छात्र की नदी में डूबकर मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ग्राम देवता की पूजा के दौरान जलाभिषेक के लिए गर्रा नदी से जल भरने पहुंचे किशोर की नदी में डूबकर मौत हो गई। करीब तीन घंटे बाद उसका शव बरामद किया जा सका।



गुरुवार को साण्डी थाने के समजलपुर में ग्राम देवता की पूजा हो रही थी। लोग जलाभिषेक के लिए गर्रा नदी से जल भरने पहुंचे, उन्ही में गांव निवासी प्रभु दयाल का 16 वर्षीय पुत्र कामता प्रसाद भी जल भर रहा था। उसी बीच उसका पैर फिसल गया और नदी में गिर कर पानी में डूब गया। इसका पता होते ही वहां मौजूद लोग उसे बचाने के लिए नदी में कूद पड़े, करीब तीन घंटे बाद उसका शव बाहर निकाला। कामता प्रसाद दो भाइयो में छोटा था, उसका बड़ा भाई नीरज और एक बड़ी बहन अमित कुमारी है, जिसकी शादी हो चुकी है। पिता प्रभु दयाल खेती-बाड़ी करता है। कामता प्रसाद 10वीं कक्षा का का छात्र था।



श्रीराम कथा अमृत महोत्सव की निमंत्रण पत्रिका का विमोचन करते आयोजक। अमृत विचार

### 11 दिवसीय श्रीराम कथा अमृत महोत्सव 22 से

**हरदोई, अमृत विचार।** अखिल भारतीय श्रीराम नाम जागरण के तत्वावधान में भव्य श्रीराम कथा अमृत महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। यह 11 दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन 22 जून से 2 जुलाई तक नगर के आरआर इंटर कॉलेज प्रांगण में प्रतिदिन शाम 5 बजे से 9 बजे तक होगा। कथा वाचन विख्यात संत शिवानंद भाई श्रीमुख से किया जाएगा। भव्य आयोजन की शुरुआत 20 जून को भूमि पूजन से होगी। 21 जून को नगर के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों से होकर श्रीराम शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन में समस्त श्रद्धालुओं एवं श्रोताओं के लिए नित्य भोजन-प्रसादी की व्यवस्था की गई है।

### रास्ते से निकलने के विवाद में पिटाई, केस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर में रास्ते से निकलने के विवाद में दबंगों ने तीन लोगों को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित हरनाम कुशवाहा के अनुसार 17 जून को उसके सात और छह वर्ष के पुत्र घर से खेत जा रहे थे। गांव के पश्चिम निवासी पातीराम ने बच्चों को गाली गलौज करते हुए रास्ते से जाने से मना किया। विवाद में उसकी पत्नी ईसुरी, मां गुलहनी और पिता से मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**निरीक्षण** — डीआरएम ने किया हरदोई स्टेशन का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

# स्टेशन के निर्माण कार्यों में लाई जाए तेजी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन पर डीआरएम राजकुमार सिंह ने निरीक्षण किया। डीआरएम ने हरदोई रेलवे स्टेशन पर चल रहे अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

गुरुवार शाम लगभग 5:30 बजे अपनी स्पेशल ट्रेन से डीआरएम राजकुमार सिंह मुख्यालय स्थित प्लेटफार्म संख्या चार पर पहुंचे। जहां से वह प्लेटफार्म संख्या एक पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बनाई जा रही नई बिल्डिंग के पास पहुंचे और अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान डीआरएम ने निर्माणाधीन बिल्डिंग को लेकर जानकारियां अधिकारियों से ली। अधिकारियों ने डीआरएम को निर्माण से संबंधित जानकारियां दी, जिस पर डीआरएम ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीआरएम राजकुमार सिंह हरदोई रेलवे स्टेशन पर लगभग 20 मिनट रुके जिसके बाद वह कोढ़ा रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हो गए।

डीआरएम ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया लेकिन इस दौरान स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का नितांत अभाव नजर नहीं आया। बारिश से बचने को टीन शेड तक नहीं है। प्लेटफार्म पर जमीन में बैठे यात्री भी नहीं दिखे। वह केवल निर्माण से कार्यों का जायजा लेकर चलते बने।



अधिकारियों से जानकारी लेते डीएआरएम राजकुमार सिंह। अमृत विचार

### पीआरएस काउंटर में एसी लगवाने का दिया निर्देश

डीआरएम राजकुमार सिंह के हरदोई निरीक्षण के दौरान सीएमआई के कहने पर हरदोई के पीआरएस काउंटर का भी निरीक्षण किया। पीआरएस कक्ष में डीआरएम ने रेल कर्मचारियों से वार्ता की और सीनियर डीईई को पीआरएस काउंटर में शीघ्र ही एसी लगवाने के निर्देश जारी किए। हाल ही में सांसद जयप्रकाश रावत ने भी पीआरएस काउंटर पर एसी लगवाने के आदेश अधिकारियों को दिए थे लेकिन एसी नहीं लगी।



रेलवे स्टेशन के मेन एंट्री गेट में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

### हरदोई स्टेशन के मेन एंट्री गेट पर जलभराव

**हरदोई, अमृ विचार।** डीएमआर राजकुमार सिंह ने हरदोई रेलवे स्टेशन का निरीक्षण तो किया लेकिन यात्री सुविधाओं पर ज्यादा नजर नहीं डाली। डीआरएम ने केवल निर्माणाधीन कार्य को लेकर यह निरीक्षण किया। डीआरएम के निरीक्षण से पहले हरदोई रेलवे स्टेशन पर बारिश हो चुकी थी ऐसे में हरदोई रेलवे स्टेशन का मेन एंट्री गेट किसी बड़े नाले में तब्दील नजर आ रहा था। डीआरएम ने अपने निरीक्षण के दौरान मेन एंट्री गेट तक जाने की जहमत नहीं उठाई। यदि डीआरएम हरदोई रेलवे स्टेशन के मेन एंट्री गेट तक निरीक्षण करते तो हरदोई में विकास कार्य की हकीकत डीआरएम के सामने होती, जिससे यात्रियों को लगातार असुविधा उठानी पड़ रही है। डीआरएम से जब हरदोई रेलवे स्टेशन से जुड़ी समस्याओं के विषय में बात करनी चाहिए तो उन्होंने इसके लिए सीपीआरओ से बात करने की कहकर आगे की ओर रवाना हो गए।

# झमाझम बारिश ने दिलाई भीषण गर्मी से राहत

## मानसून के दस्तक देने से मौसम हुआ सुहावना, सड़कों और मोहल्लों में सामने आई जलभराव की समस्या

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)


बारिश से बचने के लिये छाता लगाकर जाती किशोरियां।


बारिश के चलते कृष्णा नगर में हुआ जलभराव। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गुरुवार शाम को मानसून की समय से पहले दस्तक के साथ झमाझम बारिश ने क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी से राहत दी। पिछले कुछ दिनों से तेज धूप और उमस से परेशान लोगों के चेहरों पर बारिश के बाद रौनक लौट आई, वहीं सड़कों और मोहल्लों में अत्यधिक जलभराव की समस्या भी सामने आई।

शाम के समय आसमान में काले बादल छा गए और शाम करीब छह बजे रिमझिम के बाद तेज बारिश शुरू हो गई। लगभग आधे घंटे की बारिश से मौसम सुहाना हो गया। लोग छाते और रेनकोट लेकर जरूरी काम से बाहर निकलते दिखे। लेकिन बारिश के चलते राजधानी मार्ग के किनारे बने नाले उफान पर आ गए। गनीमत रही कि कुछ हिस्सों में नाले की सफाई हो चुकी थी, जिससे पानी आगे निकल गया और घरों में घुसने से बचा। वहीं कंचन नगर, कृष्णा नगर, आदर्श नगर, सर्वोदयनगर, ब्रह्मनगर, पीपरखेड़ा, श्रीनगर, मंशाखेड़ा, नाथूखेड़ा और रामनगर सहित कई मोहल्लों में जलभराव देखने को मिला। बारिश के साथ ही इन क्षेत्रों में लोगों को आवागमन में कठिनाई होने लगी। ग्रामीण इलाकों में भी निचले हिस्सों में पानी भर गया, जिससे ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### बिजली गिरने एक महिला की मौत, दूसरी घायल

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** बकरियां चराने जंगल गई दो महिलाएं अचानक शुरू हुई तेज बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ी हो गईं। तभी आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर एक महिला की जान चली गई। वहीं साथ रही दूसरी महिला भी गंभीर रूप से झुलस गई। हादसे में 6 बकरियों की भी मौत हो गई। माखी थानाक्षेत्र के पवई गांव के मजरा शिवबक्स खेड़ा निवासी ज्योती (40) पत्नी रामराज गांव की शारदा पत्नी रामनरेश व कमला पत्नी रामकिशोर के साथ गांव के बाहर जंगल में बकरियां चराने गई थीं। तभी गुरुवार शाम आसमान में बिजली कड़कने के साथ अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। इससे महिलाएं भाग कर गांव निवासी छोटा के बाग में लगे जामुन के पेड़ के नीचे खड़ी हो गईं। तभी आकाशीय बिजली गिरने से ज्योती, शारदा व उनकी बकरियां चपेट में आकर झुलस गईं। जानकारी पर ग्रामीण व परिजन पहुंचे। लेकिन तब तक ज्योती व छह बकरियों की मौत हो गई थी। गंभीर रूप से झुलसी शारदा को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी पर पहुंचे दरोगा धर्मराज ने राजस्व विभाग को जानकारी दी। नायब तहसीलदार यसवंत सिंह, लेखपाल आशीष श्रीवास्तव ने जांच कर रिपोर्ट शासन को भेजकर दैवीय आपदा के तहत आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन पीड़ित परिवार को दिया है।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय पक्षी मोर पर कुत्तों का हमला, मौत

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पिंडोखा गांव में गुरुवार सुबह राष्ट्रीय पक्षी मोर पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई ।जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 8 बजे उड़ता हुआ एक मोर पिंडोखा गांव में आकर बैठा। तभी वहां मौजूद आवारा कुत्तों के झुंड ने मोर पर हमला कर दिया। हमले में मोर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने जब यह देखा तो तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन रक्षक नीलू यादव, वन दरोगा सुरेश चंद्र और गंगाघाट पुलिस टीम मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक मोर की मौत हो चुकी थी। इसके बाद वन विभाग की टीम ने मोर के शव को अपने कब्जे में लेकर उसका अंतिम संस्कार कराया।

### युवक का घर में फंदे से लटका मिला शव

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** एक दिन पूर्व दिल्ली से लौटे युवक का शव गुरुवार सुबह घर में फंदे से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया है। आसीवन थानाक्षेत्र के रइयामऊ गांव निवासी संदीप पुत्र मूलचंद मजदूरी की तलाश में 20 दिन पहले दिल्ली गया था। लेकिन वहां उसे मनमुताबिक काम नहीं मिला तो वह बुधवार सुबह वापस लौट आया था। रात में खाना खाकर वह सोने चला गया। गुरुवार सुबह पांच बजे पिता मवेशियों के लिए भूसा लेने घर में बनी कोठरी में गया तो वह आंगन में पड़े जाल में संदीप को रस्सी के फंदे से लटका देख चीख पड़ा। शोर सुन पड़ोसी पहुंचे और फंदा काटकर उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। प्रधान रविंद्र कुमार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा। पिता मूलचंद ने बताया कि संदीप तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। बड़ा बेटा दीपक महाराष्ट्र व छोटा बेटा सुभाष वाराणसी में मजदूरी करते हैं। पिता ने बताया कि संदीप को बचपन में दिमागी बुखार आया था। तभी से वह अक्सर तनाव में आ जाता था। जनवरी-2022 में संदीप की मां सुधा व उसके कुछ दिन बाद भाभी शिल्पा की कैंसर से मौत हो गई थी। मां को याद कर वह परेशान रहता था। एसओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि पिता के प्रार्थनापत्र पर जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

### पांच पर मारपीट और एससी एसटी एक्ट का केस दर्ज

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बाबा खेड़ा निवासी एक युवक की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ मारपीट और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बाबा खेड़ा निवासी अंकित पासी ने बताया कि 1 जून को विमल उर्फ कमलेश पासी मजदूरी कर घर लौट रहा था, तभी शनि चौहान और नीरज चौहान ने उसे जातिसूचक गालियां दीं और मारपीट की। इसके बाद अंकित पासी से भी फत्तेपुर निवासी सुधीर गौड़, सरवन धोबी और मोनू मिश्रा ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर तीनों ने मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी अधिनियम और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### पति समेत छह पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा मोहल्ले में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत आधा दर्जन ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चंपापुरवा निवासी जरीन ने बताया कि उसकी शादी मोहल्ले के ही गुलजार से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। गुरुवार को भी विवाद बढ़ने पर उसे पीटकर घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने जरीन की शिकायत पर पति गुलजार, सास जरीना, देवर शहनवाज और ननद कुमकुम व फरजाना के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तमंचा लोड करते समय लगी गोली, पुलिस को किया गुमराह

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** बाग की रखवाली कर रहे वृद्ध को तमंचा लोड करते समय फायर होने से गोली लग गई। वृद्ध ने पुलिस को अपने ऊपर हमला होने की झूठी सूचना दे दी। जांच में हकीकत सामने आने पर पुलिस ने तमंचा बरामद किया और रिपोर्ट दर्ज कर उसे पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया है।

बता दें कि बीते बुधवार रामनरेश पुत्र स्व. रूपन पासी निवासी गांव अच्छेपुर किरमिली ने आसीवन पुलिस को सूचना दी थी कि वह अपने आम के बाग की रखवाली कर रहा था। तभी दो अज्ञात व्यक्तियों ने उस पर फायरिंग कर दी। जिससे उसकी बायीं टांग में गोली लग गई। इसकी जानकारी पर दरोगा जय प्रकाश यादव ने सीएचसी हसनगंज जाकर जांच की तो मामला फायर इंजरी का निकला। लेकिन जांच की तो पूरा मामला फर्जी निकला। जांच में सामने आया कि आम के बाग की रखवाली करते समय राम नरेश तमंचा लेकर बाग में जाता था। जिसे लोड करते समय फायर हो गया और गोली उसके पैर में लग गई। वह कई जगह इलाज के लिए गया लेकिन पुलिस को सूचना देने की बात सामने आने पर वह बेटे के साथ हसनगंज सीएचसी आया और पुलिस को गुमराह करने के लिए दो अज्ञात व्यक्तियों पर फायरिंग करने के आरोप लगा दिए।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

संवाददाता, हसनगंज उन्नाव

**अस्पताल में भर्ती भाभी को खाना देने जाते समय हुआ हादसा**

**अमृत विचार:** चचेरे भाई की पत्नी को खाना देने अस्पताल जा रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा साथी गंभीर घायल हो गया। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया है।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के दरिहट गांव निवासी धर्मेंद्र (25) पुत्र झरल्ले मजदूरी करता था। उसके चचेरे भाई रामपाल पुत्र गोला की पत्नी गुलशन गुर्दे की बीमारी के कारण लखनऊ के आलमबाग स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती है। बुधवार रात वह खाना लेकर गांव निवासी पारिवारिक भाई शिवम (19) पुत्र संजय के साथ अस्पताल जा रहा था। रात करीब 10 बजे बांगरमऊ-लखनऊ मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के ताला सरांय गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उन्हें औरास सीएचसी पहुंचाया। जहां मौजूद सीएचसी अधीक्षक डॉ. शोएब अली ने जांच के बाद धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं शिवम का अस्पताल में इलाज जारी है। घटना की खबर पर परिजन सीएचसी पहुंचे और शव देख बिलख पड़े। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया है। धर्मेंद्र दो भाइयों में छोटा था। उसकी मौत से भाई राजेंद्र, बहनें गंगोला, नीलम व वृद्ध मां बेहाल है। कोतवाल संदीप शुक्ला ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।


धर्मेंद्र की फाइल फोटो।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, चचेरा भाई घायल

**बांगरमऊ, अमृत विचार :** कानपुर नगर के नौबस्ता थानाक्षेत्र के मोहल्ला मछरिया झील निवासी अनस (18) पुत्र मो. रहीस कानपुर के नवाबगंज थानाक्षेत्र के मोहल्ला विष्णुपुरी निवासी चचेरे भाई अदनान (12) पुत्र ताहिर के साथ बुधवार को ट्रेन से बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव निवासी अपने नाना यार मोहम्मद के घर आए थे। गुरुवार को अनस चचेरे भाई अदनान को मामा की बाइक लेकर बांगरमऊ कस्बा घूमने जा रहा था। तभी क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर मऊ गांव के मोड़ पर लखनऊ से बांगरमऊ आ रही तेज रफ्तार मिनी डग्गामार बस ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और चचेरे भाई गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन दोनों को सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने अनस को मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर सुन मां रुखसाना बदहवास हो गईं। अनस चार बहनों अर्शी, साजिया, मंतशा व बउवा में इकलौता भाई था। उसकी मौत से बहनें बेहाल थीं।

# बेकाबू कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शौच के लिए जा रहे राहगीर को कार पीछे से टक्कर मार दी, इसके बाद कार खाई में जा घुसी। टक्कर लगने से राहगीर की वहीं पर मौत हो गई। गांव वालों ने कार ड्राइवर को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।


हादसे में शिकार राम लड़ैते की फाइल फोटो।

कोतवाली शहर के भिठारी गांव निवासी 60 वर्षीय राम लड़ैते गुरुवार की सुबह घर से शौच के लिए जा रहा था। गांव से थोड़ा आगे एक निजी स्कूल के सामने कार उसे पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। अनियंत्रित कार खाई में जा घुसी। आसपास मौजूद लोगों ने कार चालक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस न शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया और हादसे की जांच शुरु कर दी है। राम लड़ैते के परिवार में दो बेटे और एक बेटी है।

### पिकअप वाहन ने बाइक में टक्कर मारी, युवक की मौत व एक घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के बासित नगर गांव में तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। दूसरा बाइक सवार घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जनपद शाहजहांपुर के मिर्जापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोहाना निवासी रामकृपाल (55) खिरिया निवासी अनुज (20) पुत्र सीताराम के साथ बाइक से पुत्री के यहां बुधवार को शाम 7 बजे आ रहा था। बासित नगर गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डाला ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल सीएचसी लाया गया। जहां रामकृपाल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अनुज को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** कटरा-बिल्हौर हाइवे पर थाना क्षेत्र के लमकन पुल के पास अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। राहगीरों ने घायल को एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत में मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। गुरुवार की दोपहर कटरा बिल्हौर हाइवे पर लमकन पुल के पास वाहन ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने खून से लथपथ बेसुध पड़े युवक को देखकर एम्बुलेंस पर सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी हरपालपुर ले गई जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गम्भीर हालत को देखते हुए मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। युवक की पहचान संजीव कुमार पुत्र हकीम निवासी निजामपुर बाबन के रूप में हुई।

### महिला को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** शौच को निकली महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। सीएचसी में इलाज के बाद महिला घर आई जहां उसकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम बरगदिया पुरवा मजरा बरहस निवासिनी चंदाकली (52) पत्नी मोतीलाल अपने मायके ग्राम कोरनिया मजरा रुदामऊ आई थी। वह सुबह चार बजे शौच के लिये रुदामऊ तिराहे के गौरा सड़क पर गयी, वहीं पीछे से बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घायल चंदाकली को सीएचसी लाया गया जहां इलाज के उपरांत उसे घर भेज दिया गया, लेकिन घर में उसकी मौत हो गई। उसके पति मोतीलाल की मौत भी पांच वर्ष पूर्व दुर्घटना में हो गई थी।

# आरआरसी सेंटर को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी


आरआरसी सेंटर को लेकर विरोध करते ग्रामीण। अमृत विचार

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** ब्लाक की ग्राम पंचायत कुचिला विजना में लाखों रुपए की कीमत से आरआरसी सेंटर का निर्माण कराया गया है, ताकि गांव से निकले कूड़े से जैविक खाद बनाई जा सके। लेकिन आरआरसी सेन्टर को प्राइमरी स्कूल और अंबेडकर पार्क के बीच में बना दिया गया है, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। गांव निवासी रामसेवक, बाबूराम, मेवाराम, खुशीराम ने बताया ग्राम प्रधान ने खाद की गोदाम बनाने की बात कही थी, जिसको लेकर सभी लोग तैयार हो गए। बाद में जब पूरी बिल्डिंग बनकर तैयार हुई। इसके बाद इसमें सफाई कर्मी कूड़ा डालने के लिए आया, तब ग्रामीणों को पता चला यह कूड़ा के लिए बनाई गई है। इसके बाद यहां पर कूडा डालने से मना कर दिया गया। इस मामले की शिकायत थाने से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों से की गई। ग्रामीणों का कहना है एक तरफ प्राइमरी स्कूल जहां बच्चे पढ़ते हैं। दूसरी तरफ अंबेडकर पार्क यहां कूड़ा डालने से तमाम बीमारियां फैलेगी और आस पास ग्रामीण बस्ती भी है। ग्राम प्रधान ने झूठा आश्वासन देकर यहां पर कूड़े वाली बिल्डिंग बनवा दी है।

# दिल्ली से लौटे युवक का बंद मकान में लटका मिला शव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** परिवार के साथ दिल्ली में रह रहा युवक कुछ दिन पहले अकेले वापस आया था। उसके बाद लापता हो गया। बुधवार की शाम बंद मकान से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी गई। वहां पहुंची पुलिस मकान की छत काट कर अंदर पहुंची, जहां युवक का शव फांसी पर लटक रहा था।


रोहित की फाइल फोटो।

कोतवाली शहर के चंदीपुरवा निवासी श्रवण गुप्ता अपनी पत्नी, दो बेटों और बेटी के साथ दिल्ली में रह कर वहीं नौकरी करता है। उसका 27 वर्षीय बड़ा बेटा रोहित गुप्ता 16 जून को दिल्ली से अकेले अपने घर पहुंचा, उसे पड़ोसियों ने देखा, लेकिन बाद में नहीं देखा गया। बुधवार की शाम श्रवण के बंद पड़े मकान से दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने बंद मकान की छत पर पड़ा लोहे का जाल कटवाया और अंदर पहुंची, जहां रोहित गुप्ता का शव फांसी पर लटक रहा था। पुलिस आत्महत्या मान रही है। रोहित के आत्महत्या करने की वजह परिजनों को भी नहीं पता।

# पत्नी को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखपति ने काट ली नाक

संवाददाता, हरदोई, हरियावां

**अमृत विचार।** दो बच्चों की मां अपने प्रेमी के घर पहुंची। शक होने पर उसका पति भी पीछा करते हुए पहुंच गया। पत्नी को उसके प्रेमी के घर में आपत्तिजनक हालत में देखकर पति आपा खो बैठा, पत्नी को वहीं पकड़ कर दांतों से उसकी नाक काट ली और वहां से भाग निकला। कुछ देर बाद आरोपी पति को पकड़ लिया गया।


घायल पत्नी व आरोपी पति।

हरियावां थाने के देवरिया प्रसिद्ध नगर निवासी रामखिलावन बुधवार की शाम को घर पहुंचा। वहां उसे पत्नी पूजा देवी दिखाई नहीं दी। शक होने पर वह अपने पड़ोस के सुनील कुमार के घर पहुंचा। वहां देखा कि उसकी पत्नी सुनील के साथ आपत्तिजनक हालत में थी। इतना देखते ही रामखिलावन आपा खो बैठा और पत्नी पूजा को पकड़ कर दांतों से उसकी नाक काट ली। दर्द से कराहती हुई पूजा बाहर की ओर भागी। उसी बीच पति रामखिलावन वहां से भाग निकला। प्रेमी सुनील पूजा और उसकी कटी हुई नाक लेकर थाने पहुंचा। वहां सारी बात बताई। बताया गया है कि पूजा की शादी 10 साल पहले हुई थी, उसके दो बच्चे हैं। सुनील की शादी हो चुकी थी, लेकिन पत्नी के न रहने से उसकी और पूजा के बीच बातचीत होने लगी और वही दोस्ती प्रेम-प्रसंग में बदल गई। पति रामखिलावन ने पत्नी पूजा को कई बार रोका-टोका, लेकिन वह नहीं मानी। पुलिस ने पति को पकड़ लिया और जांच शुरू कर दी है।

### महिला ने एसपी से मिलकर लगाई गुहार

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पिहानी क्षेत्र कसीपुरवा मजरा सरेहजू कोतवाली पिहानी का है। छोटी बिटिया पत्नी सुभाष पुत्री रामनाथ का आरोप है कि 25 फरवरी को विपक्षी गण ने अतिरिक्त दहेज की मांग कर एक राय होकर मारा पीटा तथा सारा माल जेवर व कपड़े छीनकर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शादी सुभाष पुत्र हरिद्वारी के साथ 14 जुलाई 2024 को हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। पीड़िता के मुताबिक पीड़िता के माता-पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था, इसके बावजूद ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हैं। एसपी ने पीड़िता को जल्द से जल्द न्याय का आश्वासन दिया।

# झाड़ियों में पड़ा था युवक का शव, साथी मिला घायल

भरखनी, हरदोई

**अमृत विचार।** ब्लॉक मुख्यालय के पास संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पड़ा मिला। कुछ दूरी पर उसकी बाइक और गांव का ही एक युवक घायल पड़ा मिला। पुलिस ने घायल को पाली पीएचसी में भर्ती कराया।

गुरुवार सुबह भरखनी गांव के ग्रामीण ब्लॉक मुख्यालय की तरफ गए, तो उन्हें सड़क किनारे झाड़ियां में एक युवक का शव पड़ा मिला, कुछ दूरी पर एक बाइक भी पड़ी थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पाली थाना पुलिस को दी, पुलिस मौके पर पहुंची तो झाड़ियों में एक अन्य युवक भी घायल अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने उससे पूछताछ की, घायल युवक लगातार संदिग्ध बयान दे रहा है, जिससे मामला स्पष्ट नहीं हो पाया। पुलिस ने शव की पहचान आशुतोष पुत्र गिरीश पाल निवासी ग्राम अनंगपुर के रूप में की तथा घायल युवक अनंगपुर निवासी गोपाल पुत्र गुड्डू बताया गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लिया तथा घायल गोपाल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में भर्ती कराया। घटना को लेकर पुलिस हत्या और दुर्घटना दोनों एंगल से जांच कर रही है।

**मौत** साल 2021 में हुए हादसे में गंभीर रूप से हो गया था घायल

# 48 महीने मौत से लड़ते रहे अनूप

संवदादाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ज़िंदगी कैसी भी हो, लेकिन हर कोई हर हाल मे. ज़िंदा रहने के लिए आखिरी सांस तक जूझता रहता है। चार बहनों के इकलौते भाई अनूप के साथ ऐसा ही कुछ हुआ,साल 2021 में वह बहन की ससुराल से लौट रहा था,उसी बीच हुए हादसे की चपेट में आने से वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया,जो कुछ पास था, सारा इलाज में लग गया, लेकिन फिर भी वह चारपाई से उठ नहीं सका और 48 महीनें पड़ा रहा, बुधवार सुबह होते ही ज़िंदा रहने की ख्वाहिश में उसकी खुली हुई आंखे हमेशा-हमेशा के लिए बंद हो गई।

बताया गया है कि कोतवाली देहात के कंडौहना निवासी 35 वर्षीय अनूप पुत्र गिरधारी अपनी चार बहनों में अकेला भाई था। पिता के रहते हुए उसकी दो बहनों की शादी हो चुकी थी, दो घर में है। अनूप की शादी हो चुकी थी, उसके परिवार में पत्नी सुधा और एक बेटी अंशिका है। बात साल 2021 की है, अनूप अपनी बहन अर्चना की ससुराल उम्मरपुरवा थाना सुरसा गया हुआ था, वहीं से लौट रहा था, उसी बीच लखनऊ-पलिया हाई-वे पर खेतुई के पास एक स्कूल के पास तेज़ रफ्तार गाड़ी से टकरा कर बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया था,उसे मेडिकल कालेज से कई निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां तक बन पड़ा, बहनों ने उसका इलाज कराया, पत्नी के पास जो था, वह सारा इलाज में खर्च है गया, लेकिन जब पैसों की खनक रही, तब तक उसका इलाज हुआ,उसके बाद वह घर पर ही एक-एक सांस के लिए लड़ता रहा, बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गई। कोतवाली देहात पुलिस ने उसके शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### ट्रेन की चपेट में आए पति की मौत, पत्नी व बेटी घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** पति-पत्नी अपनी बेटी के साथ खेत से लौट रहे थे, उसी बीच दौलतपुर रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी और उसकी तीन साल की बेटी ज़ख्मी हो गई। मां-बेटी को एम्बुलेंस-108 से इलाज के लिए भेजा गया है। कोतवाली देहात के भीठा महासिंह गांव निवासी 45 वर्षीय राकेश खेती-बाड़ी करता था। बघौली थाने के उसके पड़ोसी गांव दौलतपुर में खेत है। गुरुवार को राकेश अपनी 36 वर्षीय पत्नी संगीता और तीन वर्षीय बेटी गायत्री के साथ खेत पर काम कर रहा था, उसी बीच वह पत्नी और बेटी के साथ दौलतपुर रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचा,उसी बीच गुज़र रही मालगाड़ी के चपेट में आने से तीनों ज़ख्मी हो गए। राकेश की मौत हो गई, जबकि पत्नी संगीता और बेटी गायत्री को एम्बुलेंस-108 से सीएचसी अहिरोरी पहुंचाया गया। एसएचओ बघौली बृजेश मिश्रा ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है।

# पीडीए अखिलेश यादव को 2027 में बनाएगा प्रदेश का सत्ताधीश : लालजी


गोसाईगंज में आयोजित सपा की पीडीए सम्मेलन में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार।** पीडीए की एकजुटता से ज़ाहिर है कि आगामी विधानसभा चुनाव में पीडीए अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का सत्ताधीश बनाएगा। महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से ऊब चुकी जनता अब प्रदेश में परिवर्तन करने को तैयार है। यह बातें अंबेडकरनगर के सांसद लालजी वर्मा ने कहीं। वह बुधवार को सपा द्वारा गोसाईगंज विधानसभा के कोछा बाजार में आयोजित पीडीए पंचायत को संबोधित कर रहे थे। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहब के संविधान को खत्म करना चाहती है। सभी को इस बात का संकल्प लेना कि संविधान की रक्षा के लिए 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया प्रसाद यादव व संचालन सुरेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर राजेश पटेल, सियाराम निषाद, रामसंवारे, रवींद्र यादव, हेमंत कुमार, जगन्नाथ प्रजापति समेत अन्य मौजूद रहे।

### साइबर अपराधियों ने उड़ाए 1.54 लाख

**हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार:** साइबर अपराधियों ने महिला के बैंक खाते से 1.54 लाख रूपये साफ कर दिये। थाना हैदरगंज क्षेत्र की पीड़ित शोभावती पत्नी सुरेंद्र कुमार निवासी गरौली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बैंक ऑफ़ बड़ौदा हैदरगंज में बैंक खाता संचालित है। साइबर अपराधियों ने 11 से 14 जून के बीच विभिन्न समयों में बैंक खाते से पैसा निकाल लिया। इसकी 16 जून को जानकारी होने पर हैदरगंज बाजार स्थित बैंक में जाकर स्टेटमेंट निकलवाया तो डीबीएस बैंक चंडीगढ़ और अन्य जगहों के बैंक का जिक्र है। जहां पर साइबर अपराधियों ने धन आहरित किया है। थानाध्यक्ष विवेक राय ने बताया कि जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## एक नजर

### अर्बन हेल्थ सेंटर पर अब मुफ्त अल्ट्रासाउंड की सुविधा, मिलेगी राहत

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** नगर की गर्भवती महिलाओं को अब अल्ट्रासाउंड के लिए जिला अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और न ही निजी जांच केंद्रों पर खर्च करना होगा। सरकार की योजना के अंतर्गत शुक्लागंज के दो अर्बन हेल्थ सेंटर ब्रह्म नगर और चम्पापुरवा पर गर्भवती महिलाओं को निशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा माह में चार दिन 2, 9, 16 और 24 तारीख को दी जाएगी। सीएमओ डॉ. हरिनंदन ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को पहले नजदीकी अर्बन हेल्थ सेंटर में पंजीकरण कराना होगा। इसके बाद उनके मोबाइल नंबर पर एक टेक्स्ट मैसेज प्राप्त होगा, जिसमें एक बारकोड दिया जाएगा। यह बारकोड चिन्हित अल्ट्रासाउंड केंद्र पर दिखाने पर मुफ्त जांच की सुविधा मिलेगी। बताया गया कि शुक्लागंज क्षेत्र की महिलाओं को पहले जिला अस्पताल जाकर जांच करानी होती थी, जो दूरी और गर्भावस्था की स्थिति के कारण परेशानी का कारण बनती थी। कई महिलाएं मजबूरी में निजी जांच केंद्रों पर जाकर पैसे खर्च कर जांच कराती थीं। समस्या को स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों के उठाने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने आकाश गंगा और सुषमा हॉस्पिटल को अल्ट्रासाउंड के लिए चिह्नित किया है। दोनों केंद्रों पर निशुल्क अल्ट्रासाउंड सेवा दी जाएगी।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**बांगरमऊ :** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत बेहटा मुजावर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उस पर कार्यवाही कर कोर्ट भेज दिया। पुलिस ने बताया कि बीती 6 जून को एक व्यक्ति ने तहरीरी दी थी कि उसकी 22 वर्षीय बहन को 5 जून को करीब 11 बजे शिवा पांडे निवासी बिल्हौर कानपुर नगर उसके घर से बहला फुसलाकर भगा ले गया है। भाई ने रिस्ते-नातेदारियों में अपनी बहन की काफी खोज की। किंतु उसका कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर दरोगा जितेंद्र सिंह ने जांच शुरू की और तभी अपहृत युवती को बरामद कर लिया। गुरुवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शिवा पांडेय को आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस-वे के संडीला अंडरपास से दबोच लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट भेज दिया।

# श्मशान घाट के लिए आगे आए विधायक-प्रशासन

## सदर विधायक पंकज गुप्ता ने मौका मुआयना कर 10 लाख से काम शुरू कराने का दिया आश्वासन

संवाददाता, परियर उन्नाव

**अमृत विचारः** सदर तहसील क्षेत्र के परियर श्मशान घाट में व्याप्त दुश्वारियों के चलते व्याप्त नर्क को स्वर्ग का रूप देने को सदर विधायक अब आगे आए हैं। उन्होंने गुरुवार को मौके का मुआयना किया और विकासखंड के फंड से 10 लाख खर्च कर वहां पेयजल, शौचालय, छाया, साफ-सफाई व रास्ता बनवाने को कहा है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा भी इस घाट का कायाकल्प कराने का आश्वासन दिया गया है।

बता दें कि अमृत विचार बीते कई दिनों परियर श्मशान घाट में व्याप्त असुविधाओं को लेकर खबर प्रमुखता से प्रकाशित कर रहा था। इन खबरों को बड़ी संख्या में लोग सोशल मीडिया पर वायरल कर कमेंट कर इस विकराल समस्या से निजात दिलाने की मांग कर रहे थे। साथ ही सभी अमृत विचार द्वारा उठाए गए इस मुद्दे की प्रशंसा कर रहे थे। इस खबर का संज्ञान लेकर सदर विधायक पंकज गुप्ता गुरुवार को परियर श्मशान घाट पहुंचे और वहां की स्थितियां देखीं। इसके बाद वहां मौजूद एडीओ पंचायत विनोद वर्मा से विकासखंड के फंड से 10 लाख रुपये से वहां पेयजल, शौचालय, छाया, साफ-सफाई व रास्ता आदि की व्यवस्था कराने को कहा।

विधायक ने विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि मैं एक सप्ताह बाद कार्य की प्रगति देखने आऊंगा। यह पौराणिक घाट है। यहां जिले के अलावा बाहर से भी लोग आते हैं। इसलिए कार्य में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसे लेकर बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के अध्यक्ष रविशंकर मिश्रा, ग्राम प्रधान रामशंकर यादव, रजनीश विमल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश वर्मा, कप्तान यादव, पूर्व प्रधान देवीप्रसाद, रामचंद्र, तीर्थ पुरोहित लवकुश द्विवेदी, रोहित तिवारी, पूती गुरु, बलखंडेश्वर मंदिर के हरिनारायण पाण्डेय, शुभम, राधेश्याम, जय कश्यप आदि ने सदर विधायक को धन्यवाद देने के साथ उनके इस प्रयास की प्रशंसा भी की।

### अमृत विचार प्रभाव

- जिलाधिकारी ने भी बैकुंठ धाम बनाए जाने को लेकर हर संभव प्रयास की कही बात


'स्वर्ग धाम' को 'नर्क' बनाने में जन प्रतिनिधि जिम्मेदार

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।


लोगों से बात कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते सदर विधायक। अमृत विचार

### विधायक बोले-बैकुंठ धाम के नाम से जिले में बनेगा सबसे अच्छा घाट

विधायक ने बताया उनकी जिलाधिकारी गौरांग राठी से भी बात हुई है। डीएम ने कहा है कि घाट निर्माण में जितना भी रुपया लगेगा वह खनन से मिलने वाले राजस्व से दिलाया जाएगा। विधायक ने कहा कि यदि इसके बाद भी धन कम पड़ेगा तो वह विधायक निधि का उपयोग करेंगे। कहा कि परियर श्मशान घाट बैकुंठ धाम के नाम से जिले में सबसे अच्छा घाट बनेगा। इसके लिए धन की कोई कमी नहीं होगी।

# योग दिवस को सफल बनाने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को होने वाले कार्यक्रम को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए कलक्ट्रेट से जागरूकता रैली निकाली गई। डीएम ने रैली को झंडी दिखाकर कर रवाना किया। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर वापस कलेक्ट्रेट में समाप्त हुई।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को लगने वाले शिविरों में आम आदमी शामिल होकर निरोगी काया के लिए अधिक-अधिक से आसनों का प्रशिक्षण प्राप्त करें। इसके लिए जागरूकता सप्ताह चल रहा है। इसी क्रम में गुरुवार एक जागरूकता रैली निकाली गई। जिसे डीएम गौरांग राठी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों सहित एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड के अलावा स्वयंसेवी संस्थाओं के लोग शामिल हुए। कलक्ट्रेट से रवाना हुई रैली शहर के विभिन्न स्थानों से होकर समाप्त हुई। इसमें लोगों को योग की महत्वता के संबंध में जानकारी दी गई। डीएम ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अनमोल देन है जो केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में योग को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है और अब यह एक जन आंदोलन बन चुका है। इस दौरान सीडीओ कृत्रिराज, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एसडीएम आदि अफसर व सरकारी कर्मी मौजूद रहे।



हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते जिलाधिकारी व अन्य। अमृत विचार

### किया गया जागरूक

# दिनदहाड़े लूट में 24 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ, जांच जारी

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

फॉलोअप

**अमृत विचारः** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पॉश इलाके गोपीनाथपुरम में बुधवार को दिनदहाड़े हुई लूट की सनसनीखेज वारदात के 24 घंटे बाद भी पुलिस लुटेरों तक नहीं पहुंच सकी है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि बदमाशों की लोकेशन ट्रेस की जा सके।

बता दें कि बीते बुधवार तीन नकाबपोश बदमाश तमंचा लेकर गोपीनाथ पुरम निवासी कुसुम श्रीवास्तव के घर में घुस आए थे। उस समय घर में कुसुम, उनकी मां मुन्नी देवी व मेट विमला थी। बदमाशों ने कुसुम व विमला की कनपटी पर तमंचा लगाकर धमकाया और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। बदमाशों ने कुसुम व विमला से जेवरात, कुसुम के हाथ की पुखराज की अंगूठी, पुराने चांदी के सिक्के, एक कीपैड मोबाइल व करीब 45 हजार नकद समेत अन्य कीमती सामान लूटकर फरार हो गए। इसकी सूचना पर एसपी दीपक भूकर, एएसपी अखिलेश सिंह व सीओ सिटी सोनम सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और जांच शुरू कराई। एसपी के निर्देश पर पांच टीमें गठित की गईं हैं जो बदमाशों की तलाश में जुटी हैं। हालांकि, घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस किसी भी संदिग्ध को पूछताछ के लिए कोतवाली नहीं बुला सकी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पी के मिश्रा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से लुटेरों की पहचान की कोशिश की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### धूमधाम से मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में राहुल गांधी का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि आज के समय में राहुल गांधी इसलिए प्रासंगिक हैं कि जब इस देश में नफरती वातावरण सृजित कर भाई-भाई को अलग किया जा रहा है तब राहुल गांधी 4 हजार किलोमीटर पैदल यात्रा कर लोगों को जोड़ने का काम कर रहे हैं। शहर अध्यक्ष फैज फारूकी ने कहा कि यह देश अनेकता में एकता का देश है। इस दौरान हनुमत सिंह, कमल तिवारी, जावेद कमाल, शिवम अवस्थी, सुभाष सिंह, अजय गौतम, विनयदीप श्रीवास्तव, युसुफ फारूकी, नसीम खान, पुत्तीलाल वर्मा, रश्मि मोहन अग्निहोत्री, तन्मय श्रीवास्तव, रावेंद्र बहादुर सिंह, मनिकांत रावत, प्रदीप शर्मा, शिव प्रसाद आदि रहे।

### शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने की मांग

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल के नेतृत्व में नवागत डीआईओएस सुनील दत्त से मिला। शिष्टाचार भेंट में जिले के व्यवसायिक शिक्षकों के लंबी अवधि से पड़े विस्तारीकरण के मामले सहित पदोन्नति व चयन वेतनमान के मामले त्वरित निस्तारण करने की मांग रखी। इस दौरान आयकर कटौती संबंधी मामले व सेवानिवृत्ति शिक्षकों के नोशनल इंक्रीमेंट के मामले भी निस्तारण करने की बात कही। इसमें नवागत डीआईओएस सुनील दत्त ने पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनकी प्राथमिकता जिले के शिक्षकों की समस्याओं का यथाशीघ्र निस्तारण कराना होगा। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेशीय मंत्री रमाशंकर मिश्रा (मुन्ना), मंडलीय संयोजक वीरेंद्र विक्रम सिंह, जिलाध्यक्ष हरिहरप्रसाद दीक्षित, जिलामंत्री रामशंकर, कोषाध्यक्ष सत्य नारायण सिंह, आय-व्यय निरीक्षक सूर्यकांत तिवारी, मीडिया प्रभारी रमेश चन्द्र गुप्ता, राकेश गौतम, ज्ञानेंद्र सिंह, निखिल त्रिवेदी, अजय सिंह, रंजीत सिंह, देवस्वरूप त्रिवेदी सहित तीन दर्जन शिक्षक नेता मौजूद थे।

### ट्रांसफार्मर और केबल कार्य से सैकड़ों घरों की बिजली गुल

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गुरुवार को नगर के विभिन्न हिस्सों में विद्युत विभाग द्वारा कराए गए एबीसी केबल डालने और ट्रांसफार्मर स्थापना के कार्यों के चलते सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति दिनभर बाधित रही। तेज गर्मी में बिजली न होने से हजारों उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। विष्णुपुरी मोहल्ले में आए दिन जलती एबीसी केबल की समस्या को देखते हुए विद्युत विभाग ने नई केबल डालने का कार्य दो दिन पूर्व शुरू किया था। गुरुवार को दोपहर 12 बजे 250 केवीए ट्रांसफार्मर की आपूर्ति बंद कर दी गई और केबल डालने का कार्य शुरू किया गया। इस कारण विष्णुपुरी और शारदानगर के करीब 200 घरों में शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसी तरह ब्रह्मनगर में ओवरलोडिंग की समस्या को देखते हुए गुरुवार को 100 केवीए क्षमता का एक नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इस दौरान दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए। वहीं पोनी रोड झंडा चौराहा पर बुधवार शाम ट्रांसफार्मर खराब हो गया, इससे लगभग 300 घरों की सप्लाई बंद रही।

### शीतलाष्टमी पर मंदिरों में उमड़ी महिलाओं की भीड़

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गुरुवार को शीतलाष्टमी पर्व के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ मां शीतला की पूजा-अर्चना की। प्राचीन परंपरा के अनुसार महिलाओं ने व्रत रखकर मंदिरों में बासी भोजन का भोग लगाया और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सुबह से ही राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर, पोनी रोड का शीतला माता मंदिर और अन्य देवी मंदिरों में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। समूहों में पहुंचीं महिलाओं ने पकवानों के साथ मां शीतला को भोग अर्पित किया। दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित विनोद पांडे ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार आषाढ़ माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को शीतला अष्टमी का व्रत रखा जाता है। इस दिन शीतला माता की पूजा करने उत्तम सेहत का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### घर लौट रही महिला से मारपीट, अस्पताल में भर्ती

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के संभर खेड़ा गांव की एक महिला के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। बुधवार शाम को कुछ लोगों ने महिला को रास्ते में रोककर हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संभर खेड़ा निवासी रमेश की पत्नी लक्ष्मी ने बताया कि वह बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे शुक्लागंज से काम निपटाकर घर लौट रही थी। तभी सहजनी अंडरपास मार्ग के पास महिला समेत पांच लोगों ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। हमले में लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने लक्ष्मी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# अब पुलिस कर्मियों को भी मिलेगा अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** पुलिस लाइन परिसर में पुलिस कर्मियों को तनाव मुक्त रखने और उनके मनोरंजन के लिए जिम, कैफे सहित इनडोर बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया है। जिसका लखनऊ रेंज के आईजी ने उद्घाटन किया। आईजी ने ट्रेनिंग के लिए आए नवनियुक्त रिक्रूटों से वार्ता उनके रहने के स्थान व सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ आईजी ने दोस्ती नगर फायर ट्रेनिंग सेंटर का भी निरीक्षण किया।

लखनऊ रेंज के आईजी तरुण गाबा गुरुवार को पुलिस लाइन पहुंचे। यहां उन्होंने एसपी दीपक भूकर के साथ पुलिस लाइन परिसर में नवनिर्मित दो हॉल, जिम, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट व नवीनीकृत कैन्टीन (पुलिस कैफे) का फीता काटकर उद्घाटन किया। आईजी ने आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु पुलिस लाइन में रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर का जायजा लिया। उन्होंने नवचयनित रिक्रूटों से वार्ता कर उन्हें प्रशिक्षण के संबन्ध में ब्रीफ किया एवं प्रशिक्षण को लगन के साथ पूर्ण करने को कहा। आईजी ने प्रशिक्षुओं के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का मूल्यांकन किया, ताकि उन्हें बेहतर प्रशिक्षण वातावरण मिल सके और उनकी शारीरिक एवं मानसिक तैयारियों को उत्तम तरीके से आकार दिया जा सके।

आईजी नेव बैरक की साफ-सफाई, स्नानागार की सुविधाएं, भोजनालय (मैस), भोजन की गुणवत्ता और ग्राउंड पर आयोजित शारीरिक प्रशिक्षण की सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित करने के संबंध में निर्देश दिये। बाद में उन्होंने डीएम गौरांग राठी एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह व दक्षिणी, प्रेमचंद सहित सभी सर्किल के सीओ के क्षेसाथ मीटिंग कर कानून व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान एलएमएस सर्टिफिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के पदाधिकारी द्वारा आईजी की मौजूदगी में लखनऊ की उपस्थिति में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, सेंट्रल पुलिस कैन्टीन, परिवहन शाखा, आर्मरी, ट्रेनिंग, वर्दी स्टोर, बैरेक्स व वेलफेयर स्कीम आदि के क्वालिटी मैनेजमेन्ट सिस्टम स्टैन्डर्ड के अनुरूप पाये जाने पर एसपी को आईएसओ का प्रमाणपत्र भी दिया।


फीता काटकर जिम का उद्घाटन करते आईजी, एसपी व अन्य। अमृत विचार

- आईजी ने किया जिम, कैफे व बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन

## लोको पायलट की सूझबूझ से बची रेलगाड़ी में बैठी सवारियों की जान

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव :** कानपुर से चलकर बालामऊ जाने वाली कानपुर-बालामऊ पैसेंजर ट्रेन गुरुवार को देरी होने के कारण ऊगू हाल्ट पर करीब पांच बजकर 10 मिनट पर पहुंची। जैसे ही ट्रेन ऊगू हाल्ट से आगे बढ़कर जसरा गांव के समीप पहुंची तभी वर्षा के कारण रेलवे लाइन की पटरी धंस गई। ट्रेन के चालक ने रेलवे लाइन धंसी देखकर ट्रेन को रोक दिया। जिससे बाद रेलवे विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी।सूचना पर पहुंचे रेलवे विभाग के कर्मचारियों और यात्रियों ने धंसी हुई पटरी की मरम्मत का कार्य किया गया। इसके बाद ट्रेन पांच बजकर 52 मिनट पर बालामऊ के लिए पटरी से गुजरी। इस बीच ट्रेन करीब 42 मिनट तक जसरा गांव के पास खड़ी रहीं। साथ ही ट्रेन चालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। वहीं कुछ यात्री ट्रेन से उतरकर दूसरे वाहन से गंतव्य के लिए रवाना हुए। अचानक ट्रेन के रुकने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

**लापरवाही** मिश्रा कॉलोनी के नलों में टोटियों के अभाव से हो रही पानी की बर्बादी

# अमृत योजना की टेस्टिंग में बह रहा पानी

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** नगर में अमृत योजना के तहत डाली गई भूमिगत जल पाइप लाइनों की टेस्टिंग के दौरान पानी की भारी बर्बादी हो रही है। मिश्रा कॉलोनी समेत पश्चिमी क्षेत्रों में हो रही इस टेस्टिंग में घर-घर दिये गए जल कनेक्शन की टोटियों के नदारद रहने से खुले पाइपों से पानी बहता रहा।

बुधवार को जल निगम की ओर से मिश्रा कॉलोनी क्षेत्र में दोपहर के समय पाइप लाइन की टेस्टिंग की। टेस्टिंग के लिए हर गली-मोहल्ले में बनाए गए चैंबरों से जल सप्लाई चालू की गई। लेकिन कई घरों में कनेक्शन पाइप की टोटियां न लगे होने के कारण पानी तेजी से बहकर सड़कों पर फैल गया। करीब एक घंटे तक पानी इसी तरह बहता रहा, जिससे सैकड़ों लीटर पानी व्यर्थ बर्बाद हो गया। विभाग की ओर से टेस्टिंग का कार्य इस उद्देश्य से किया जा रहा है कि किसी भी स्थान पर पाइप में लीकेज, क्रैक या अन्य तकनीकी खराबी हो तो उसे समय रहते ठीक किया जा सके। इसके लिए जहां कहीं गड़बड़ी मिल रही है, वहां खोदाई कर मरम्मत कराई जा रही है। स्थानीय लोगों ने इस पानी की बर्बादी पर नाराजगी जताई और कहा कि पहले से ही जल संकट की स्थिति बनी रहती है, ऐसे में इस तरह पानी का बहना चिंता का विषय है।


टोटी न होने से बहता पानी।

### लीकेज पाइप लाइन की मरम्मत, राहगीरों को हुई परेशानी

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर के अंबिकापुरम मोहल्ले में अमृत योजना के तहत डाली गई भूमिगत पाइप लाइन में लीकेज की शिकायत पर गुरुवार को जल निगम ने मरम्मत कार्य कराया। पाइप फटने से लगातार पानी बह रहा था, जिससे मोहल्लेवासियों को असुविधा हो रही थी। जल निगम की ओर से चल रही टेस्टिंग के दौरान लीकेज की जानकारी मिली, जिसके बाद कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बीच चौराहे पर खोदाई कर मरम्मत शुरू की। इस दौरान आवागमन प्रभावित रहा और स्थानीय लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब कुछ घंटों की मेहनत के बाद पाइप लाइन की मरम्मत पूरी की गई और पानी का बहाव रोका गया। जल निगम कर्मियों ने बताया कि अन्य क्षेत्रों में भी टेस्टिंग के दौरान अगर कोई खामी मिलती है तो तत्काल मरम्मत कार्य किया जाएगा।

स्थापित- 2005
शिक्षार्थ आइये......
नं. 1 संस्थान
सेवार्थ जाइये......
सम्बद्ध- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्व विद्यालय, कानपुर
शिव शंकर सिंह शिवराम सिंह
पी.जी. कॉलेज
Admission Open
Admission Open
बिरसिंहपुर- उन्नाव
B.A. सभी विषय
B.Sc. सभी विषय
M.A. हिन्दी अंग्रेजी समाज शिक्षा शास्त्र
M.Sc. जन्तु विज्ञान, गणित भौतिक विज्ञान
B.Ed.
किसी प्रकार की जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र :
प्राचार्य जी 8795183773
रावेन्द्र सिंह 8808496920
जगन सर 9838373095
टी.एन.सर 9956612173

प्रेम चन्द्र सिंह
फिल्म निर्माता एवं प्रबन्धक
चन्द्रशेखर आजाद इण्टरमीडिएट साइंस कालेज, बिरसिंहपुर, उन्नाव
PREM SINGH COLLEGE OF PHARMACY
Murtjza Nagar, Near Dahi Chauki, Unnao

# स्विस बैंकों में भारतीयों का धन हुआ तीन गुना

## ग्राहक खातों में जमा धन में 11 प्रतिशत की वृद्धि, अब 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक हुआ

**नई दिल्ली/ज्यूरिख, एजेंसी**

स्विट्जरलैंड के बैंकों में जमा भारतीयों का धन 2024 में तीन गुना से अधिक होकर 3.5 अरब स्विस फ्रैंक (37,600 करोड़ रुपये) हो गया। स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों में रखे कोष में उछाल के साथ जमा राशि में वृद्धि हुई है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक के सालाना आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

भारतीयों के ग्राहक खातों में जमा धन केवल 11 प्रतिशत बढ़ा और यह 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (3,675 करोड़ रुपये) रहा। यह कुल धन का लगभग दसवां हिस्सा है। इससे पहले, 2023 में भारतीयों और फर्मों द्वारा स्विस बैंकों में जमा धन में 70% की गिरावट की आई थी और यह चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक पर आ गया था। इसमें स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से रखी जमा राशि शामिल है। बीते वर्ष की जमा राशि 2021 के बाद से सबसे अधिक है। उस समय स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पहुंच गई थी। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों से मिले आधिकारिक आंकड़े हैं और स्विट्जरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह राशि भी शामिल नहीं है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखी हो सकती है।

एसएनबी ने 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों के 'बकाया राशि' के रूप में कुल राशि 354.55 करोड़ स्विस फ्रैंक आंकी है। इसमें ग्राहक जमा में 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (2023 के अंत में 31 करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक), अन्य बैंकों के माध्यम से रखे गए 3.02 अरब फ्रैंक (42.7 करोड़ फ्रैंक से अधिक), न्यासों के माध्यम से 4.1 करोड़ स्विस फ्रैंक (एक करोड़ स्विस फ्रैंक से अधिक) तथा बॉन्ड, प्रतिभूतियों और अन्य वित्तीय उत्पादों के रूप में 13.5 करोड स्विस फ्रैंक की राशि शामिल हैं।

एसएनबी के आंकड़ों के अनुसार, 2006 में कुल राशि लगभग 6.5 अरब स्विस फ्रैंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर थी। वर्ष 2011, 2013, 2017, 2020, 2021, 2022 और 2023 समेत कुछ वर्षों को छोड़कर इसमें कमी आई है। एसएनबी के अनुसार, भारतीय ग्राहकों के प्रति स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' के लिए इसके आंकड़ों में स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के सभी प्रकार के कोष को शामिल किया गया है। इसमें व्यक्तियों, बैंकों और उद्यमों की जमा राशि भी शामिल है। इसमें भारत में स्विस बैंकों की शाखाओं के साथ-साथ गैर-जमा देनदारियों के आंकड़े भी शामिल है।



● स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक के सालाना आंकड़ों से मिली जानकारी

### सफाई : स्विस बैंक में रखी भारतीयों की संपत्ति काला धन नहीं

स्विस अधिकारियों ने हमेशा यह कहा है कि स्विट्जरलैंड में भारतीयों की रखी संपत्ति को 'काला धन' नहीं माना जा सकता है और वे कर धोखाधड़ी और चोरी के खिलाफ अपनी लड़ाई में भारत समर्थन करते हैं। स्विट्जरलैंड और भारत के बीच कर मामलों में सूचनाओं का स्वचालित आदान-प्रदान 2018 से लागू है। इस ढांचे के तहत, 2018 से स्विस वित्तीय संस्थानों में खाते रखने वाले सभी भारतीय निवासियों की विस्तृत वित्तीय जानकारी पहली बार सितंबर, 2019 में भारतीय कर अधिकारियों को दी गई थी और इसका अनुपालन हर साल किया जा रहा है। इसके अलावा, स्विट्जरलैंड प्रथम दृष्टया सबूत दिये जाने के बाद वित्तीय गलत कामों में लिप्त होने के संदेह वाले भारतीयों के खाते के बारे में सक्रिय रूप से विवरण साझा कर रहा है। अबतक सैकड़ों मामलों में इस प्रकार सूचनाओं का आदान-प्रदान हुआ है। संस्थानों सहित विदेशी ग्राहकों का कुल कोष 2024 में 977 अरब स्विस फ्रैंक रहा जो 2023 से 983 अरब स्विस फ्रैंक था।

# लिक्विड म्यूचुअल फंड: अल्पकालिक निवेश

लिक्विड म्यूचुअल फंड एक प्रकार का डेट फंड है, जो मु बहुत अल्पकालिक (0 से 91 दिन) सरकारी प्रतिभूतियों बिल्स और कम जोखिम वाले वाणिज्यिक पत्रों में निवेश है। यह उनके लिए उपयुक्त है जो अपने अतिरिक्त पैसे व समय के लिए सुरक्षित और तरल माध्यम में लगाना चाह साथ ही बचत खाते से बेहतर रिटर्न की अपेक्षा रखते हैं। फंड की खासियत ये है कि इसमें पूंजी की सुरक्षा अपेक्ष अधिक होती है और निवेश से तुरंत निकासी की सुविधा है। हालांकि, इसमें गारंटीशुदा रिटर्न नहीं होता और बाज में बदलाव के अनुसार रिटर्न में उतार-चढ़ाव हो सकता



### जोखिम पर दें ध्यान

- **ब्याज दर जोखिम :** अगर बाजार में ब्याज दरें तेजी से बदलती हैं, तो एनएवी (नेट एसेट वैल्यू) में मामूली घट-बढ़ हो सकती है।
- **क्रेडिट रिस्क :** यदि फंड कम गुणवत्ता वाले कर्ज उपकरणों में निवेश करता है और उधारकर्ता डिफॉल्ट कर जाए, तो नुकसान हो सकता है।
- गैर-गारंटीशुदा रिटर्न : बैंक एफडी की तरह यहां कोई निश्चित रिटर्न नहीं होता।

### निवेश से लाभ

- **उच्च तरलता :** लिक्विड फंड्स में पैसा एक दिन में वापस मिल जाता है। कुछ फंड तो इंस्टेंट विदड्रॉल की सुविधा भी देते हैं। बैंक सेविंग अकाउंट की तुलना में लिक्विड फंड अक्सर बेहतर रिटर्न देते हैं (औसतन 4%–6% वार्षिक)।
- **कम जोखिम :** यह अल्पकालिक निवेश साधनों में पैसा लगाते हैं, जिससे इनका जोखिम तुलनात्मक रूप से कम होता है। अधिकतर लिक्विड फंड्स में न तो एंट्री चार्ज होता है और न ही जल्दी निकासी पर पेनल्टी।

### किनके लिए उपयुक्त

जो लोग कुछ दिनों या हफ्तों के लिए पैसा पार्क करना चाहते हैं। जो आकस्मिक खर्चों के लिए तरल और सुरक्षित विकल्प खोज रहे हैं। कंपनियां और संस्थान जो अपने वर्किंग कैपिटल का प्रबंधन करना चाहती हैं।

### सशक्त और संतुलित

लिक्विड फंड्स अल्पकालिक निवेश के लिए सशक्त और संतुलित विकल्प हैं। यदि निवेशक जोखिम को समझकर, गुणवत्ता जांचकर निवेश करें, तो यह साधन लाभकारी साबित हो सकता है।

# स्वच्छ प्रौद्योगिकी इस्पात उद्योग की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि हरित इस्पात के उत्पादन के लिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत है। उन्होंने साथ ही कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। इस्पात मंत्री ने यह टिप्पणी इस्पात क्षेत्र में नवाचार एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने को आयोजित बिगमिंट फ्यूचर स्टील कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए की।

मंत्री ने कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि हरित इस्पात और स्वच्छ प्रौद्योगिकी अब एक विकल्प नहीं बल्कि एक जरूरत है। कुमारस्वामी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा इस्पात उद्योग 2030 तक 30 करोड़ टन क्षमता तक पहुंचने के साहसिक लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम न केवल विस्तार करने बल्कि 2070 तक शुद्ध शून्य लक्ष्य के अनुरूप स्थिरता लाने को भी प्रतिबद्ध हैं। सरकार ने दिसंबर 2024 में हरित इस्पात की परिभाषा पेश की थी और उद्योग से आग्रह किया था कि वे तैयार उत्पादों पर प्रति टन कार्बन उत्सर्जन को 2.2 टन के स्तर से नीचे लाने के लिए कदम उठाएं। वैश्विक स्तर पर कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में इस्पात उद्योग की हिस्सेदारी करीब सात प्रतिशत है। इस्पात के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक भारत के पास, वृद्धि को बनाए रखते हुए उत्सर्जन को कम करने में अग्रणी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी एवं अवसर दोनों हैं।





● केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कार्बन उत्सर्जन कम करने पर दिया जोर

# कुछ कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं के आयात पर अंकुश

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में सोने के अवैध प्रवाह को रोकने के लिए कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं के आयात अंकुश लगाया है। कोलाइडल बहुमूल्य धातुएं तरल रूप में फैले सोने या चांदी के नैनो कणों के विलयन होते हैं।

उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ आयातक थाइलैंड जैसे देशों से आयात के लिए तरल रूप में स्वर्ण कणों का सहारा ले रहे थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा, सीटीएच 2843 श्रेणी में आने वाली वस्तुओं की आयात नीति को 'मुक्त' से संशोधित कर 'अंकुश' किया जाता है। इस श्रेणी में आने वाले उत्पादों में कोलाइडल कीमती धातुएं, कीमती धातुओं के अकार्बनिक या कार्बनिक यौगिक शामिल हैं। वजन के हिसाब से 1% से अधिक सोना-युक्त पैलेडियम, रोडियम और इरीडियम मिश्र धातु के आयात पर पाबंदी लगा दी गई है।

# सकल मुद्रास्फीति में गिरावट अच्छा संकेत : क्रिसिल

**कोलकाता, एजेंसी**

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल लि. ने कहा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित सकल मुद्रास्फीति इस साल मई में घटकर 2.8% पर आ गई। यह अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा संकेत है। क्रिसिल ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट सकल खुदरा मुद्रास्फीति को नीचे ला रही है, लेकिन मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति यानी विनिर्माण क्षेत्र की मुद्रास्फीति बढ़ रही है। हालांकि, यह दशकीय रुख से नीचे है और अब लगातार चार महीनों से चार प्रतिशत से ऊपर है।

कोर यानी मुख्य मुद्रास्फीति में खाद्य और ऊर्जा से संबंधित अधिक अस्थिर मूल्य वाली वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता।



● रेटिंग एजेंसी के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ रही मुद्रास्फीति

क्रिसिल ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि सकल मुद्रास्फीति पर दबाव डाल सकती है। बढ़ती मुख्य मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग को मजबूत होने का संकेत है। लेकिन मुख्य मुद्रास्फीति का गहराई से आकलन करने से पता चलता है कि इसकी हाल में वृद्धि घरेलू कारकों के बजाय वैश्विक आर्थिक अस्थिरता से जुड़ी है। क्रिसिल ने कहा कि सोने की कीमतें घरेलू के बजाय वैश्विक संकेतों पर प्रतिक्रिया करती हैं। हालांकि, सोने की सकल सीपीआई में हिस्सेदारी छोटी (कुल सूचकांक का 1.1%) है, लेकिन इसे मुख्य सीपीआई मुद्रास्फीति में शामिल करने से घरेलू मूल्य संकेत बिगड़ते हैं। भारत के मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने का भारांश अन्य देशों की तुलना में अधिक है। अन्य प्रमुख केंद्रीय बैंक भी मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में सोने को शामिल करते हैं, लेकिन इसका भारांश भारत की तुलना में कम है। उनके मुख्य मुद्रास्फीति माप पर इसका प्रभाव सीमित होता है। भारत में सोने का भारांश संभवतः इसलिए अधिक है क्योंकि अन्य देशों की तुलना में खपत में इसकी हिस्सेदारी अधिक है।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### कर्नाटक में अल्पसंख्यकों के लिए आवासीय आरक्षण बढ़ा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक मंत्रिमंडल ने गुरुवार को विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने कहा, राज्य भर में शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में आवास विभाग द्वारा लागू की जा रही विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है।

#### झारखंड: बारिश के बाद मलबे से निकले दो छात्रों के शव

**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड के खूंटी जिले में भारी बारिश से कुआं ढहने से मिट्टी के नीचे दबे दो छात्रों के शव गुरुवार को बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि रांची जिले में मिट्टी का मकान ढहने से 10 वर्षीय लड़की की भी मौत हो गई। राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश का कहर जारी है। अलग-अलग जिलों में पुल और खाली आवासीय इमारत भी ढह गयी जबकि कई नदियां उफान पर हैं। इन घटनाओं में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

#### कुमारस्वामी के खिलाफ एसआईटी जांच पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को अंतरिम राहत देते हुए रामनगर जिले के केथागनहल्ली गांव में कथित भूमि अतिक्रमण की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच पर अस्थायी रोक लगा दी। राज्य ने कुमारस्वामी पर भूमि कब्जे में संलिप्तता के आरोपों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। जांच की वैधता को चुनौती देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने उच्च न्यायालय का रुख किया था।

# सामाजिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति में अहम

## सीजेआई गवई बोले- असमानताओं पर ध्यान दिए बिना लोकतांत्रिक राष्ट्र होने का दावा बेमानी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा है कि समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने को सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है।

देश में सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिकाः भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब विषय पर समारोह में सीजेआई ने कहा कि न्याय एक अमूर्त आदर्श नहीं है और इसे सामाजिक संरचनाओं, अवसरों के वितरण और लोगों के रहने की स्थितियों में जड़ें जमानी चाहिए। उन्होंने कहा, समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली संरचनात्मक असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। दूसरे शब्दों में, दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास प्राप्त करने के लिए सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है। सीजेआई ने कहा कि यह केवल पुनर्वितरण या कल्याण का मामला नहीं है, बल्कि यह हर व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने, उसकी पूरी मानवीय क्षमता का एहसास कराने और देश के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक जीवन में समान रूप से भाग लेने में सक्षम बनाने के बारे में भी है।



● सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिका पर आयोजित समारोह को किया संबोधित

### संविधान की यात्रा महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा, इस प्रकार, किसी भी देश के लिए, सामाजिक-आर्थिक न्याय राष्ट्रीय प्रगति का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह सुनिश्चित करता है कि विकास समावेशी हो, अवसरों का समान वितरण हो और सभी व्यक्ति, चाहे उनकी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ रह सकें। इस विषय पर भाषण देने के लिए आमंत्रित करने पर चैंबर ऑफ इंटरनेशनल लॉयर्स को धन्यवाद देते हुए, न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में 75 वर्षों में संविधान की यात्रा महान महत्वाकांक्षा और महत्वपूर्ण सफलताओं की कहानी है। उन्होंने कहा, भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि भारतीय संविधान के निर्माता इसके प्रावधानों का मसौदा तैयार करते समय सामाजिक-आर्थिक न्याय की अनिवार्यता के प्रति गहनता से सचेत थे।

# अमरनाथ तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को अमरनाथ की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को उच्च स्तर की सुरक्षा दिए जाने का आश्वासन दिया। दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग जिले के मट्टन में मार्तण्ड सूर्य मंदिर के दर्शन के बाद शेखावत ने तीर्थयात्रियों से घाटी के पर्यावरण और प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित करने की भी अपील की।

शेखावत ने कहा, लोगों को अमरनाथ यात्रा के लिए आना चाहिए। अमरनाथ यात्रा सुरक्षित है, केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और आपको एक खरोंच तक नहीं आएगी। अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त को समाप्त होगी। शेखावत ने नजदीकी पर्यटन स्थल पहलगाम का भी दौरा किया, जहां 22 अप्रैल को आतंकियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय खच्चर सेवा प्रदाता की हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा कि कश्मीर सुरक्षित है और पर्यटकों को न केवल घाटी की प्राकृतिक सुंदरता बल्कि उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत देखने के लिए भी कश्मीर आना चाहिए। घाटी में प्रसिद्ध स्मारकों के संरक्षण पर शेखावत ने कहा कि कुछ जीर्णोद्धार कार्य किए गए हैं, लेकिन और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने 'एक्स' पर भी पोस्ट किया। शेखावत ने कहा कि उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ वहां पर्यटक सुविधाओं और रखरखाव के प्रयासों की समीक्षा की।



- केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत ने पहलगाम का किया दौरा
- एएसआई के साथ सुविधाओं व रखरखाव की समीक्षा की

# एअर इंडिया ने मंगलुरु और दुबई के बीच एक दैनिक उड़ान की निलंबित

**मंगलुरु, एजेंसी**

एअर इंडिया एक्सप्रेस ने परिचालन कारणों का हवाला देते हुए 17 से 30 जून तक मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दुबई के लिए अपनी दो दैनिक उड़ानों में से एक को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के इस निर्णय के कारण मंगलुरु-दुबई सेक्टर पर साप्ताहिक उड़ानों की संख्या 18 से घटकर 11 रह गई है। हालांकि इंडिगो ने दुबई के लिए अपनी चार साप्ताहिक उड़ानों में बदलाव नहीं किया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, उड़ानों में यह कटौती पश्चिम एशिया संकट के कारण इज़राइल, ईरान, इराक और जॉर्डन के ऊपर अनेक इलाकों में हवाई क्षेत्र बंद होने से हुई है। इससे यूरोप, एशिया और पश्चिम एशिया के बीच विमान संचालन पर काफी असर पड़ा है।

### लेह जाने वाला इंडिगो का विमान तकनीकी समस्या से दिल्ली लौटा

**नई दिल्ली।** लेह जाने वाला इंडिगो का विमान गुरुवार सुबह तकनीकी समस्या से दिल्ली लौट आया। उड़ान पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटराडार24. कॉम के अनुसार, दिल्ली से लेह जाने वाली उड़ान का परिचालन करने वाला विमान दो घंटे से अधिक समय तक आसमान में रहने के बाद लौट आया।

# कांग्रेस के कुछ नेताओं से मेरी राय अलग है : शशि थरूर

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य शशि थरूर ने गुरुवार को कहा कि पार्टी नेतृत्व में कुछ नेताओं से उनके मतभेद हैं, लेकिन नीलांबुर निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव के मद्देनजर वह इस बारे में बात नहीं करेंगे। थरूर ने कहा कि कांग्रेस, उसके मूल्य और उसके कार्यकर्ता उन्हें बहुत प्रिय हैं। उन्होंने 16 वर्ष तक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है और वह उन्हें अपना मित्र एवं भाई मानते हैं। थरूर ने कहा, कांग्रेस नेतृत्व में कुछ लोगों से मेरी राय अलग है। आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं, क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक हैं और आपने (मीडिया ने) इस बारे में खबरें दी हैं। थरूर ने संकेत दिया कि वह उपचुनाव के नतीजों के बाद उन मतभेदों के बारे में बात कर सकते हैं।



### आफत की बारिश



महाराष्ट्र में हो रहे भारी बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। सड़कों पर जलभराव होने से यातायात प्रभावित है। वहीं, भारी बारिश के कारण गोदावरी नदी का तट बाढ़ की चपेट में आ गया है। एजेंसी

# ठग लाइफ फिल्म का विरोध करने वालों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सरकार को अभिनेता से नेता बने कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन को लेकर धमकी देने अथवा हिंसा का रास्ता चुनने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अभिनेता की कन्नड़ भाषा पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद एक समूह की ओर से धमकियां दी गई थीं कि फिल्म का प्रदर्शन नहीं होने दिया जाएगा।

न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने बेंगलुरु निवासी एम महेश रेड्डी और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को यह निर्देश दिया। पीठ ने कर्नाटक सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि 'ठग लाइफ' के राज्य में प्रदर्शन पर अगर कोई व्यक्ति अथवा संगठन हिंसा का रास्ता अपनाता है अथवा किसी प्रकार की धमकी देता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए।

पीठ ने राज्य सरकार के वकील डी एल चिदानंद का यह बयान दर्ज किया कि वह सभी हितधारकों को सुरक्षा प्रदान करेगी, जिससे कर्नाटक में फिल्म की रिलीज का रास्ता साफ होगा। पीठ ने कर्नाटक सरकार के हलफनामे पर गौर करने के बाद कहा, राज्य ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसने फिल्म पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है और अगर फिल्म प्रदर्शित होती है तो राज्य सरकार पूरी सुरक्षा प्रदान करेगी।सुनवाई के दौरान अधिवक्ता चिदानंद ने कहा कि फिल्म के प्रदर्शन को लेकर विवाद कन्नड़ फिल्म उद्योग की शीर्ष संस्था कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) और फिल्म निर्माताओं के बीच है।



● हसन की कन्नड़ भाषा पर की टिप्पणी के बाद मिली थीं धमकियां

### एडीजीपी के खिलाफ जांच ट्रांसफर करने के बारे में बताए तमिलनाडु सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार से इस बारे में उसे अवगत कराने को कहा कि अपहरण के मामले में एडीजीपी एचएम जयराम के खिलाफ जांच विशेष शाखा या सीआईडी को स्थानांतरित की जा सकती है या नहीं। इससे पहले तमिलनाडु सरकार ने कहा था कि वह चाहती है कि मामले में जांच पूरी होने तक एडीजीपी का निलंबन जारी रहे। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और मनमोहन की पीठ को तमिलनाडु सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने बताया कि अवर पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) जयराम का निलंबन अपहरण मामले में हाईकोर्ट के 16 जून के आदेश के अनुरूप नहीं है और उनके खिलाफ अन्य आरोप भी हैं। दवे ने कहा कि नियमों के तहत ही जयराम को उनके खिलाफ आपराधिक मामले में जांच लंबित रहने तक निलंबित रखा जा सकता है। दवे से पीठ ने कहा कि वह हाईकोर्ट के जज के समक्ष लंबित मामले को अन्य जज को स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है।

# मुंबई हवाई अड्डे से 25 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 24.66 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त किया गया है और दो यात्रियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह मादक पदार्थ थाईलैंड से तस्करी कर भारत लाया गया था। गिरफ्तार लोगों में वह व्यक्ति भी है, जो मादक पदार्थ की इस खेप को लेने आया था और हवाई अड्डे के बाहर इंतजार कर रहा था। अधिकारियों ने बैंकाक से आए दो यात्रियों को रोका और तलाशी में मादक पदार्थ बरामद किया है।

# सोनम व उसके प्रेमी के परिचितों और टैक्सी चालक से पूछताछ

**इंदौर (मप्र), एजेंसी**

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

राजा हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने के लिए इंदौर आई मेघालय पुलिस ने गुरुवार को दो मुख्य आरोपियों- सोनम और उसके प्रेमी राज कुशवाह के परिचितों के साथ ही एक टैक्सी चालक से पूछताछ की। चश्मदीदों ने बताया कि सोनम के भाई गोविंद गुरुवार को स्थानीय पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के उस दफ्तर के बाहर नजर आए जहां लोगों से पूछताछ की गई।

इससे पहले बुधवार को मेघालय पुलिस की जांच के दौरान गोविंद कई स्थानों पर दिखाई दिए थे। गोविंद ने कहा कि उन्हें दफ्तर में बुलाया गया था, लेकिन उनसे कोई पूछताछ नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इस दफ्तर में उनके पारिवारिक कारोबार के कुछ कर्मचारियों और कुशवाह से जुड़े लोगों से पूछताछ की गई। सोनम का परिवार सनमाइका शीट का कारोबार करता है। वह अपने पति राजा रघुवंशी के हत्याकांड में गिरफ्तारी से पहले तक मायके के कारोबारी प्रतिष्ठान का काम-काज संभाल रही थी।

# भारतीय टीम के नये दौर की शुरुआत

## शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय युवा टीम इंग्लैंड के सामने पेश करेगी कड़ी चुनौती



शुभमन गिल।

लीड्स, एजेंसी

नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नये चेहरे। अगले 45 दिनों में ये सब एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। बहुप्रतीक्षित इंतजार का रोमांच शुक्रवार से शुरू हो जाएगा, जब भारत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है। पच्चीस वर्षीय गिल के लिए यह श्रृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है। भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स (शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस हो सकता है) और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी। टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है।

भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है। कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता। कोहली और रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति मुख्य कोच गौतम गंभीर का अभी तक कोच के रूप में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है और वह इसे और खराब नहीं करना चाहेंगे। इस सीरीज में गंभीर के रणनीतिक कौशल की असली परीक्षा भी होगी। अभ्यास के दौरान स्लिप कॉर्डन की संरचना को देखते हुए करुण नायर की वापसी तय लगती है, जहां उन्हें पहली स्लिप में तैनात किया गया था, लेकिन एक और बल्लेबाजी स्थान है जिसको लेकर टीम प्रबंधन को काफी विचार विमर्श करना होगा। क्या गंभीर एक अतिरिक्त बल्लेबाज़ को खिलाएंगे और प्रतिभाशाली बी साई सुदर्शन को अपना पहला टेस्ट खेलने का मौका देंगे या फिर वह एक अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज़ की कमी की भरपाई के लिए नीतीश रेड्डी और शार्दुल ठाकुर जैसे ऑलराउंडर को खिलाएंगे। स्पिन विभाग में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा में से किसी एक को खिलाने को लेकर टीम प्रबंधन का फैसला काफी दिलचस्प होगा। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में सफल हो सकते हैं।

### टीम

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**इंग्लैंड (अंतिम एकादश) :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**45** दिन तक चलेगी पांच टेस्ट मैचों की शृंखला

**03** बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीच चुका भारत

**29** डिग्री सेल्सियस तापमान में होगा मुकाबला



बेन स्टोक्स

# टेस्ट सीरीज जीतना बड़ी उपलब्धि होगी : गिल

लीड्स, एजेंसी

भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट शृंखला जीतना आईपीएल खिताब जीतने से बड़ी उपलब्धि है।

विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन जैसे धुरंधरों के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद 25 बरस के गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत की कप्तानी करेंगे। यह पूछे जाने पर कि इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला जीतने और आईपीएल खिताब में से वह किसे ऊपर रखेंगे, उन्होंने कहा निश्चित तौर पर टेस्ट श्रृंखला में जीत को। उन्होंने कहा आपको बतौर कप्तान इंग्लैंड दौरे के ज्यादा मौके नहीं मिलते। अगर आप अपनी पीढी में सर्वश्रेष्ठ में से हैं तो शायद दो दौरे या तीन। गिल ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा आईपीएल हर साल होता है और हर साल मौका मिलता है । मेरे ख्याल से इंग्लैंड , आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में जीत बड़ी है। इंग्लैंड में लाल गेंद से खेलने का भले ही गिल को अनुभव नहीं है लेकिन वह चुनौती से विचलित भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कई लोग कहते हैं कि आपकी टीम के पास उतना अनुभव नहीं है लेकिन अच्छी बात यह है कि हम पर अपेक्षाओं का उतना बोझ नहीं होगा क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी इंग्लैंड में खेले नहीं है। इससे काफी फर्क पड़ेगा।

# एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का शृंखला से पहले अनावरण

लीड्स, एजेंसी

- ये पटौदी ट्रॉफी और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी की जगह लेगी
- ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी पर विमान हादसे को बाद टल गई

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन ने बृहस्पतिवार को भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की शृंखला के पहले मैच से पहले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का औपचारिक रूप से अनावरण किया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मिलकर दोनों देशों के बीच होने वाली शृंखला का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी रखा है।

इससे अब यह भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के लिए पटौदी ट्रॉफी (इंग्लैंड में शृंखला के लिए) और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी (भारत में शृंखला के लिए) की जगह लेगी। यह ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी लेकिन अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के कारण इसकी तारीख आगे खिसका दी गई। पटौदी परिवार के प्रति सम्मान को बरकरार रखते हुए भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के विजेता कप्तान को नए पटौदी पदक से सम्मानित किया जाएगा। ट्रॉफी में एंडरसन और तेंदुलकर की 'एक्शन' की छवि है और साथ ही उनके उभरे हुए हस्ताक्षर भी हैं। महान बल्लेबाज तेंदुलकर ने एक दशक से भी अधिक समय पहले अपने 200वें टेस्ट के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, वहीं एंडरसन ने अपना 188वां और आखिरी टेस्ट 2024 में खेला था।



इंग्लैंड के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाते सचिन तेंदुलकर और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन। ● एजेंसी

### अपने फैसलों पर फोकस रखें शुभमन : तेंदुलकर

**नई दिल्ली :** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में बदलाव के कठिन दौर में टीम की कमान संभालने जा रहे शुभमन गिल को उचित समय और सहयोग दिया जाना चाहिए। उन्होंने नये कप्तान को सलाह दी कि ड्रेसिंग रूम से बाहर की टिप्पणियों पर सोचे बिना वह अपनी रणनीति पर फोकस रखें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट से पूर्व पीटीआई को दिये इंटरव्यू में तेंदुलकर ने कहा मुझे लगता है कि उसे (गिल को) समय देना होगा।

# भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार : स्टोक्स

**लीड्स :** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन की गैर मौजूदगी से भारतीय टीम कमजोर हुई है। क्योंकि उसके पास इस कमी को पूरा करने के लिए प्रतिभा का भंडार है।

स्टोक्स ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा काफी कुछ कहा जा रहा है कि विराट नहीं है, रोहित नहीं है और अश्विन नहीं है लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि भारत के खिलाफ यह पहले से आसान मुकाबला होगा। भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार है। उन्होंने कहा विराट, रोहित और अश्विन ने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ियों के सामने बल्लेबाजी या गेंदबाजी करना आसान होगा।

स्टोक्स ने कहा ये तीनों बहुत बड़े नाम हैं जिन्होंने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन इनके नहीं होने से चुनौती आसान नहीं होगी।

## एक नजर

### सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर पेगुला को हराया

**बर्लिन :** लियुडमिला सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर बुधवार को यहां तीसरी रैंकिंग की जेसिका पेगुला को 6-7 (8), 7-5, 7-6 (5) से हराकर बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी सैमसोनोवा ने इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में तीन घंटे 21 मिनट तक चले मैच में गत विजेता के खिलाफ 18 ऐस लगाए। इससे पहले मंगलवार को नाओमी ओसाका को तीन सेटों में हराने वाली सैमसोनोवा ने पेगुला के खिलाफ निर्णायक सेट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस पर दो मैच प्वाइंट बचाए। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का क्वालीफायर रेबेका मासरोवा के खिलाफ मैच बीच में स्थगित कर दिया गया क्योंकि कोर्ट फिसलन भरा हो गया था।

### विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने कहा, सितंबर में संन्यास लूंगी

**लंदन :** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनकी योजना कुछ महीनों के अंदर संन्यास लेने की है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी को 30 जून से शुरू होने वाले विम्बलडन के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया था। क्वितोवा ने कहा, ''मैं एक बार फिर विम्बलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं। मैं अपना करियर न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन में खेलकर खत्म करने की इच्छा रखती हूं।

### ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप में तपस्वी ने जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत :** हरियाणा के सोनीपत के कुंडली में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरीज अंडर-14 में लिटल एंजल्स लॉन टेनिस एकेडमी के खिलाड़ी तपस्वी ने प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली के खिलाड़ी वेदांत को 6-4, 7-5 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तपस्वी ने इस जीत के साथ ना केवल अपनी एकेडमी बल्कि राज्य का नाम भी रौशन किया। प्रतियोगिता में लगभग 85 खिलाड़ियों ने भाग लिया। तपस्वी जूनियर स्तर पर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगा।

# नायर की वापसी से राहुल उत्साहित

लीड्स, एजेंसी

- उम्मीद जताई कि लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे
- नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और करीबी दोस्त हैं

सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल शुक्रवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में करुण नायर की भारतीय टेस्ट टीम में वापसी से काफी उत्साहित हैं।

उनको उम्मीद है कि वह अपने इस करीबी दोस्त के साथ लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे। नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और बचपन से ही एक साथ आयु वर्ग की क्रिकेट खेलते आए हैं और दोनों करीबी दोस्त हैं। राहुल जहां भारतीय टीम का अभिन्न अंग रहे हैं वही नायर को टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने के बावजूद आठ साल तक टीम से बाहर रखा गया।

राहुल ने आईपीएल की अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स की मीडिया टीम से कहा हमने 11 साल की उम्र में एक साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया था और तब से हम इस सफर पर हैं। हम दोनों के जीवन में उतार-चढ़ाव आए। उसे मौका मिला, उसने तिहरा शतक बनाया और इसके बाद कई कारणों से उसे मुश्किल समय का सामना करना पड़ा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में नायर के शानदार प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा लेकिन उसने पिछले दो-तीन वर्षों में जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह उल्लेखनीय है। उसने काफी मुश्किलों का सामना किया और भारतीय टीम में वापसी करने में सफल रहा। मुझे उम्मीद है कि हम दोनों लंबे समय तक भारतीय टीम की तरफ से खेलेंगे। राहुल ने फिर से कहा कि सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी बहुत खलेगी।

# जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे 640 मुक्केबाज

**नई दिल्ली :** देशभर से 640 मुक्केबाज गुरुवार से रोहतक में शुरू हो रही छठी जूनियर (अंडर-17) लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

जूनियर लड़के और लड़कियों की प्रतियोगिताओं में 44-46 किलोग्राम से लेकर 80 किलोग्राम से अधिक तक कुल 13 वजन वर्ग होंगे। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड लड़कों के वर्ग में, जबकि हरियाणा लड़कियों के वर्ग में गत विजेता के रूप में उतरेगा।

# धूम मचाने के लिए तैयार हैं शुभमन : गैरी कर्स्टन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने भारतीय टीम के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का समर्थन करते हुए कहा है कि वह शुक्रवार से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाने के लिए तैयार हैं।

गिल की कप्तानी वाली आईपीएल टीम गुजरात टाइटन्स के मेंटोर रहे कर्स्टन का मानना है कि 25 वर्षीय गिल में अच्छे नेतृत्वकर्ता बनने के सभी गुण मौजूद हैं। कर्स्टन ने जियो हॉटस्टार से कहा मुझे लगता है कि शुभमन एक बेहतरीन कप्तान साबित होंगे। वह एक स्मार्ट क्रिकेटर हैं। उनके पास खेल के लिए अच्छा दिमाग है और वह अपने खेल को समझते हैं। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं और एक अच्छे इंसान हैं, जो मुझे लगता है कि बहुत महत्वपूर्ण है।

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा शुभमन के बारे में मुझे जो एक बात सबसे ज़्यादा पसंद है, वह यह है कि वह जो कहते हैं, वही करते हैं। वह बहुत मेहनती हैं और यह बात दूसरे खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन उदाहरण है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा गिल को अभी टेस्ट क्रिकेट में अपनी जगह मजबूत करनी होगी।

# बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए एमबाप्पे, ड्रा रहा मुकाबला

मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी

स्टार फारवर्ड किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए। जिससे रियाल मैड्रिड क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाया और उसे सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के खिलाफ अपना पहला मैच 1–1 से ड्रॉ खेलना पड़ा।



रियाल मैड्रिड के कोच ज़ाबी अलोंसो ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अल हिलाल के खिलाफ़ मैच से पहले कहा एमबाप्पे को बुखार है। वह अच्छा महसूस नहीं कर रहा है। उम्मीद है कि वह अगले मैच में वापसी करेगा। रियाल मैड्रिड के पास मैच के आखिरी समय में जीत हासिल करने का सुनहरा मौका था जब उसे वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए इंजरी टाइम में पेनल्टी किक मिली थी लेकिन फेडरिको वाल्वरडे उसे गोल में नहीं बदल पाए। इस तरह से 15 बार के यूरोपीय चैंपियन के कोच के रूप में अपने पहले मैच में अलोंसो जीत से शुरुआत नहीं कर पाए। इससे पहले गोंजालो गार्सिया ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड के लिए गोल किया। इसके सात मिनट बाद रूबेन नेवेस ने पेनल्टी किक पर अल हिलाल के लिए बराबरी का गोल किया। प्रतियोगिता के वाशिंगटन में खेले गए एक अन्य मैच में रैंडल कोलो मुआनी और फ्रांसिस्को कोन्सीसाओ के दो-दो गोल की मदद से युवेंटस ने अल ऐन को 5-0 से हराया। इटली के क्लब युवेंटस के लिए कोलो मुआनी ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। इसके 10 मिनट बाद कोन्सीसाओ ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर गेंद को ड्रिबल किया।

# जूनियर तीरंदाजों का अच्छा प्रदर्शन जारी

सिंगापुर, एजेंसी

भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए गुरुवार को यहां एशिया कप के दूसरे चरण में तीन स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त बांग्लादेश को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त जापान से होगा। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार की तिकड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए पहला सेट 55-48 से जीता। दूसरा सेट 55-55 से बराबर रहा, लेकिन भारतीय टीम ने अच्छी वापसी की और तीसरे सेट में सिर्फ एक अंक गंवाकर 59-56 से सेट और मैच अपने नाम कर दिया।



भारतीय जूनियर महिला तीरंदाज टीम। ● एजेंसी

वैष्णवी पवार, कीर्ति और तमन्ना की भारतीय महिला रिकर्व टीम को हालांकि निराशा हाथ लगी। भारत की पांचवीं वरीयता प्राप्त टीम पांच सेट तक चले क्वार्टर फाइनल के इस मुकाबले में शूट-ऑफ में चौथी वरीयता प्राप्त जापान से 4-5 (26-28) से हार गईं। भारतीय टीम ने पहला सेट 47-49 से गंवा दिया और दूसरे सेट में जापान के 55 अंकों के मुकाबले केवल 34 अंक ही हासिल कर सकी। भारतीय खिलाड़ियों ने हालांकि शानदार वापसी की तथा तीसरा सेट 55-53 से और चौथा सेट 54-52 से जीतकर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। शूट-ऑफ में जापान सिर्फ दो अंकों से आगे रहा।

भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा

### एशिया कप

के फाइनल में पहुंचने से एक और पदक पक्का किया। कुशल दलाल, गणेश थिरुमुरु और मिहिर अपार की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया को हराया। इसका फैसला शूट-ऑफ (30-29) से हुआ। दोनों टीमें चार सेटों के बाद 232 अंकों पर बराबर थीं। फाइनल में भारत का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा। शानमुखी बुड्डे, तेजल साल्वे और तनिष्का थोकल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने भी सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 230-229 से हराकर पदक पक्का किया। फाइनल में उसका मुकाबला मलेशिया से होगा।

